MISCELLANEOUS

COLLECTED WORKS OF
G. B. K. HOOJA
VICE CHANCELOR

GURUKUL KANGRI VISPWAVIEYLAYA
HARDWAR

3

साप्ताहिक ... मुख पत्र

...प–७४२५०

...३५ दयानन्दाब्द १५५

कलह और वादविवाद

—कविराज बनवारीलाल शादां वैद्य मानिकपुरा नई दिल्ली

दुनियां में इस वक्त आपसी कलह जोरों पर है, एक देश कोई अच्छा काम करता है तो भी दूसरा उसे चुनौती समझता है। एक अगर कोई अच्छे समझौते की बात करता है तो दूसरा समझता है इसमें कोई चाल है।

इसका कारण और चाहे जो कुछ हो, एक बड़ा कारण यह है कि दुनियां के नेता बोलते बहुत ज्यादा हैं।

अगर दिल में किसी के लिये बुरा ख्याल आवे और हम उसे जाहिर न करें तो वह आगे ज़हर नहीं फैलाता और दबकर वहीं मर जाता है। इस बारे में भाषण करने से यह विष चारों तरफ फैलता जाता है।

यही कारण है कि प्राचीनकाल में भारत में मौन पर जोर दिया जाता था। क्योंकि यह एक जबरदस्त इन्द्रिय (जबान) पर काबू पाने का उपाय था। बरखिलाफ उसके अब ज्यादा बोलना सिखाया जाता है। प्राचीन नीतिकारों ने इस बारे में कैसा सुन्दर श्लोक कहा है—

पठतो नास्ति मूर्खत्वं, जपतो नास्ति पातकम्।
मौनिनः कलहो नास्ति, न भयं चास्ति जाग्रतः॥

अर्थात् जो अध्ययन करने का आदी है वह मूर्ख नहीं रह सकता, जो ईश्वरभजन करने वाला है उसे पाप नहीं छू सकता, जो चुप्पी साधना जानता है उसका किसी से झगड़ा नहीं हो सकता और जो जागता रहता है यानी हर वक्त सावधान रहता है उसके लिये डर पैदा नहीं हो सकता।"

अच्छा वातावरण बनाने के लिये हमें सोचना पड़ेगा। हम तभी सोच सकते हैं जब मौन होकर अपनी अच्छाइयों और बुराइयों का ध्यान करें। तभी तो हम कलह और वादविवाद से बचकर अपना उत्थान कर सकते हैं।

उत्तर दिया कि डिपार्टमैंट ... अदम हुसैन की पुशत पनाही पर भरोसा थे। 56 प्रतिशत और 66 प्रतिशन

. एल. पंजाब की तीन डिग्रियों के ी। यद्यपि उनके ऊपर अपनी और ...ल हो रहा था। लेकिन इसी धुन ...ation है Rehablitate है। ...मांदा जि ना था और तहसील सघड़ ...रीब तर तहसील थी। शिक्षा ने ...स्कूल के स्तर तक स्कूल को चलाना ...म होगा। (बाकी फिर)

...ा में ✝

...ाले लड़कों को इकट्ठा कर के एक ...ों और उनमें जितने लड़के असहाय ...रहने सहने, खाने पीने व किताबों ...ा चुनाव करें तो इस प्रकार से जो ...से वह पढ़ाई कर सकेंगे। उनका

...देकर दान

...।

...ी वेद व्यास साहब एडवोकेट का ...लोक चन्द भल्ला ने की। जनवरी ...8 को श्री लाल चन्द जी सभरवाल साहब एडवोकेट जालन्धर का व्याख्यान शराब ... कानून ... जावे ? पर हुआ। जिसकी प्रधानता श्री हरचरण सिंह साहिब गिल Retd. P.C. S. जालन्धर ने की।

○——○

स्वर्गवासी राय साहिब रंजीत राय नारंग रजिस्टरार पंजाब एंड हरियाणा हाई-कोर्ट चण्डगढ़, इस महानात्मा का जीवन चरित्र उचित समय पर पाठकों के सामने रखा जावेगा। सरकार के अधिकारियों का इकतदार का नशा इन्सान को इन्सान नहीं रहने देता। परन्तु नारंग साहब इतने बड़े अधिकारी होते हुए भी बहुत नम्र थे। समस्याओं का समाधान करना और फरियाद की ओर ध्यान देना इतना धार्मिक था। जिसका उदाहरण मिलना कठिन है। वह नेकी के एक नमूना थे। इस नेक आत्मा के चरणों में श्रद्धांजली भेंट की जाती है।

○——○

19 मार्च इतवार 4—30 बजे शाम सरदार उजागर सिंह एडवोकेट साहब का लैक्चर होगा।

...कार के तपस्या से शरीर दिल फौलाद की तरह सख्त बन ...पर यह परमात्मा की दया से प्राप्त होती है स्व० चमूपति जी इस तरह प्रकट किये हैं। ...रे अन्नमय कोष को शारीरिक ...णमय कोष को प्राणायाम से, ...कोष को मानसिक तप से ...फिर आनन्द कोष तो है ही ...। जिन का वह कोष खुल ...तो सोम रस के स्रोत में ही ...जो पकता है, वह प्रभु के परिष्कृत ...न करता है।

(सोम सरोवर पृष्ठ २२८

...प्रकार तपस्वी जीवन ही अमृत ...न करता हुआ। मोक्ष की ...ा ही चला जाता है, मुड़ता

—यज्ञमित्र

...वश्यकता है

...तिनिधि सभा पंजाब को आर्य ...देशक, भजनोपदेशकों की आव...कता है। कर्मठ कार्यकर्त्ता, सदा...ी वैदिक सिद्धान्तों से परिचित ...ब प्रान्त में ही रहकर वैदिक ...के प्रचार कार्य करने के ...क व्यक्ति आवेदन कर सकते ...गुरुकुलीय स्नातक, अनुभवी ...क्त को वरीयता दी जाएगी। ...योग्यतानुसार। आवेदन ...।

...रामचन्द्र जावेद सभा मन्त्री
...र्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब
जालन्धर-४

...र सोने के सिक्का रखने वाला ...ो खा नहीं सकता। क्योंकि ...उस सोने को न पचाने की ...मर्थ्य है न उसकी एवज में कुछ ...रने की कोशिश ही करता है। ...में प्रयत्न करने की शक्ति ...हीं है क्योंकि भोग-विलास ने ...शरीर के नस-नस को खोखला ...ा है। बच्चा जब जन्म लेकर ...पर चलने की कोशिश करता है ...से भोग्य सामग्री घेर लेते हैं। एवं ...यह एहसास नहीं होता कि ...ो किस प्रकार झेला जाए। जब ...ट को झेलना ही पुरुषार्थ है।

का कार्य करता है।

वाणी की पवित्रता, संयम ही आत्म चिन्तन का सहायक है। वाणी मधुयुक्त वाणी हो। मधुयुक्त वाणी ही सुनने का प्रयत्न करें। यही वाणी का तप है। दूसरा तप कर्म है। कर्म करने के लिये मनुष्य यहां आया है। कर्म की स्वतन्त्रता प्राप्त करके वह भटक गया। इस झमेले से दूर हटना चाहिए। इसके लिये अच्छे कर्म ही करना एक उपाय है। पर इस कर्म के लिये भी तप की आवश्यकता है। कर्म तप को गीता में निष्काम कर्म रूप में प्रस्तुत किया है। स्वार्थ रहित कर्म

इन चारों का कदापि नहीं हो सकता।

आर्य मर्यादा के पाठकों के लिए शुभ अवसर

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब आर्य मर्यादा के पाठकों को कुछ आर्थिक लाभ उठाने का शुभ अवसर प्रदान करने का निश्चय कर रही है। उसके निश्चयानुसार जो पाठक या संस्थायें कम से कम ६ ग्राहक एक साथ बनायेंगें उन्हें वार्षिक शुल्क में ५० प्रतिशत की कटौती तथा जो १२ ग्राहक एक साथ बनायेंगें उन्हें शत प्रतिशत (केवल एक वर्ष के लिये) की कटौती दी जायेगी। विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क करें या पत्र लिखें।

व्यवस्थापक, आर्यप्रतिनिधिसभा पंजाब जालन्धर

कृण्वन्तो विश्वमार्य

सन्देश

साप्ताहिक

नई दिल्ली

रोड, नई दिल्ली-१ दूरभाष : ३१०

३५ रविवार, ९ जुलाई १९७८ दयानन्दाब्द १

प्रेरक प्रसंग

"हमारे भी मुर्शिद हो"

सन् १९४२ की बात है। श्री स्वामी वेदानन्द तीर्थ उन दिनों भाटीगेट लाहोर के बाहर, लोयर माल रोड पर स्थित, एक ऐसे मकान में जिसका मालिक एक मुसलमान व्यक्ति था, दूसरी मंज़िल पर कमरा किराये पर लेकर रहा करते थे। इसी मकान में नीचे की मंजिल में मकान-मालिक भी सपरि-

3

कृण्वन्तो विश्वमार्यम् साप्ताहिक ... का मुखपत्र

और मियां फजल हुसैन तक जब यह शोर पहुंचा तो उन्होंने तसल्ली से उत्तर दिया कि डिपार्टमैंट की अदम तवज्जा से स्वयं यह हाई स्कूल समाप्त हो जावेगा। उनको मियां फज़ल हुसैन की पुशत पनाही पर भरोसा था। उन दिनों मिनिस्टरी से मुसलिम अक्सरीयत के फारमूले निकल रहे थे। 56 प्रतिशत और 66 प्रतिशन का फारमूला उस समय की मुसलिम जरबात की एक यादगार है।

प्रोफैसर गोवर्धन साहिब शिक्षा के लिहाज से एम.ए., एम. ओ. एल. पंजाब की तीन डिग्रियों के डिग्री होल्डर थे। 1882 पैदायश के लिहाज से उनकी आयु 38 वर्ष की थी। यद्यपि उनके ऊपर अपनी और अपने परिवार, रिशतेदार और सम्बन्धियों का बोझ उनके कन्धों पर बोझल हो रहा था। लेकिन इसी धुन में अपना समय लगाते रहे और आज वे गुड़गाँव में जहाँ इस इलाके का Allocation है Rehablitate है।

पंजाब के जब कि वो यूनाईटिड पंजाब था। गरीबतरीन पसमांदा जिला था और तहसील सघड़ का इलाका ज़िला डेरा गाजीखां के चार तहसीलों में पसमांदा और गरीब तर तहसील थी। शिक्षा से सम्बन्ध रखने वाले अन्दाज़ा लगायेंगे कि उस समय ऐसी अवस्था में हाई स्कूल के स्तर तक स्कूल को चलाना और बिना सहायता के स्कूल का खर्चा चलाने में इस महात्मा का कितना परिश्रम होगा। (बाकी फिर)

† एजुकेशन अफ़सर की सेवा में †

प्रत्येक स्कूल के प्राईमरी स्तर की परीक्षा में पांच प्रथम आने वाले लड़कों को इकट्ठा कर के एक परीक्षा रखी जावे। उनमें से जो पहले बीस लड़के इस परीक्षा में आने वाले हों और उनमें जितने लड़के असहाय या यतीम हों, उनको एजुकेशन सोसाईटी आगे की शिक्षा पढ़ायेगी। उनके रहने सहने, खाने पीने व किताबों का खर्च यह संस्था करेगी। यदि एजुकेशन अफसर साहिब ऐसा कष्ट करके ऐसा चुनाव करें तो इस प्रकार से जो बच्चे कि खर्च की तंगी के कारण आगे की पढ़ाई नहीं कर सकते। इस तरह से वह पढ़ाई कर सकेंगे। उनका सारा खर्च यह संस्था करेगी।

o———o

दानी साहब ऐसी संस्था को दान देकर दान की सफलता प्राप्त करें।

एजुकेशन सैंटर में Study Circle 26 फरवरी 1978 को श्री वेद व्यास साहब एडवोकेट का व्याख्यान 'New Economics of India' पर हुआ। जिसकी प्रधानता श्री त्रिलोक चन्द भल्ला ने की। जनवरी मास में सख्त सर्दी के कारण कोई व्याख्यान न हो सका। फरवरी 1978 को श्री लाल चन्द जी सभरवाल साहिब एडवोकेट जालन्धर का व्याख्यान 'शराब नोशी क्या कानू से रोकी जावे ? पर हुआ। जिसकी प्रधानता श्री हरचरण सिंह साहिब गिल Retd. P.C. S. जालन्धर ने की।

o———o

स्वर्गवासी राय साहिब रंजीत राय नारंग रजिस्टरार पंजाब एंड हरियाणा हाई-कोर्ट चण्डगढ़, इस महानात्मा का जीवन चरित्र उचित समय पर पाठकों के सामने रखा जावेगा। सरकार के अधिकारियों का इकतदार का नशा इन्सान को इन्सान नहीं रहने देता। परन्तु नारंग साहब इतने बड़े अधिकारी होते हुए भी बहुत नम्र थे। समस्याओं का समाधान करना और फरियाद की ओर ध्यान देना इतना धार्मिक था। जिसका उदाहरण मिलना कठिन है। वह नेकी के एक नमूना थे। इस नेक आत्मा के चरणों में श्रद्धांजली भेंट की जाती है।

o———o

19 मार्च इतवार 4—30 बजे शाम सरदार उजागर सिंह एडवोकेट साहब का लैक्चर होगा।

...प–७४२५०

...३५ दयानन्दाब्द १५५

...कार के तपस्या से शरीर दिल ... फौलाद की तरह सख्त बन ... पर यह परमात्मा की दया से प्राप्त होती है स्व० चमूपति जी इस तरह प्रकट किये हैं। ...रे अन्नमय कोष को शारीरिक ...णमय कोष को प्राणायाम से, ... कोष को मानसिक तप से ... फिर आनन्द कोष तो है ही ...। जिन का वह कोष खुल ...तो सोम रस के स्रोत में ही जो पकता है, वह प्रभु के परिष्कृत ...न करता है।

(सोम सरोवर पृष्ठ २२८ ... प्रकार तपस्वी जीवन ही अमृत ...न करता हुआ। मोक्ष की ...ा ही चला जाता है, मुड़ता ...

—यज्ञमित्र

...वश्यकता है

...तिनिधि सभा पंजाब को आर्य ...देशक, भजनोपदेशकों की आव...कता है। कर्मठ कार्यकर्त्ता, सदा-...ी वैदिक सिद्धान्तों से परिचित ...ब प्रान्त में ही रहकर वैदिक ... के प्रचार कार्य करने के ...क व्यक्ति आवेदन कर सकते ... गुरुकुलीय स्नातक, अनुभवी ...क्त को वरीयता दी जाएगी। ...र योग्यतानुसार। आवेदन ...

रामचन्द्र जावेद सभा मन्त्री
...र्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब
जालन्धर-४

...र सोने के सिक्का रखने वाला ... खा नहीं सकता। क्योंकि ... उस सोने को न पचाने की ...मर्थ्य है न उसकी एवज में कुछ ...ने की कोशिश ही करता है। ... में प्रयत्न करने की शक्ति ...ीं है क्योंकि भोग-विलास ने ...शरीर के नस-नस को खोखला ...ा है। बच्चा जब जन्म लेकर ...र चलने की कोशिश करता है ...से भोग्य सामग्री घेर लेते हैं। एवं ... यह एहसास नहीं होता कि ...ो किस प्रकार भेजा जाए। जब ...ट को झेलना ही पुरुषार्थ है।

का कार्य करता है। वाणी की पवित्रता, संयम ही आत्म चिन्तन का सहायक है। वाणी मधुयुक्त वाणी हो। मधुयुक्त वाणी ही सुनने का प्रयत्न करें। यही वाणी का तप है। दूसरा तप कर्म है। कर्म करने के लिये मनुष्य यहां आया है। कर्म की स्वतन्त्रता प्राप्त करके वह भटक गया। इस झमेले से दूर हटना चाहिए। इसके लिये अच्छे कर्म ही करना एक उपाय है। पर इस कर्म के लिये भी तप की आवश्यकता है। कर्म तप को गीता में निष्काम कर्म रूप में प्रस्तुत किया है। स्वार्थ रहित कर्म

आर्य मर्यादा के पाठकों के लिए शुभ अवसर

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब आर्य मर्यादा के पाठकों को कुछ आर्थिक लाभ उठाने का शुभ अवसर प्रदान करने का निश्चय कर रही है। उसके निश्चयानुसार जो पाठक या संस्थायें कम से कम ६ ग्राहक एक साथ बनायेंगे उन्हें वार्षिक शुल्क में ५० प्रतिशत की कटौती तथा जो १२ ग्राहक एक साथ बनायेंगें उन्हें शत प्रतिशत (केवल एक वर्ष के लिये) की कटौती दी जायेगी। विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क करें या पत्र लिखें।

व्यवस्थापक, आर्यप्रतिनिधिसभा पंजाब जालन्धर

'नेकी'

(मासिक पत्रिका)

सम्पादक—चमनलाल

अंक 3 मार्च 1978 4 वर्ष

"संसार के महान् युग प्रवर्तक"



प्रो. गोवर्धन जी

नेकी का सिलसिला उन महान् आत्माओं के जीवन को दर्शाने का है, जो गुमनामी की हालत में उन समयों में देश सेवा और जन सेवा का काम करते रहे। जिनके नाम से कोई परिचित नहीं है। चुनांचि जिन पाठकों ने अप्रैल 1977 का 'नेकी' पढ़ा है, उसमें महात्मा गोवर्धन जी महाराज के जीवन का कुछ भाग याद होगा कि इस महान् आत्मा ने सब से पहले एक अनपढ़ इलाके में जहां 150 मील के अन्दर कोई शिक्षा का प्रबन्ध न था, शिक्षा के लिए जिला डेरा गाजी खां के उत्तरी इलाके में तहसील संघड़ में सबसे पहले हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी का स्कूल खोला। इस स्कूल की नींव अप्रैल 1920 में इस महात्मा ने रखी। इस से पहले यदि कोई स्कूल थे तो वरनैक्यूलर स्कूल, आठवीं श्रेणी तक थे। जिसमें उर्दू और फ़ारसी पढ़ाने का प्रबन्ध था। इस इलाके में दो प्रतिशत हिन्दू उस समय थे और अठानवें प्रतिशत मुसलमान थे, सिख इत्यादि कोई और कौम नहीं थी। वहां यदि कोई अखबार आता था तो मौलवी सनाऊल्ला का अमृतसर से निकलने वाला 'वतन' उर्दू सप्ताहिक अखबार आता था, जिन पाठकों के पढ़ने में 'वतन' जैसा सम्प्रदायिक अखबार हो और फिर मौलवी सनाऊल्ला का ऐडिट किया हुआ अखबार हो वह कैसे हिन्दू रह सकता है? परन्तु इस इलाके में स्त्री जाति ने अपने धर्म में जाति की हिन्दू रस्मों को प्रचलित करने और न भूलने वाली मर्यादा के द्वारा हिन्दू धर्म की रक्षा की। इस दो प्रतिशत हिन्दुओं में से प्रति वर्ष 25-30 हिन्दू मुसलमान हो जाते थे। इस इलाके में इस महात्मा ने राकिम जसे जवान साथियों को अपनी शरण में ले लिया और एक सैक्यूलर स्कूल एंगलो वरनैक्यूलर हाई स्कूल की बुनियाद डाली। यदि इस अवस्था और हालात का ध्यान करते हुए 98 प्रतिशत मुसलमानों के गिरोह की चीख पुकार का अन्दाजा लगायें तो मालूम होना चाहिए कि किस कदर मुशकिल जमाना था और इस मुशकिल जमाने में कामयाबी का इमकान भी दो प्रतिशत से कितना अधिक हो सकता है। यह एक युग था। शिक्षा विभाग में मियां फज़ल हुसैन मिनिस्टर 1918 के आ चुके थे। पंजाब की शिक्षा उनके कंट्रोल में थी।

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

जालंधर

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का मुख पत्र

आर्य प्रतिनिधि, कार्यालय--आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, गुरुदत्त भवन कृष्णपुरा चौक जालन्धर, दूरभाष–७४२५०

क शुल्क १२) एक प्रति २५ पैसे, वर्ष ११, अंक २६ २ जुलाई १९७८, तदनुसार १८ आषाढ़ सम्वत् २०३५ दयानन्दाब्द १५५

वेदसुधा

ाक्तिशाली तपस्वी मानव

पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणिपर्येषि विश्वतः ।
अतप्ततनूर्न तदामो अश्नुते शृतास इद्वहन्तः सं तदाशत ।।

सामवेद

अन्वयार्थ–(ब्रह्मणस्पते) ब्रह्माण्ड के पति, वेद रूप ब्रह्म के पति (ते पवित्रं ः) तेरी संजीवन शक्ति की पवित्र सुगन्धि हर तरफ फैल रही है, (प्रभुः) है, प्रभावशाली स्वामी है। (गात्राणि विश्वतः परि एषि) हमारे अंग २ को व ओर से घेर रखा है। (अतप्ततनूः) जसने शरीर को तपाया नहीं, वह ः) कच्चा मनुष्य (तत् न अश्नुते) तेरे इस पवित्र संजीवन को प्राप्त नहीं (शृतास इत्) तपस्या की आज में पके हुये मनुष्यों ने ही (वहन्तः) यज्ञ २ (तत् समाशत) तेरी संजीवनी का खूब उपभोग किया है।

ु पवित्र है, इसलिये उसकी ी पवित्र है। इसमें जो पवित्रता पृथ्वी पर विचरण करने वाले के लिये अप्राप्य है। क्योंकि वह ाध्य है। प्रयत्न करने के लिये अनेक उपाय किये हैं। यद्यपि ित्र शक्ति हमारे स्थूल आदि ीर. अन्नमय आदि पांच कोषों हुए हैं। हमारे पास शक्ति का धन है। पर है ठीक उसी प्रकार र सोने के सिक्का रखने वाला ो खा नहीं सकता। क्योंकि उस सोने को न पचाने की मर्थ्य है न उसकी एवज में कुछ रने की कोशिश ही करता है। में प्रयत्न करने की शक्ति ीं है क्योंकि भोग-विलास ने शरीर के नस-नस को खोखला ा है। बच्चा जब जन्म लेकर र चलने की कोशिश करता है े भोग्य सामग्री घेर लेते हैं। एवं यह एहसास नहीं होता कि ो किस प्रकार झेला जाए। जब ट को झेलना ही पुरुषार्थ है।

इसी पुरुषार्थ से पवित्र शक्ति का उपभोग मानव कर पाता है। इसको वेद ने तप कहा है। आत्मिक तप, मानसिक तप, बौद्धिक तप, कर्म सम्बन्धी तप, वाणी सम्बन्धी तप, यही पंचाग्नि तप हैं, आज का मनुष्य समाज इन तपों से दूर भागता है।

आत्मिक तप का तात्पर्य है आत्मा चिन्तन। इन पांचो तप का सम्बन्ध एक दूसरे से है। वाणी सम्बन्धी तप ही इन सब के लिये मूल आधार का कार्य करता है।

वाणी की पवित्रता, संयम ही आत्म चिन्तन का सहायक है। वाणी मधुयुक्त वाणी हो। मधुयुक्त वाणी ही सुनते का प्रयत्न करें। यही वाणी का तप है। दूसरा तप कर्म है। कर्म करने के लिये मनुष्य यहां आया है। कर्म की स्वतन्त्रता प्राप्त करके वह भटक गया। इस झमेले से दूर हटना चाहिए। इसके लिये अच्छे कर्म ही करना एक उपाय है। पर इस कर्म के लिये भी तप की आवश्यकता है। कर्म तप को गीता में निष्काम कर्म रूप में प्रस्तुत किया है। स्वार्थ रहित कर्म करना बहुत ही कष्ट साध्य है। इसको सफलता पूर्वक निभाना भी आसान नहीं। यश, धन, पुत्र इसके लिये बाधक है। मानव पुत्र से मुंह मोड़ सकता है, पर यश को छोड़ नहीं सकता, यश की कामना ही निष्काम कर्म का घातक है।

तीसरा तप मानसिक है। मन चंचल है, इसको स्थिर करना ही तप है। विषय के बन्धनों से छूट जाने पर यह स्थिर हो जाता है। विषय वासनाएं किस तरह मन से अछूती रह सकती है। गीता में इसका समाधान है। 'विषयाः विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः' भाव यह है जब व्यक्ति निराहार रहता है तो वह विषयों से मुक्त रहता है। पञ्च कर्मेद्रियों एवं पञ्च ज्ञानेन्द्रियों से प्राप्त करने वाले विषय ही आहार है। इनसे विमुख होना ही मन को स्थिर करने का एक मात्र उपाय है।

चौथा तप बौद्धिक है। बुद्धि समस्त शरीर को मार्ग दर्शन कराने वाली वस्तु है। बुद्धि के बिगड़ने पर सारा ही मामला बिगड़ जाता है। बुद्धि से सहयोग से ही संकल्प विकल्प उत्पन्न होते हैं। मानव उन्नति संकल्प शक्ति से करता है। विकल्प मात्र से अवनति की ओर ही जाता रहता है। संकल्प शक्ति हमें मन की स्थिरता से ही प्राप्त होती है। अतः बौद्धिक तप भी मानसिक तप पर ही आधारित है। इस प्रकार चारों प्रकार का तप करने वाला व्यक्ति ही आत्मिक तप कर सकता है। आत्म चिन्तन बिना इन चारों को कदापि नहीं हो सकता।

इन सब प्रकार के तपस्या से शरीर दिल आदि सब फौलाद की तरह सख्त बन जाता है। पर यह परमात्मा की दया से ही सिद्धि प्राप्त होती है स्व० चमूपति जी ने विचार इस तरह प्रकट किये हैं।

'हमारे अन्नमय कोष को शारीरिक रूप से. प्राणमय कोष को प्राणायाम से, मनोमय कोष को मानसिक तप से तपाओ। फिर आनन्द कोष तो है ही निरा यज्ञ। जिन का वह कोष खुल गया, वह तो सोम रस के स्रोत में ही जा पड़े जो पकता है, वह प्रभु के परिष्कृत रस का पान करता है।

(सोम सरोवर पृष्ठ २२८

इस प्रकार तपस्वी जीवन ही अमृत रस का पान करता हुआ। मोक्ष की तरफ बढ़ता ही चला जाता है, मुड़ता नहीं।

—यज्ञमित्र

ईश्वर सत्ता और विज्ञान

—स्वामी धर्मानन्द जी विद्यामार्तण्ड

ईश्वर सत्ता और विज्ञान विषयक प्रथम लेख में मैंने न्यूटन् लार्डकैलविन्, सर, ओलिवर् लाज आदि अनेक सुप्रसिद्ध वैज्ञानिकों के भाषणों, लेखों से उद्धृत करके यह दिखाने का प्रयत्न किया था कि वर्तमान विज्ञान के अनेक धुरन्धर विद्वान ईश्वर सत्ता में पूर्ण विश्वास करते हैं। इस विषय में इतना और स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि वैज्ञानिक धर्म के अनुसार ईश्वर का स्वरूप क्या है? वह कौन सा ईश्वर विषयक विचार (Conception of God) है जिसका विज्ञान कभी समर्थन नहीं कर सकता और जिसके कारण ही वास्तव में अनेक वैज्ञानिकों ने ईश्वरसत्ता से इन्कार कर दिया है। इसविषय में डी. पाल कैरस रचित पुस्तक "The Rilgion of the Science" से जिसका मैंने प्रथम लेख में उल्लेख किया था निम्नलिखित उद्धरण देना अत्यावश्यक तथा महत्वपूर्ण प्रतीत होता है। वैज्ञानिक धर्म की ईश्वर विषयक कल्पना क्या है इस विषय में वे यों लिखते हैं:—

We should have an intimate relation to that All-Being in which, through which and to which we live This All-Being in its wonderful harmony of law surrounds and pervades own entire existence. Truly, it is grand and seblime and perfect beyond description. It is the source of all blessings and it encomp asses us with a beneficence that can be compared only to a Father's love."

("The Religion of the Science" P. ९४)

अर्थात् हमें उसे सर्वव्यापक सत्ता से घनिष्ठ सम्बन्ध रखना चाहिये जिसमें और जिसके द्वारा हम जीवित रहते वा विचरते है और जिसकी तरफ जाते हैं। यह सर्वव्यापक सत्ता अपने नियमों की आश्चर्यजनक समता वा व्यवस्था से हमारे सारे जीवन को व्याप्त करती हैं, सचमुच यह आश्चर्यजनक उत्कृष्ट और वर्णनातीत रीति से पूर्ण हैं। यह सारे मंगल का मूल हैं और जिस उपकार वा हित दृष्टि से यह हमें घेरे हुए हैं उसकी तुलना केवल एक पिता के सच्चे प्रेम के साथ की जा सकती है।

क्या इन वाक्यों को पढ़ते हुए एक आस्तिक आर्य को 'स नः पितेव सूनवेऽग्नेसूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये,' (ऋग्वेद १।१।९) और 'यतोवा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत् प्रत्यभिसंविशन्ति तद् विजिज्ञासस्वात् तद् ब्रह्मेति' (तैत्तिरीयोपनिषत) इत्यादि वेद तथा उपनिषद वचनों का स्पष्ट स्मरण नहीं हो आता जिनका भावानुवाद उपर्युक्त प्रतीत होता है? ऐसे वैज्ञानिक धर्मको नास्तिक मत कहना कितना अनुचित है?

सन् १६३३ में Religion of Scientists, Edited by Drawbridge M. A. नामक पुस्तक प्रकाशित हुई जिसमें Royal Society के सदस्य लगभग २०० वर्तमान काल के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के धर्म विषयक विचारों का संग्रह है जो उन्होंने कुछ धार्मिकप्रश्नों के उत्तर स्वरूप दिये थे। उसके पढ़ने से भी स्पष्ट ज्ञात होता हैं कि वर्तमान वैज्ञानिकों की अधिक संख्या ईश्वरसत्ता में विश्वास रखती है यद्यपि ईसाइयों वा अन्यमतावलम्बियों के साकार ईश्वरवाद में उनका विश्वास असंभव है। इस प्रश्न का कि "Do you think that the recent remarkable developments in scientific thought are favourable to religious belief" अर्थात क्या आप समझते हैं कि वर्तमान अद्भुत वैज्ञानिक उन्नति धार्मिक विश्वासों के अनुकूल है वा नहीं? डा० ए० टी० मास्टर मैन (Dr. A. Master man F. R. S., A. D. Sc. E. R. S. ने निम्न लिखित महत्वपूर्ण उत्तर दिया जिससे बहुत से धुरन्धर वैज्ञानिकों ने अपनी सहमति प्रकट की है:—

"Only so far as the more we discover of His handiwork the more we become assured of His existence."

("The Religion of Scientists." P. १२१.

अर्थात् इतनी दूर तक ज्यों-ज्यों हमें ईश्वर की रचना का अधिक ज्ञान होता जाता है उसके अस्तित्व में भी हमारा विश्वास अधिकाधिक दृढ़ होता जाता है।

सर जेम्स ऐल्फ्रेड एविंग K.D.B. F. R.S.Hm., M.A. LL. D Sc F.R.S. vice president of the Royal Society ने इस प्रश्न का उत्तर देते हुए लिखा कि:—

Yes very favourable They have convinced the intelligent public of the futibilty of old fashioned materialism. The cocksure ness which found expression there is dead." (P. १२०)

अर्थात् वर्तमान वैज्ञानिक उन्नति धार्मिक विश्वासी के बहुत अनुकूल है। उन्होंने विचारशील जनता को निश्चय दिला दिया है कि पुराने फैशन का प्रकृतिवाद (जो ईश्वर विरोधी था) सर्वथा व्यर्थ और अशुद्ध है जिस दृढ़ निश्चय के साथ प्रकृतिवादी प्रकृति से ही सब वस्तुओं की व्याख्या करने का यत्न करते थे वह अब मर चुकी है।

प्रो. बी. डी. स्टील F. R.S., D. Sc,, F. C S, F l. C. ने भी इसी प्रकार का उत्तर दिया। उन्होंने दृढ़ निश्चय के साथ लिखा:—

"I think that recent developments in physical science are not only favourable but render suchbelief not only possible, but inevitable." (P.१२९)

अर्थात् विज्ञान की वर्तमान उन्नति न केवल ईश्वर सत्तादि विषयक धार्मिक विश्वासों के अनुकूल है किन्तु ऐसे विश्वास को केवल सम्भव ही नहीं बल्कि अनिवार्य बना देती है। अन्य भी सैकड़ों वैज्ञानिकों ने इसी प्रकार के विचार प्रकट किये। जिन्होंने इन्कार व निषेध किया वह ईश्वर की सत्ता का नहीं अपितु ईसाई मत विषयक ईश्वर कल्पना की है यह बात सुप्रसिद्ध अनेक वैज्ञानिकों के निम्न प्रकार के उत्तरों से स्पष्ट है:—

प्रश्न Christian Evidence Society की तरफ से निम्नलिखित था:—

"Do you think that science negatives the idea of a personal God a[s taug]ht by jesus vchrist'

अर्थात् क्या आपके विचार ईसामसीह द्वारा प्रतिपादित का खण्डन करता है? मि० मिडल मिस् ने इस प्रश्न के लिखा:—"Yes such a morphism is childish

अर्थात् ऐसी ईश्वर की कल्पना बालकों के समान है मान्य नहीं हो सकती।

प्रो०जे० बी० कोहन F D. Se, LL, D., F, इस प्रश्न के उत्तर में यों लिख

I think it does.ass the Personal God t human attributes, (

अर्थात् मैं समझता हूं कि ईसामसीह की ईश्वर विषयक जो मानव गुणों से युक्त उसे खण्डन करता है।

डा० ऐल्व्रब् F- R. S. Dr Sc. Ph. D. ने भी प्रकार का उत्तर दिया कि ई घरों की कल्पना का (यदि मसीह की शिक्षा थी) वि करता है। यह कहने की नहीं कि वैदिक निराकार ई यह कोई दोष नहीं आता।

—सार्वदेशिक

—

आर्य मर्यादा के ग्राहकों

एक निवेदन

आर्य मर्यादा ख्याति प्राप्त पत्रिका की उन्नति अपने पाठकों ही निर्भर है। मेरी नजर में यह बात समाई है कि कुछ अपने पाठ योगी वर्ग अपना वार्षिक शुल्क १९७५ से नहीं भेज रहे हैं। इसका प यही है कि पत्रिका घाटे की ओर अग्रसर है। इस सम्बन्ध के मेरी पाठक सहयोगियों की सेवा में यही निवेदन है वे सह-सम्पादक आर्य गुरुदत्त भवन, कृष्णपुरा चौक जालन्धर-४ से पत्र-व्यवहार क देय शुल्क सम्बन्धी विवरण प्राप्त करें. साथ ही १९७९ चैत्र तक क प्रदान करके पुण्यशील बनें। आशा है कि सभी पाठकों ने यह अनुभव होगा कि पत्रिका का स्तर पहले से कुछ ऊंचा उठ रहा है। इस ऊंचाई पर पहुंचाने के लिये पाठकों का सहयोग विशेषतः आर्थिक अनिवार्य है। इस महान् ज्ञान यज्ञ में—

अपनी देय राशि की आहुति देकर अपना जीवन सफल करें।

आशाओं सहित—

निवेदक

सह-सम्पादक, आर्य मर्यादा

विदेश चर्चा

नैरोबी की डायरी—2

आर्य समाज नैरोबी का साप्ताहिक रविवारीय सत्संग बहुत ही अनूठा होता है। अगले सप्ताह रविवार से शनिवार तक कहां-कहां क्या-क्या होना है इस की सूचना आर्य समाज के मन्त्री पहले ही सप्ताह छाप करके सब सदस्यों के घर भेज देते हैं। इस सूचना पत्र का नाम इन्होंने न्यूज लैटर। हर मंगलवार को यह न्यूज लैटर तैयार हो जाता है और बुधवार को भेज देते हैं। सबके पास यह पत्र पहुंच जाता है। सबको सूचना रहती है कि इस रविवार को यज्ञ का यजमान कौन होगा, सन्ध्या कौन कराएंगे, भजन कौन बोलेंगे और किस विद्वान का भाषण हो रहा है।

ठीक १०-३० बजे प्रातः अग्निहोत्र शुरू होता है। अग्निहोत्र के बाद पुरोहित एक वेद मन्त्र को लेकर ५ मिनट की सरल व्याख्या करके समझा देता है। यह सब काम बाहर बरामदे में या आगन में हो जाता है। सत्संग हाल के अन्दर लगता है। हाल में एक बडा मंच सजा सजाया है। मंच के सामने फोम बिछे हुए हैं और अन्दर चादरें। जो पालथी मारकर बैठना चाहते हैं इन पर बैठ सकते हैं। लगभग १० फीट का स्थान इस प्रकार गद्दों का है। बाद में चार लाईनों में लोहे की कुर्सियां लगी हुई हैं। भवन की दीवारों पर बड़े बड़े आर्य नेताओं व नैरोबी के प्रसिद्ध कार्यकर्त्ताओं के चित्र लगे हैं। ठीक ११-१५ बजे सन्ध्या प्रारम्भ हो जाती है। ११-२० बजे भजन होते है नैरोबी में एक देवी है श्रीमती तारासोफान बड़ा ही मधुर गाती है। भक्ति. प्रेम व सुन्दर लय के इस समुद्र में सदस्य लगभग मग्न हो जाते हैं। भजनों के बाद होता है प्रवचन! सारा कार्यक्रम लगभग १२-३० बजे तक चलता है। उसके बाद मन्त्री भी विभिन्न सूचनाएं देते हैं। सूचना में यदि कोई सदस्य बीमार हो या विदेश जा रहे हों तो उनकी भी सूचना दी जाती है। सप्ताह भर का सारा कार्यक्रम बनाया जाता है। इस सत्संग की सबसे विचित्र बात यह होती है कि वृद्धों के चेहरे कम और युवकों के चेहरे ज्यादा दिखाई देते हैं। ये अपनी समाज को आर्य परिवार के नाम से पुकारते हैं, पूरे सत्संग में एक गम्भीर शान्ति और भक्ति का माहौल होता है। लगता है कि वास्तव में सत्संग हो रहा है, वैसे ही हर सप्ताह की लकीर नहीं पिटी जा रही है। पुरुषों के साथ देवियां भी काफी बड़ी संख्या में आती हैं. बच्चों की भी बहुत बड़ी संख्या होती है।

प्रवचन सूचना आदि के बाद आरती गाई जाती है। गाने वाले कौन? छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियां। इन सब को जो लगभग २० या ३० की संख्या में आते है। मंच पर बैठा दिया जाता हैं। बीच में श्रीमती तारासोफान हारमोनियम लेकर। तबले की भी व्यवस्था होती है। भजनों के साथ तबले के लिए १०१ शिलिंग का व्यय प्रति सप्ताह आर्य समाज करती है। इन बच्चों की लय के साथ पूरा सभा आरती बड़े प्रेम और श्रद्धा के साथ गाती है।

महीने के अन्तिम रविवार को प्रवचन आदि के बाद एक विशेष कार्यक्रम होता है। उस महीने जिसका जन्म दिवस आया हो या जिन-जिनकी विवाह वर्षगांठ आई हो उन सबको सभा में विशेष रूप में बुलाया जाता है। पहले जन्म-दिवस वाले बच्चों-बच्चियों को बुलाकर पुरोहित दीर्घायु की प्रार्थना करते हुए एक के मस्तक पर तिलक लगाकर माला पहनाता है। साथ में एक लिफाफे में डाल कर मिठाईभी उनको दी जाती है. इसी प्रकार विवाहित दम्पत्तियों को— जिनकी वर्ष गांठ उस महीने होती है। बुलाकर माला व तिलक से सत्कार किया जाता हैं। बाद में सभी उपस्थित सदस्य गण इन सबको पुष्प डालकर मन्त्रोच्चारण से आशीर्वाद देते हैं।

प्रति सप्ताह रविवार को सत्संग के बाद ऋषि लंगर होता है। लगभग ३०० ४०० व्यक्ति जो सत्संग में उपस्थित होते हैं १ बजे वहीं खाना खाते हैं। भोजन भी पूरी छोले नहीं। पूरा भोजन। रोटी, चावल, पूरी, दो सब्जियां, दाल, रायता, अचार, चटनी, सलाद, एक मिठाई, ऐसा बनता है जैसे सभी आर्य जन पिकनिक मना रहे हों। वास्तव में यह एक आर्य परिवार का रूप है। इन सारे भोजनादि की व्यवस्था बड़ी सुन्दर होती है।

ये सब बाते देखने और समझने वाली हैं। आप खुद आएंगे तो आपको यहां के आर्य परिवार की बातों का पता चलेगा, ऐसा मौका फिर नहीं आएगा। ४००० में आने-जाने की व्यवस्था केवल इसी वर्ष है। मौका न चूकिए। अवश्य आइए। आपका बहुत सुन्दर स्वागत होगा।

सत्यपाल शर्मा

दहेज एक अभिशाप है?

आज का युग भौतिक और विज्ञान का युग कहा जाता है। आधुनिक युग में धर्म-कर्म की अपेक्षा आज प्रत्येक कार्य अनुष्ठान और सामाजिक स्तर को ऊंचा रखने के लिए विशेषतय पैसे के इर्द-गिर्द चक्कर काटती हैं। पैसे के बिना इस जग में जीवित रहना कठिन और दूभर हो गया है। जिसके पास पैसा नहीं उसके पास कुछ भी नहीं।। आज धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक मान्यताएं पैसे के इर्द-गिर्द चक्कर काटती रहती हैं पैसा ही सब पर हावी हो रहा है। इस कलियुग में न तो किसी गुण की कदर होती है, न सदाचार की बहुत ही शिक्षित की, न योग्यता की न कुलीनता की न उच्च परिवार की। यही कारण है कि बहुत ही शिक्षित रूप गुण सम्पन्न अच्छे घरानों की युवतियां कुमारी ही रह जाती हैं क्योंकि युवती के मां-बाप के पास और मध्य वर्गीय लोगों के पास इतना धन नहीं होता कि समाज की बढ़ती हुई आवश्यकता और मांग को पूरा कर सके। दहेज के लालची युवक का मुंह पैसे से भर सकें, दहेज की मांग बढ़ते २ अब एक महा-भयानक व्याधि का रूप ले चुकी है। आपातकालीनसमय में कांग्रेस सरकार ने इसे जड़-मूल से उखाड़ने की कोशिश की थी। पुलिस को भी हिदायत थी कि जो परिवार सीमित धन से अधिक खर्च विवाह-शादियों में करेंगे वे कानून की गिरफ्त में आ जाएंगे। इससे सामान्य परिवारों को कुछ राहत ही मिली थी। विशेषकर विवाह योग्य युवतियों को। मगर इतना कुछ होते हुए भी चोरी छिपे यह बीमारी बढ़ती रही है। दहेज देने-लेने में ही लोग अग्रसर होते हैं। जिसके पास काला धन अपार राशि के रूप में छिपा पड़ा है और वे इसे किसी न किसी रूप में व्यय करके समाज में वाह-वाही लूटना चाहते हैं। ऐसा करके वे ऐसे समाजिक तत्व निर्धन और धन हीन लोगों के मार्ग में रोड़ा अटकाते रहते हैं साथ ही वे विवाह योग्य बालाओं का अभिशाप भी मोल लेते हैं। आए दिन हम समाचार-पत्रों में पढ़ते हैं कि दहेज के अभाव में बहुत सी नव-विवाहिता स्त्रियां सदैव के लिये अपने प्राणों से हाथ धो देती है। कईयों को विवश होकर विष-पान कर तथा अग्नि में जलकर बहुत सी नवयुवतियां कुएं, ताला या नदी में कूदकर दहेज की भेंट च[ढ़] जाती हैं।

कहा तो यह गया है कि जनता सरकार के सत्तारूढ़ होने पर इस दहेज की बीमारी का सदा के लिए उन्मूलन क[र] दिया जाएगा। परन्तु आए दिन के आंक[ड़े] कुछ और ही बतलाते हैं, टीका, मंगनी और शादी के ठाट-बाट और चकाचौंध कर देने वाली अपार धन-राशि पानी की तरह से बहाई जा रही है।

आज के कथित समाज सेवक नेता गण तथा महिला कल्याणकारी सभाएं कुछ भी कर नहीं पातीं। सब जगह शो[र] तो बहुत होता है परन्तु व्यवहारिक रू[प] से दहेज को नष्ट करने वाला कोई ठो[स] कदम नहीं उठाया जाता जनता की आवाज सुनी अनसुनी कर जाती है। अपनी झूठी शान-शौकत लिए हजारों ही नहीं, लाखों रुपये पा[नी] की तरह ऋण लेकर भी बहा दिए ज[ाते] हैं। इस अवसर पर नवयुवक और न[व]युवतियां नाच-गान और भंगड़ा कर और शराब पीकर मस्त होना, गाली गलौच करना ही शादी एवं दहेज एक मात्र लक्ष्य रह गया है। दहेज बढ़ती हुई मांग का उन्मूलन करने उपाए यही है कि हमारी नौजवा[न] लड़कियां और शिक्षित बहनें आगे और दहेज के लोभी परिवारों में विवाह करने से कतई इन्कार कर दें।

सबसे बड़ी बात यह है कि आज युवतियां शिक्षा उपार्जन कर नौकरी लगी रहती हैं। कई बार इस प्रका[र] चालीस-पैंतालीस वर्ष की युवतियां प्रकार कुंवारी ही रह जाती हैं। मां-बाप को योग्य वर सुलभ होना क[ठिन] हो जाता है हमारे शास्त्रानुसार भी सो[लह] वर्ष से इक्कीस वर्ष तक की आयु लड़की का विवाह कर देना श्रेयस्कर और न्याय संगत होगा। फिर अ[धिक] सम्पन्न परिवारों के चक्कर में नहीं पड़[ना] चाहिए। ज्यों २ लड़की की आयु ब[ढ़ती] जाती है विवाह के बाजार में उ[सकी] कीमत उतनी ही कम होती जाती है।

अतएव समझदार नवयुवक नवयुवतियों को ही अपना अदम्य सा[हस,] हिम्मत और अपनी कार्यकुशलता [का] परिचय देना चाहिए। यदि अपनी [बिरा]दरी में उचित वर न मिले तो अन्त[र्]जातीय विवाह कर लेने मे कोई अ[पत्ति] नहीं होनी चाहिए। इसमें भी को[ई] मत नहीं है कि हमारे पूर्वजों में विदे[शियों] से भी विवाह करके अपने उदार[ता] का परिचय दिया था।

लेखराज नन्दा,
मलकागंज दिल्ली

सामयिक चर्चा

हमारी शिक्षा पद्धति-3

स्वामी वेदमुनि परिव्राजक अध्यक्ष-वैदिक संस्थान, नजीबाबाद (उ० प्र०)

अन्ततोगत्वा स्कूल-कालेजों से जो लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष निकल रही है, शिक्षा के नाम पर उसके पास केवल इस बात के प्रमाण पत्र होते हैं कि यह अमुक श्रेणी तक अमुक विषय की पुस्तकें (विषय नहीं) इतने वर्ष पढ़ा है, उन्हीं प्रमाण पत्रों को देवी के पर्चे की भान्ति दिखाते फिरते हैं। बौद्धिक विकास तो इस शिक्षा से होता नहीं, अतः यह देवी के पर्चे वाले समझते हैं कि जब देवी का पर्चा हमारे पास है तो हमें रोक-थाम क्यों? हमारी रुचि के अनुसार जहां कहीं भी घुसने और जिस किसीभी कुर्सी पर बैठ जाने से हमें क्यों रोका जाता है। न बौद्धिक विकास न नैतिक का मन में प्रवेश, वह और करे भी क्या?

उत्तर प्रदेश में हाई स्कूल की परीक्षा में जो गद्य-संकलन नामक पुस्तक लगी है, उसकी भूमिका में लिखा है, जिस वय क्रम में छात्र और छात्राएं हाई स्कूल की कक्षाओं में प्रवेश करते है, उसमें नैतिक मूल्यों की महत्ता सर्वोपरि है, क्योंकि चरित्र-निर्माण की नींव इसी अवस्था में पड़ती है। भूमिका में यह लिखना सिद्ध करता है कि इसकी आवश्यकता को अनुभव तो किया जाता है। किन्तु उस आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्रयत्न लेश भी होता तो क्या भूमिका में लिखने मात्र से छात्र-छात्राओं में नैतिकता आ जाएगी।

हाई स्कूल में प्रवेश के समय बालक की कुमार-व्यवस्था होती है। इस आयु के बालक कुत्सित कामनाएं उत्पन्न होती हैं। इन कुत्सित कामनाओं को मार लें अर्थात् इन पर प्रभावी हो जाएं, इन्हें अपने ऊपर प्रभावी न होने में तो कुमारावस्था सफल, यदि इनमें फंस गया, कुछ का न मार सका तो कुमारावस्था की नैतिक परीक्षा असफल है। कहीं पाठ्यक्रम में इससे बच निकलने की शिक्षा, किसी विद्यालय में वह शिक्षा होती है, यदि नहीं तो ऐसी पढ़ाई से क्या लाभ? नैतिकता और चरित्र-निर्माण के मूल्यों को पुस्तकों की भूमिका में स्वीकार किया जाए और यदा-कदा चरित्र के नाश का अर्थ सर्वनाश है, वाक्य छात्र-छात्राओं को सुना दिया जाए. किन्तु चरित्र क्या है? उसकी रक्षा किस प्रकार होती है और नैतिकता किसे कहते है। यह न बताया और न सिखाया जाय। क्या यह उपहासास्पद नहीं है?

इसी का यह परिणाम है कि हाई स्कूल और इण्टर में पढ़ने वाले छात्र पिता की जेब से पैसे निकाल कर पुरानी पुस्तकें बेच कर तथा कुत्सित आचरण द्वारा भी पैसे प्राप्त करके सिनेमा देखने धूम्र-पान आदि करने के अपने चाव पूरे करते है। मार्ग में चलती लड़कियों को छेड़ते हैं। शिक्षकों को पीटते हैं, विद्यालयों सिनेमा घरों में आग लगाते और बड़े होकर डिग्री कालेजों और यूनिवर्सिटियों चले जाने पर दो ट्रेनों में यात्रा करती युवतियों के शील तक हरण करते हैं। शिक्षा-पद्धति पर मैं और मेरे जैसे कुछ सिर-फिरे लोग ही आये दिन नहीं चिल्लाते रहते अपितु भारत के प्रथम और द्वितीय राष्ट्रपतियों सर्वश्री डा० राजेन्द्र प्रसाद और डा० सर्व पल्ली राधा कृष्णन् ने भी वाराणसी यूनिवर्सिटी में दीक्षान्त भाषण देते हुये अपने-अपने भाषणों में कहा था. वर्तमान शिक्षा पद्धति नितान्त निकम्मी है। डा० राधा कृष्णन् ने तो यहां तक कह दिया था कि यदि मेरे हाथ में हो तो आज ही इस शिक्षा-पद्धति को बदल दूं। वर्तमान प्रधान मन्त्री भी इससे अपनी असन्तुष्टता दो बार शिक्षा-शास्त्रियों से व्यक्त कर चुके हैं। कई शताब्दी पूर्व भारत के विश्व प्रसिद्ध सन्त श्री स्वामी विवेकानन्द जी ने इस विषय में अपनी सम्मति निम्न शब्दों में व्यक्त की थी। उनका कहना था–

'शिक्षा विविध जानकारियों का ढेर नहीं है, जो तुम्हारे मस्तिष्क में ठूंस दिया गया है और जो आत्मसात् हुए बिना वहां आजन्म पड़ा रहकर गड़बड़ मचाया करता है। हमें उन विचारों की अनुभूति कर लेने की आवश्यकता है, जो जीवन-निर्माण, मनुष्य-निर्माण तथा चरित्र-निर्माण में सहायक हों। यदि तुम केवल पांच ही परखे हुए विचार आत्मसात् कर उनके अनुसार अपने जीवन और चरित्र का निर्माण कर लेते हो, तो तुम एक पूरे ग्रन्थालय को कण्ठस्थ करने वाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हो, । यदि शिक्षा का अर्थ जानकारी ही होता, तब तो ग्रन्थालय संसार में सबसे बड़े सन्त हो जाते और विश्वकोष महान् ऋषि बन जाते।

विदेशी भाषा में दूसरे के विचारों को रटकर अपने मस्तिष्क में उन्हें ठूंस कर और विश्वविद्यालयों की कुछ पदवियां प्राप्त कर तुम अपने को शिक्षित समझते हो। क्या यही शिक्षा है? तुम्हारी शिक्षा का उद्देश्य क्या है? या तो मुंशीगिरी मिलना या वकील हो जाना या अधिक से अधिक डिप्टी मैजिस्ट्रेट बन जाना, जो मुंशीगिरी का ही दूसरा रूप है। बस यही न। इससे तुमको या तुम्हारे देश को क्या लाभ होगा? नेत्र खोलकर देखो, जो भरत खण्ड अन्न का का अक्षय भण्डार रहा है, आज वहीं अन्न के लिए कैसी करुण पुकार उठ रही है? क्या तुम्हारी शिक्षा इस अभाव की पूर्ति करती ? यह शिक्षा जो चरित्र शक्ति का विकास नहीं करती, जो प्राणी विषयक दया का भाव और सिंह का साहस पैदा नहीं करती, क्या उसे भी हम 'शिक्षा' का नाम दे सकते हैं?

हमें तो ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक वीर्य बढ़, बुद्धि का विकास हो और जिससे मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके। हमें आवश्यकता इस बात की है कि हम विदेशी प्रभाव से स्वतन्त्र रहकर अपने निजी ज्ञान-भण्डार की विभिन्न शाखाओं और उसके साथ ही अंग्रेजी भाषा और पाश्चात्य विज्ञान का अध्ययन करें। हमें यान्त्रिक और ऐसी सभी शिक्षाओं की आवश्यकता है, जिनसे उद्योग धन्दों की वृद्धि और विकास हों, जिससे मनुष्य नौकरी के लिए मारा-मारा फिरने के बदले अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त कमाई कर सके और आपात काल के लिए सञ्चय भी कर सके।

सभी प्रकार की शिक्षा और अभ्यास का उद्देश्य 'मनुष्य' का निर्माण ही है। जिस प्रशिक्षणों का अन्तिम ध्येय मनुष्य की इच्छा-शक्ति का प्रवाह और प्रकाश संयमित होकर फलदायी बन सके, उसी का नाम है, 'शिक्षा' हम 'मनुष्य' बनाने वाला धर्म ही चाहते हैं, हम 'मनुष्य' बनाने वाली सिद्धान्त ही चाहते हैं तथा हम सर्वत्र—सभी क्षेत्रों में 'मनुष्य' बनाने वाली शिक्षा ही चाहते हैं। प्रिय पाठकगण! स्वामी विवेकानन्द जी के इन विचारों का मनन कीजिए और आगे पढ़िए आचार्य भावे के विचार।

विनोवा भावे इस शिक्षा से इतने असन्तुष्ट हैं कि उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को इस शिक्षा को बदलवाने के लिए हड़ताल करने तक की प्रेरणा कर डाली, फरवरी सन् १९७४ में बिहार में आचार्य कुल के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा था–

मैंने १९१६ में ही स्कूल इसलिए छोड़ दिया था, क्योंकि मुझको नौकरी नहीं करनी थी, फिर आज तो नौकरी भी नहीं मिलती पर शिक्षा वही चल रही है। इससे बेकारी बढ़ रही है, पर कोई इसका त्याग करना नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि इस निकम्मी शिक्षा को बदलने के लिए शिक्षक और छात्र मिलकर हड़ताल करें।

एस० बी० ए० कालेज मांट जिला मथुरा के प्राध्यापक श्री डा० शिवराज सिंह ने 'भारतीय शिक्षा' नामक पुस्तक लिखी है। इस पुस्तक के पृष्ठ १३५ पर वह लिखते हैं, सभी यह बात अनुभव कर रहे है कि आज कल की शिक्षा का पाठ्यक्रम बिल्कुल व्यर्थ है. किन्तु फिर भी वही पाठ्यक्रम वर्षो से चला आ रहा है। क्या सचमुच भारतीय मनीषा दिवालिया हो गई है? यह हम स्वीकार करने को तैयार नहीं। हमारे पास सब कुछ है, किन्तु आश्चर्य की बात तो यह है कि हमने आज तक उस ओर देखा तक नहीं, आंखें होते हुए भी हम अन्धे होने का बहाना करते रहे हैं। रत्नों और मणियों को छोड़ कर कांच और पत्थर बीनते रहे हैं। यह सत्य है कि प्राचीन भारत के मनीषियों ही नहीं बीसवीं सदी के शिक्षाशास्त्रियों को भी हमारे लोग नहीं पढ़ते, पढ़ते क्या जानते तक भी नहीं। यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

ऊपर के परिच्छेद में पाठकों ने जो पढ़ा, इन उद्गारों से अभिभूत आगे पृष्ठ २४२ पर वह फिर लिखते हैं, शिक्षा वह अधूरी है, जिस पर व्यक्ति की आध्यात्मिक और भौतिक उन्नति के चक्र में घूमते हैं, आज तो शिक्षित ही सबसे अधिक बेकार हैं, उच्छृंखल है। आचरणहीन है तथा उत्तरदायित्वहीन है। शिक्षित व्यक्तियों को देश की समस्यायें हल करनी चाहिए, आज स्थिति यह है कि शिक्षित व्यक्तियों को रोजगार देने की समस्या सबसे अधिक विकट बनी हुई है। समस्या पेट भरने की उतनी नहीं है, जितनी कि संयम, अनुशासन, सदाचरण, कार्य कुशलता एवं सहानुभूति की है।

आज सभी लोग यह कह रहे हैं कि देश में यह तो कोई समस्या है ही नहीं। सारी समस्या योग्यता की है। ऊंची से ऊंची डिग्री लेकर घूमने वाले सहस्रों हैं, किन्तु इनमें सच्चे विद्यावान कितने हैं? निकम्मी शिक्षा ने योग्यता का महत्व ही नष्ट करके रख दिया है। डाक्टर जी के उक्त विचार शतशः ठीक हैं। योग्यता के अभाव ने पहुंच और 'घूस' को बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और इस प्रकार अयोग्यों के उत्तरदायीं पदों पर पहुच जाने से राष्ट्र को प्रत्येक क्षेत्र में असफलता का मुंह देखना पड़ रहा है।

इसी पुस्तक के पृष्ठ २५६ पर पुनः सुयोग्य लेखक ने अपने हृदय की पीड़ा की अभिव्यक्ति इन शब्दों में की है—

कक्षा एक से लेकर एम० ए० तक या पी० एच० डी० तक जो कुछ भी पढ़ाया जा रहा है, क्या वह विद्यार्थियों को पुरुषार्थ साधन के योग्य बना रहा है।

(क्रमशः)

यह अंक
आपको कैसा लगा?

आर्य मर्यादा आप ही के लिए प्रकाशित की जाती है. हम पूरी-पूरी कोशिश करते हैं कि आर्य मर्यादा का प्रत्येक अंक आपकी रुचि के अनुसार रहे और उससे आपको अधिक से अधिक सन्तोष हो और यह आप की प्रिय पत्रिका बनी रहे।

कृपया हर अंक पर अपनी राय भेजिये कौन सी रचना आप को पसन्द आई, कौन सी नहीं आई, आप किन विषयों पर लेख पढ़ना पसन्द करेंगे, हम आप की आलोचना और सुझावों का स्वागत करेंगे।

—सह-सम्पादक



साप्ताहिक
आर्य मर्यादा
जालंधर
आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का मुख पत्र

-सम्पादक-डा. यज्ञमित्र, विशेषाधिकारी, आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, गुरुदत्त भवन कृष्णपुरा चौक जालन्धर, दूरभाष-७४२५०

क शुल्क १२) एक प्रति २५ पैसे, वर्ष ११, अंक ४०, २४ सितम्बर १९७८, तदनुसार ९ आश्विन सम्वत् २०३५ दयानन्दाब्द १५४

वेद सुधा

अग्निना अग्निः समिध्यते

(ले० ओम प्रकाश आर्य, सभा कार्यालयाध्यक्ष)

नं तं मन्ये यो वसुरस्तं यं यन्ति
धेनवः ।
तमर्वन्त आशवोऽस्तं नित्यासो
वाजिन ।
स्तोतृभ्य आभर ॥ ऋ० ५/६/१

अर्थ—(तं) उसको (अग्निः) ज्ञान-आचार्य या ईश्वर (मन्थे) मानता ो वसुः) जो सबके भीतर वास हारा है (यं) जिसमें (धेनवः) यां, इन्द्रियां और रश्मियां जैसे (अस्त) घर में (यन्ति) आती है ी (अस्तं) आश्रय को प्राप्त होती (आशवः) व्यापन स्वभाव वाले न्तः) प्राण या प्राण वायु पञ्चभूत (अस्त) जिसमें आश्रय हैं और (नित्यास्ते) नित्य (वाजिनः) वान् युक्त आत्मायें, विद्वान् लोग ं) अपना गृह समझ कर आश्रय हैं। हे ईश्वर! (स्तोतृभ्यः) ाओं को (इषं) अन्न एवं ज्ञान र) प्राप्त कराओ।

इस वेद मन्त्र में सर्व व्यापक और क आश्रय भूत एवम् आनन्द प्रद ान को ही अग्नि नाम से व्याख्यात ा गया है। सभी स्थानों पर भट-भटकता और किसी में भी अपने स्वरूप की रक्षा करने वाली चेतना , शक्ति तथा आनन्द की उपलब्धि रता हुआ जीवात्मा हार थक कर अग्नि की ही शरण में आने कों श हो जाता है परन्तु यह अग्नि त में प्राप्त नही होता। अन्दर वाहर या हुआ होने पर भी इसके लिये कुछ करना पड़ता है क्योंकि—

रण्योर्निहितो जातवेदागर्भ इवेत्सु-
भृतो गर्भिणीभिः
वे दिवे ईड्यों जागृवद्भिर्हविष्मद्-
भिर्मनुष्येभि भरग्निः
ऋ० ३/२९/२

अर्थ-(अरण्योः) दो अरणियों में तवेदाः) जातवेदा अग्नि (निहितः) ा गया है। (गर्भिणीभिः) गर्भिणी यों द्वारा जैसे (गर्भ इव) गर्भ की ा की जाती है वैसे ही (इत् सुभृतः) जातवेदा भी अरणियों में सुरक्षित है। (दिवे दिवे) प्रतिदिन (जागृवद्भिः) जागते हुए ज्ञानी सत्यासत्य विवेकी (हविष्मद्भिः) हवि आदि पदार्थो से सम्पन्न (मनुष्येभिः) मनुष्यों को (अग्निः) वह अग्नि (ईडयः) उपासना करने योग्य हैं।

सर्वव्यापक होने पर भी यह अग्नि किन्हीं किन्हीं दो अरणियों के विधिवत् मन्थन के बिना समिद्ध प्रदीप्त नहीं होता गर्भगत बालक की जैसे गर्भिणी स्त्रियां रक्षा करती हैं और उसकी सुरक्षा के निमित्त आप खूब कष्ट उठाती हैं ठीक ऐसे ही इस सर्वव्यापक अग्नि को समद्धि करने के लिए ज्ञानी विवेकी, सर्वस्व त्यागी और संयमी बनने की आवश्यकता है। क्योंकि 'अतप्त तनूर्न दामो अश्नुते'।

प्रश्न उत्पन्न होता है कि वह दो अरणियां कौन सी है जिनकी रगड़ से मन्थन से इस अग्नि को प्रदीप्त किया जाता है। इस प्रश्न का उत्तर हमें महर्षि श्वेताम्बर ने बड़ा ही सुन्दर दिया हैं वे कहते हैं—

स्वदेहमरिणं कृत्वा प्रणवं चोत्तरारणिम् ।
ध्यानं निर्मथनाभ्यासाद् देवं पश्येन्नि-
गूढवत् ॥
श्वेता-उपनिषद्

साधक अपनी देह को अधर अरणि और प्रणव ओंकार को उत्तर अरणि बनाकर ध्यान रूप निर्मथन को पुनः पुनः रगड़ रगड़ कर ज्योति स्वरूप आत्मा का दर्शन करे।

साधक देह और उसके द्वारा किया जा रहा सारा व्यवहार-व्यापार जब भगवान के आदेश-निर्देश के अनुसार होना प्रारम्भ हो जाता है तभी देह और ओंकार के सार्थक जाप का विशेष लाभ अनुभव होता है। देही शरीरी प्रभु के आदेश का पालन करे और देह से वही काम ले जिसके लेने के लिए वह उसे दी गई है। तभी वह उस निगूढ़ देव का साक्षात्कार कर सकेगा। तभी आत्म समर्पणका सद्भाव उसमें जागृत होगा, जब आत्मसमर्पणका भाव जग जाताहै तब कोई छली-कपटी और मायावी जन साधक को अपने पथ से विचलित नहीं कर सकता।

वेद कहता है—
न तस्य मायया च न रिपुरीशीत मर्त्यः
यो अग्नये ददाश हव्यदातये ॥
ऋ० ८।२३।१५

अर्थ—(यः) जो पुरुष (हव्यदातये) ज्ञानदाता (अग्नये) परमात्मा और आचार्य के प्रति व्रते को (ददाश) समर्पण कर देता है (तस्य) उस का (रिपुः च न शत्रु भी (मर्त्यः) मनुष्य (मायया) बुद्धि द्वारा न (ईशीत) कभी कभी उस पर वश नहीं कर सकता उसे अपने अधीन नहीं बना सकता।

आओ ऐसे सर्वसुखदप्रद ईश्वर रूप अग्नि का जिसकी संगति से हमें नित्य आगे बढ़ने उन्नत होने तथा सबसे बढ़ कर सर्वथा मल रहित हो कर तद्-रूप बनने का सौभाग्य प्राप्त होता है उसे अपने इसी जीवन में समिद्ध करने का यत्न करें और उसके समिद्ध हो जाने पर अनुभूति में आ जाने पर मिलकर कहें :—

तदग्ने द्युम्नभा भर यत् सासाह सदने कञ्चिदत्निणम्। मन्युं जनस्य दूढ्यम् ॥ ऋ० ८-१९-१५

हे अग्ने—स्वप्रकाश स्वरूप परमात्मन्। अन्न, धन, ज्ञान और बल हमें प्राप्त कराओ जो हमारे घर में (कञ्चिदत्निणम्) किसी भी पाप भोगी, चोर (मन्युं जनस्य) सर्वसाधारण के क्रोध के पात्र (दूढ्यं) पापी पुरुष को (सासाह) दबा सके।

अमृत वचन

१. यदि तुम मित्रों से मित्रता और विरोधियों से विरोध करना छोड़ दो और अपने धर्म तथा कर्त्तव्य का पालन करने में लग जाओ तो प्रभु के दर्शन करना कोई असम्भव नहीं।

२. जो व्यक्ति जितेन्द्रिय होकर क्रोध और अपमान पर नियन्त्रण कर लेता है यह समझ लो कि उसे दिग्विजय करने में कभी कोई कठिनाई प्रतीत नहीं होती।

३. हमारे पाप के कारण हमारे दुर्गुण कुविचार बुरे संकल्प आदि होते हैं। इन्हीं के कारण हमारा मन और इन्द्रिय हमें धोखा दे जाती हैं और तब हमें भले-बुरे का ज्ञान नहीं होता। मनुष्य का अधः पतन हो जाता है।

४, जो व्यक्ति अपने दोषों को देखकर उन्हें सुधारता और दूसरे के सद्गुणों और अच्छी आदतों और बातों का ग्रहण करता है बड़ी इस पृथ्वी पर महामानव कहलाता है।

हमारी शिक्षा पद्धति-4

स्वामी वेदमुनि परिव्राजक अध्यक्ष-वैदिक संस्थान, नजीबाबाद (उ०प्र०)

भारतीय शिक्षा परम्परा से सर्वथा कटे हुए इस पाठ्यक्रम को पढ़ कर भारतीय युवक क्या कभी स्वामी दयानन्द, स्वामी विवेकानन्द, रविन्द्रनाथ ठाकुर या महात्मा गांधी बन सकेंगे ?

यह कहा जा सकता है कि स्वामी दयानन्द को छोड़ कर यह अन्य तीन महापुरुष भी तो इसी शिक्षा पद्धति की देन थे। इसका उत्तर लेखक महोदय ने इन शब्दों में दिया है कि 'महात्मा गांधी जैसे व्यक्ति ने जिसने अर्थ शास्त्र कभी पढ़ा नहीं था और स्पष्टतः कहते थे कि अर्थशास्त्र कोई शास्त्र नहीं है—देश की आर्थिक समस्याओं का गम्भीर चिन्तन कर उनका समाधान करने का प्रयत्न किया। उनमें यह योग्यता निश्चय कर ही गीता का अध्ययन और मनन करने से आई थी। आज अर्थशास्त्र से एम. ए. उतीर्ण छात्र महात्मा गांधी के राजनीतिक विचारों का अध्ययन अपने पी. एच. डी. के शोध प्रबन्ध के लिए करता है। दर्शन शास्त्र में एम० ए० उतीर्ण छात्र गांधी के नैतिक विचारों का अध्ययन अपने शोध- प्रबन्ध में प्रस्तुत करता है, हिन्दी से एम० ए० छात्र हिन्दी कविता में गांधीवाद का प्रभाव ढूंढ कर अपने शोध प्रबन्ध करता में प्रस्तुत करता है, किन्तु गांधी जी तो अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शन या हिन्दी—किसी भी विषय में एम० ए० नहीं थे।'

केवल गांधी जी नहीं—बाल गंगाधर तिलक जैसे लोग भी गीता के अध्ययन से ही बन पाये। स्वामी विवेकानन्द का निर्माण भी इस शिक्षा द्वारा नहीं अपितु रामकृष्ण परमहंस जैसे विरक्तों के संसर्ग से हुआ और रवीन्द्रनाथ की गीतांजलि पढ़ने से तो उसमें वेद की छवि स्पष्ट प्रतीत होती है। यह बात प्रसिद्ध विद्वान श्री सत्यकाम विद्यालंकार ने इस शब्दों में व्यक्त की है' मुझे निश्चय है कि रवीन्द्र की प्रतिभा का स्रोत अवश्यमेव वैदिक ऋचाएं थीं। वैदिक मन्त्रों से ही रवीन्द्र को ऐसे अमर गीतों की प्रेरणा मिली थी। उनके अनेक गीतों में वैदिक मन्त्रों की झलक दृष्टिगोचर होती है।'

'भारतीय शिक्षा' पुस्तक के लेखक श्री डा० शिवराज सिंह ने अपनी दो सौ साठ पृष्ठ की पुस्तक में न केवल शिक्षा के विविध पहलुओं पर विचार मात्र ही किया है अपितु एक विस्तृत पद्धति भी बनाकर प्रस्तुत कर दी है। उनकी यह पद्धति पठनीय और मननीय ही नहीं अपितु स्वीकरणीय है और इसके लिए पुस्तक के अन्त में पृष्ठ २५८ पर आपने लिखा हैं कि 'अब कोई यह न कहे कि वर्तमान शिक्षा-प्रणाली में क्या परिवर्तन होना चाहिए, यह कोई नहीं बताता ? वास्तविक भारतीय शिक्षा का सप्रमाण निरुपण कर चुके है।'

प्रिय पाठकगण ! शिक्षा विषयक इस लेख का कलेवर अधिक होता हुआ देख कर भी हम कुछ शिक्षा शास्त्रियों के विचारों को इस लेख में देने का लोभ संवरण नहीं कर सके अतः उन्हें प्रस्तुत करके ही इस लेख का उपसहार करेंगे। राजा बलवन्त सिंह शिक्षा महाविद्यालय आगरा के प्राध्यापक श्री डा० रामशकल पांडेय कृत पुस्तक 'विश्व के श्रेष्ठ शिक्षा शास्त्री' पढ़ने को मिली। इस पुस्तक में विद्वान लेखक ने विश्व के १२ शिक्षा-शास्त्रियों की विचारधारा तथा दृष्टिकोण का संकलन और समीक्षा की है। इनमें ६ पश्चिमी शिक्षा शास्त्री हैं और ६ भारतीय। इसी पुस्तक में से कुछ के विचार हम यहां उद्धृत कर रहे हैं। पाठक गण ध्यान देंगे कि यह सब शिक्षा विशेषज्ञ शिक्षा किसे कहते हैं—केवल अक्षर ज्ञान, पुस्तक रटन और परीक्षा प्रमाण-पत्रों को अथवा किसी तत्व को और शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ना-लिखना आ जाना अथवा कुछ और बताते हैं। साथ ही इनके विचारों के दृष्टिगत भारत में चालू वर्तमान शिक्षा पद्धति का मूल्यांकन भी किया जाना चाहिए।

एथेंस वासी श्री प्लेटो का कहना है 'शिक्षा से मेरा अभिप्राय उस प्रशिक्षण से है जो शिशुओं में उचित आदतों के निर्माण के द्वारा सद्गुणों को उत्पन्न करता हैं। इस प्रशिक्षण से हमें यह योग्यता प्राप्त हो जाती है कि हम उस वस्तु से सदा घृणा करें, जिससे हमें करनी चाहिए और उस वस्तु से प्रेम करें, जिससे वास्तव में किया जाना चाहिए।'. ऐसा नहीं कि जिससे हम चाहें घृणा करें जिससे चाहें प्यार करें।

इंग्लैंड निवासी श्री हरबर्ट स्पेन्सर के मत में 'शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को सम्पूर्ण जीवन के लिए तैयार करना है। जीवन की प्रत्येक आवश्यकता—बौद्धिक नैतिक तथा शारीरिक शिक्षा के द्वारा पूरी होनी चाहिए।' वर्तमान शिक्षा से इन में से किसी एक आवश्यकता की भी पूर्ति नहीं हो रही।

शिकागो के प्रसिद्ध शिक्षा विशेषज्ञ अध्यापक श्री जान डीवी की सम्मति में 'शिक्षा उन सब शक्तियों के विकास का नाम है, जिनके द्वारा मनुष्य में अपने वातावरण पर नियन्त्रण रखने की तथा अपनी समस्त शक्तियों के विकास की सामर्थ्य उत्पन्न होती हो।' इस शिक्षा से अपने वातावरण पर नियन्त्रण रखने और अपनी शक्तियों के विकास की सामर्थ्य किसी भी अंग में उत्पन्न नहीं होती।

१९वीं शताब्दि के महान भारतीय सुधारक तथा युग प्रवर्त्तक महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की दृष्टि में 'शिक्षा का लक्ष्य धर्माचरण है।' वह धर्म को वैशेषिक दर्शन के शब्दों में 'मतो अभ्युदय निश्श्रेयस् सिद्धिः स धर्मः' अर्थात जिससे सर्वांगपूर्ण रूप से जीवन विकसित हो और इस जीवन के पश्चात मोक्ष भी प्राप्त हो, वह धर्म है—ऐसा मानते हैं।

वह शिक्षा का प्रारम्भ वर्णोचार से मानते है। उनका अभिप्राय है कि प्रारम्भ में बालक को वर्णों का शुद्ध उच्चारण सिखाया जाना चाहिए। इस शिक्षा से शिक्षित तो प्रोफैसर भी तालव्य 'श' और मूर्धन्य 'ष' को दन्त्य 'स' बोलते हैं। 'महेन्द्र' का 'महेन्दर' और योगेन्द्र का योगेन्दर उच्चारण तो सामान्य सी बात है ही। अशुद्ध उच्चारण शब्दों के अर्थ बदल कर अनर्थ तो कर ही देते हैं, किन्तु लगता ऐसा है कि अर्थ अनर्थ का विचार न करने का ही सम्भवतः यह मनोवैज्ञानिक प्रभाव हुआ है कि वर्तमान शिक्षा में पले व्यक्ति आजीविका प्राप्ति में भी अर्थ-अनर्थ की चिन्ता किए बिना, जिस किसी प्रकार भी सम्भव हो, धन अर्जन में लगे रहते हैं। जैसे वर्णों के अशुद्ध प्रयोग के लिए कह दिया जाता है–काम चलने से मतलब, शुद्ध बोला तब क्या अशुद्ध बोला तब क्या ? ठीक उसी प्रकार आजीविका के विषय में भी उचित-अनुचित का विचार समाप्त प्रायः है।

महर्षि दयानन्द भारत की प्राचीनतम शिक्षा पद्धति गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के पक्ष पोषक हैं। स्वामी विवेकानन्द जो महाराज का भी मत यह है कि शिक्षा 'गुरु-गृह-बास है।' उनकी मान्यता है कि शिक्षक के व्यक्तिगत जीवन के बिना शिक्षा हो ही नहीं सकती। शिक्षक का चरित्र अग्नि के समान प्रकाशमान हो, उसे उच्चतम आदर्शों की सजीव मूर्ति होना है। उसे ज्ञान-दान के लिए सदा तत्पर रहना चाहिए। ज्ञान का दान बिना त्याग के नहीं हो सकता अतः उसे त्यागी भी होना चाहिए।

शिक्षक को छात्र के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए। शिष्य में सारी शक्ति लगा देने वाला ही सच्चा गुरु है। अच्छा शिक्षक अपने को शिष्य के स्तर पर लाकर अपनी आत्मा को शिष्य की आत्मा में प्रविष्ट कर देता है। शिक्षक को अपने शिष्यों के प्रति प्रेम होना चाहिए। जिस शिक्षक के हृदय में छात्र के प्रति प्रेम नहीं उमड़ता, वह छात्र को कुछ भी शिक्षा नहीं दे सकता। प्रेम सचार... लोभ नहीं आना चाहिए और न स्वार्थ। प्रेम केवल शिष्य को निर्देशित करने के लिए हो। ऐसे शुद्ध प्रेम से आध्यात्मिकता जागृत होती है। स्वामी विवेकानन्द जी महाराज का दृष्टिकोण वर्तमान शिक्षा से कदापि मूर्त रूप धारणा नहीं कर सकता। इन्हें तो मूर्त रूप महर्षि दयानन्द द्वारा निर्देशित गुरुकुल शिक्षा पद्धति से ही प्राप्त हो सकता है।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर की मान्यता के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य का शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक विकास होना चाहिए। वर्तमान शिक्षा इनमें से किसी एक विकास की साधक नहीं है। हां बाधक अवश्य बनी हुई है।

योगी श्री अरविन्द घोष के विचार में 'वास्तविक, जीवन्त तथा सच्ची शिक्षा वह है जो बालक की सुषुप्त शक्तियों को उद्बुद्ध कर दे।' उनका कहना है कि शिक्षा को मानवात्मा की मांगों की पूर्ति करनी चाहिए। क्या वर्तमान तथाकथित शिक्षा द्वारा इन दोनों बातों में से कोई हो पा रहा है।

महात्मा मोहनदास कर्मचन्द गांधी के विचार में 'जो शिक्षा चित्त की शुद्धि न करे, मन और इन्द्रियों को वश में रखना न सिखाए, निर्भयता और स्वावलम्बन पैदा न करे। निर्वाह का साधन न बताए तथा स्वतन्त्र रहने का हौसला और सामर्थ्य न उपजाये. उस शिक्षा में चाहे जितनी जानकारी का खजाना, तार्किक कुशलता और भाषा पांडित्य मौजूद हो–वह सच्ची शिक्षा नहीं है।' उन्होंने कहा था 'शिक्षा के द्वारा मनुष्य में स्वावलम्बन का गुण आना आवश्यक है। जब बालक विद्यालयीय शिक्षा समाप्त करे तो वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए उसे व्यवसायिक दक्षता प्राप्त करनी होगी।

(क्रमशः)

यह अंक

आपको कैसा लगा ?

आर्य मर्यादा आप ही के लिए प्रकाशित की जाती है. हम पूरी-पूरी कोशिश करते हैं कि आर्य मर्यादा का प्रत्येक अंक आपकी रुचि के अनुसार रहे और उससे आपको अधिक से अधिक सन्तोष हो और यह आप की प्रिय पत्रिका बनी रहे।

कृपया हर अंक पर अपनी राय भेजिये कौन सी रचना आप को पसन्द आई, कौन सी नहीं आई, आप किन विषयों पर लेख पढ़ना पसन्द करेंगे, हम आपकी आलोचना और सुझावों का स्वागत करेंगे।

—सह-सम्पादक

सम्पादकीय

आर्य हिन्दू एवं आर्य समाजी

पिछले वर्ष जबकि ईरान के शाह का आगमन भारत में हुआ था, उस समय मैंने अनेक समाचार पत्रों में. विशेषतः अंग्रेजी के समाचार पत्रों में, प्रकाशित विज्ञापन रूप में समर्पित शुभ कामनाओं को जब पढ़ा तो आश्चर्य मिश्रित हर्ष हुआ कि शाह ईरान को आर्य मिहिर सम्बोधित किया था और यह विज्ञापन भी, यदि मैं भूल नहीं रहा हूं तो ईरान के एम्बेसी की ओर से प्रकाशित था। जिसका अभिप्रायः आर्यो का सूर्य था। मैंने फिर विचार किया कि 'आर्य' शब्द में कितनी सार्वभौमिक रूप छिपा हुआ है। उसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख या अन्य मत-भेदों को कोई स्थान नहीं था।

क्योंकि आचरण से आर्य कहाते थे। जिसका आचरण व्यक्ति, परिवार, समाज एवं राष्ट्र का उत्थान करने वाला हो। उसी को आर्य कहा करते थे। अगर आर्यत्व को एक रेखा चित्र के अन्दर साक्षात् किया जाए तो अनुमानतः यही बनेगा कि चार भुजाओं वाला आर्यत्व है। एक भुजा में वैदिक धर्म की पताका, दूसरे में वेद की मशाल, तीसरे में शक्ति का प्रतीक कमल, चौथी भुजा में अनुशासन का प्रतीक गदा स्थित है। आर्यत्व शक्ति एवं धैर्य रूपी पैरों पर खड़ा है तथा आत्म विश्वास रूपी धरातल पर उसके पैर जम चुके हैं। यह तो प्राचीन युग का एक सलोना रूप था।

जब मध्य युग का पदार्पण हुआ तो आर्य जाति को विभाजित हमारे स्वार्थ राजनीति ने कर दिया। तब हिन्दू, मुस्लिम आदि अनेक भेद हो गये। आर्यत्व हिन्दुत्व की संकीर्ण दायरे में बन्द हो गया। जब हमें यह विचार करने का मौका मिला, कि हिन्दू चोर, लुटेरों का नाम, सिन्धु तटवर्ती इलाकों के आधार पर या पड़ा है तो आर्य शब्द को वापस लेने का अनथक प्रयास किया गया जिसमें कि काफी सफलता हासिल की। पर आर्य के साथ समाजी शब्द जोड़ कर हमने खोई हुई वस्तु को पुनः प्राप्त किया।

मेरी इसमें दो राय नहीं कि आर्य समाज से सम्बन्धित व्यक्ति को आर्य समाजी कहना गुनाह है। पर दुःख मुझे इसलिए होता है कि हम उसी मजहबी वातावरण में आ फंसे। खुलासे में अगर कहा जाये, तो पुराण को मानने वाले पौराणिक होते हैं, ईसू के अनुयायी ईसाई होते हैं। अगर हमें गुरु शिष्य परम्परा या धर्म ग्रन्थ के आधार पर ही अपने आपको व्यक्त करना था तो 'दयानन्द' अथवा 'वेदी' को आगे लाना था, चूंकि आर्य समाज न पुस्तक का नाम हैं, न सम्प्रदाय का तो क्यों हम पूर्वो का हिन्दू जाति को विभाजित करके, पौराणिक, एवं आर्य समाजी के नाम से अपने आपको प्रकट करें। आर्य समाज एक संगठन है। संगठन के नाम पर अपनी जाति को सम्बोधित करना एक धर्म के प्रति कृतघ्नता प्रकट करना है। जैसे कांग्रेस गुट के सदस्यों को कांग्रेसी नाम रखकर भारतीय एकात्मकता को चोट की है इसी प्रकार वैदिक धर्म या आर्यत्व को चोट पहुंचाई है। आज हम किन हालातों में से होकर गुजर रहे हैं इसका नमूना हम सरिता के सितम्बर ७८ द्वितीय अंक में देख सकते हैं। उसमें लिखा है।

'स्वामी दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना हिन्दू समाय से अन्धविश्वास अवतारवाद व मूर्तिपूजा हटाने के लिये की थी, पर आज आर्य समाज के पदाधिकारी अपने पद और आमदनी बनाए रखने के लिये यह सब जानबूझ कर भुला रहे हैं। (पृष्ठ ८१)

इन वाक्यों में हीनता की बदबू कितनी जोर से हम को तंग कर रही हैं, इसका एहसास केवल स्वाभिकारी सहृदय पाठक ही कर सकते हैं। सिखो ने तों निरंकारियों का बहिष्कार हुक्मनामे को लिखकर किया था. पर हम अपने आपको आर्य समाजी कहकर अपने आप बहिष्कृत हो रहे हैं, हमारी बेटियों-बेटों का रिश्ता अगर कोई लेना भी चाहेगा तो हजार बार आगा-पीछा सोचकर आगे कदम बढ़ाएगा। आर्य समाजी, आर्य समाजी से रिश्ता जोड़ना कम ही पसन्द करेगा। क्या यह सब हृदय विदारक समाचार नहीं? आज का युग अपने आपको संकुचित करके अल्प-संख्यक या साम्प्रदायिकता को घेरे में लाने का युग नहीं।

जब हम अपने आपको हिन्दू या आर्य समाजी न कहकर आर्य कहलाने लगेंगे तब मालूम होगा कि विश्व तो आर्य पहले से ही बना है, जरूरत है उस आर्यत्व को कायम रखने की। संगठन के नाम पर जाति का नामकरण करना न केवल अपने लिये घातक है अपितु हमारे देश के लिये भी घातक है:

—सह-सम्पादक

बापू : आज का शासन

२ अक्तूबर को महात्मा गांधी का जन्म दिन भारत का बच्चा ही नहीं, देश के शासक एवं प्रशासक सभी गांधी जी के बुत पर (समाधि पर) श्रद्धा के साथ फूल चढ़ाकर मनाते हैं, 'रघुपति राघव राजा राम, का कीर्तन करते हैं। यही रीति हर साल निभाई जा रही है। पर देखने में वही ढाक के तीन पात। बापूजी का स्वप्न था कि राम-राज्य की स्थापना। राम-राज्य की तीन विशेषताएं थीं। १. दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप, इन तीनों का अभाव। २. राज्य, पद (कुर्सी) के प्रति निस्पृह भाव। प्रसिद्ध है अयोध्या की राजगद्दी के लिये राम एव भरत का पारस्परिक व्यवहार। ३. प्रेम भरा वातावरण।

आज के शासन में इन्हीं तीनों का अभाव हैं। किसी व्यक्ति की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने का तात्पर्य उनके बताये मार्ग पर चलना है। तीस साल तक कांग्रेस का शासन रहा, डेढ़ साल से जनता पार्टी का शासन रहा, क्या बापू के सपनों का थोड़ा-बहुत आदर किया है? मैं आज के वातावरण का वर्णन नहीं करना चाहता। फिर भी इसके जरिये आर्यों से पूछना चाहूंगा कि यह ढोंग कब तक चलता रहेगा? कौन इसको समाप्त करेगा?

श्री मोहनदास कर्मचन्द गांधी भारत के कर्णधारों के निर्माता थे। वे इनके कन्धों पर भारत का एक भव्य भवन खड़ा करना चाहते थे। पर आज उनके अनुयायी दुश्चरित्रता, हिंसा, बलात्कार, असुरक्षा, कुशिक्षा को आधार बनाकर भारतीयता को टिकाना चाहते है, क्या सम्भव है? गांधी जी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में हटात् हमें इस नुक्ते पर सोचना पड़ेगा।

सह-सम्पादक

सत्य का अभियान

कवि कस्तूरचन्द जी 'घनसार' प्रधान आर्य समाज पीपाड़ शहर

चला! सत्य का अभियान!

असुर आतङ्कता से है परेशान भले मानुष!
उनके कुकर्त्तव्य से है आज चले मानुष!
दिन-दिन होती है बड़ हान!
चला! सत्य का अभियान ।१।

अनार्यो की चल रही, सत्य सत्ता को है लोप!
इधर हो रहा काली करतुतियों का है कोप!!
मिटता जा रहा अरमान!
चला! सत्य का अभियान ।२।

दस्यों की है भरमार, लज्जा को रहे लूट!
आर्य रत्न मालाओं की रही है लड़ियां टूट!
कर वैदिक याद विधान!
चल! सत्य का अभियान ।३।

अकर्मण्यता अनिष्ठता मत्यता रही है छाय!
भौतिकता के लोलुन रहे विलासता को बिछाय!!
करते क्रीड़ा कीट मलान!
चला! सत्य का अभियान!!

ऋषि की लेखमाला को है कर याद चल!
आर्य सद्भावो को जगा के कर निनाद चख!!
बन मानव देव महान्!
चला! सत्य का अभियान!!

हमारी शिक्षा पद्धति–5

स्वामी वेदमुनि परिव्राजक अध्यक्ष-वैदिक संस्थान, नजीबाबाद (उ०प्र०)

व्यवसाय में कुशलता प्राप्त करना देश और समाज के लिए तो लाभकारी है ही, स्वयं व्यक्ति के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा प्राप्त करने पर भी यदि बालक बेकार रहता है तो इसमें शिक्षा का ही दोष है।"

उन्होंने यह भी कहा था "मैं शिक्षा के साहित्यिक पक्ष की अपेक्षा सांस्कृतिक पक्ष को अधिक महत्व देता हूं। संस्कृति प्रारम्भिक वस्तु तथा आधार है।" तथ्य यह है कि संस्कृति विहीन साहित्य—हो ही नहीं सकता। जो मानव और मानव समाज का हित सिद्ध न करे—वह साहित्य नहीं है। मानवता का विकास तो संस्कृति में ही निहित है। संस्कृति से ही मनुष्य संस्कृत होता है, नहीं तो राक्षस, पिशाच आदि बन जाता है। सांस्कृतिक आधार के बिना साहित्य कोरा शब्दाडम्बर मात्र रह जाता है। उससे मानवता का हित तो संभव है ही नहीं, अहित की संभावना सुनिश्चित है। अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए गांधी जी कहते है "मैंने हृदय की संस्कृति या चरित्र-निर्माण को सदा प्रथम स्थान दिया है। मैंने चरित्र-निर्माण को शिक्षा की उपयुक्त आधारशिला माना है।"

गांधी जी वैयक्तिक स्वतन्त्रता का सदा आदर करते थे, किन्तु व्यक्ति को वह सामाजिक प्राणी के ही रूप में देखते थे। उनके विचार से "व्यक्तित्व का विकास शून्य में असम्भव है।" इसीलिए वह यह कहते थे कि "शिक्षा द्वारा आध्यात्मिक स्वतन्त्रता प्राप्त होनी चाहिए।" इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि वह "सा विद्या या विमुक्तये" विद्या वह है, जो मुक्ति के लिए है, का आदर्श मानते थे। जो साहित्य सांस्कृतिक आधार पर खड़ा होगा, वही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर सकेगा सांस्कृतिक पथ से भ्रष्ट पुस्तकों के द्वारा इसकी सम्भावना नहीं हो सकती। शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य तो मुक्ति होना ही चाहिए, किन्तु स्वावलम्बन और आत्म-निर्भरता के बिना मोक्ष का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। इनके अभाव में तो मानव दुष्कर्मों में प्रवृत्त हो जाता है। अतएव समग्र रूप से गांधी जी के यह विचार हमें वैशेषिक की उसी घोषणा का अनुसरण करने का निर्देश करते हैं "जिससे इस लोक में जीवन का सर्वांग विकास हो और मृत्योपरान्त मोक्ष मिले, वही धारण करने योग्य है और यह धारण सामर्थ्य सांस्कृतिक आधार पर स्थित शिक्षा और साहित्य से ही सम्भव है।

"गांधी जी ने वैयक्तिक तथा सामाजिक दोनों प्रकार के उद्देश्यों का प्रतिपादन किया है। व्यक्ति और समाज एक दूसरे के पूरक हैं न कि विरोधी। गांधी जी बालकों में नैतिक गुणों का विकास करना चाहते थे। साक्षरता अपने आप में शिक्षा नहीं है। बच्चे का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास ही शिक्षा है। जीवन में श्रम का अत्यधिक महत्व है। गांधी जी श्रम को जीवन का आवश्यक आधार बताते थे। कहीं ऐसा न हो कि बालक श्रम से घृणा करने लगे। गांधी जी बालकों में श्रम का आदर जमा कर उनमें श्रम की आदत डालना चाहते थे।" यह विचार श्री रामशकल पाण्डेय ने अपनी पुस्तक में गांधी जी के दृष्टिकोण के विषय में प्रगट किए हैं।

डा. रामशकल पाण्डेय का कथन है कि "आज हमारी सम्पूर्ण शिक्षा परीक्षा केन्द्रित हो गई है। इसका कारण है सरकारी नौकरियों का लोभ, जो हमें अंग्रेजी शासन-काल से उत्तराधिकार में मिला है। सरकारी नौकरी के लिए कागज के प्रमाण-पत्रों का अधिक मूल्य व्यक्ति के आदर्शों एवं उस की मान्यताओं का बहुत कम।' पाण्डेय जी आगे लिखते हैं "परीक्षा में अच्छी श्रेणी प्राप्त करना जीविकोपार्जन के लिए अधिक उपयोगी है और परीक्षा में अच्छी श्रेणी प्राप्त करने के लिए परीक्षक की चाटुकारिता......शिक्षा के नाम पर बेसिर-पैर की बातें रटना, परीक्षा के दिनों में किताबी कीड़ा बन जाना...... अपने चारों ओर शिक्षा जगत में यही तो हो रहा है।"

अन्त में इतना कहकर हम अपने पाठकों से विदा लेते हैं कि इन शिक्षा-शास्त्रियों के विचारों को अपने लेख के अन्तिम भाग में उद्धत करने का हमारा अभिप्राय यह है कि शिक्षा समस्या पर हमने जो विचार इस लेख में व्यक्त किए हैं, उन में हम अकेले नहीं हैं अपितु विश्व के उक्त प्रसिद्ध शिक्षा-शास्त्री और महापुरुषों के मत भी हमारे दृष्टिकोण के प्रबल समर्थक हैं। इतना लिखने के पश्चात् हम यह आशा करेंगे कि यदि हमारे यह विचार देश के वर्तमान अधिकारों के पास तक पहुंचे तो अच्छा हो।

जब तक शिक्षा का सुधार नहीं होगा, भारत का वास्तविक हित नहीं होगा—सरकार चाहे जितने कानून और योजनाएं बनाले। यदि देश के स्वाधीन होने ही शिक्षा का सुधार हो जाता तो अब तक की तीस वर्षीय अवधि में भारत वास्तविक अर्थों में राष्ट्र बन गया होता। यदि अब भी राष्ट्र-नेताओं के नेत्र खुल जायें तो केवल बीस वर्ष में राष्ट्र का नव-निर्माण हो जायगा।

आर्यजन वैदिक संस्कृति के सैनिक बन कर सामने आएं

—डा. सत्यव्रत

विगत दिनों नैरोबी में भूतपूर्व संसद सदस्य और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति डा. सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार ने आज आर्य समाजियों को आह्वान किया कि जिस तरह आज से २२५० वर्ष पूर्व अशोक महान द्वारा आयोजित महासभा के बाद संसार के कोने-कोने में शांतिदूत, तथा अहिंसा के सन्देश लेकर चल पड़े थे उसी तरह अशांति तथा सकटों से ग्रस्त मानवता की शांति एवं आध्यात्मिकता का सन्देश देने के लिए वे ऋषि दयानन्द के वैदिक संस्कृति के सैनिक बनकर आगे आएं।

डा. सिद्धान्तालंकार आज यहां आर्य समाज नैरोबी की स्वर्ण जयन्ती समारोह पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के अध्यक्ष पद से भाषण कर रहे थे।

इस आर्य सम्मेलन में भारत, अमरीका, कनाडा, मारीशस व पूर्वी अफ्रीका से लगभग ५०० प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार इस में विशुद्ध नागरिकता व विश्वबन्धुत्व के आर्यसमाज के महान सिद्धांतों पर विशेष रूप से जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के विशाल भवनों में शांति तथा भ्रातृत्व के लच्छेदार भाषणों के बावजूद विश्व में शांति का वातावरण उत्पन्न नहीं हो रहा, क्योंकि अशांति लड़ाई झगड़ा युद्ध आदि भूमि में नहीं लड़े जाते मनुष्य की मनोभूमि में लड़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों मैं "मेरा मन सभी के कल्याण कार्यों में लगे" सन्देश विश्व के कोने कोने में पहुंचा कर इस समस्या का हल ही निकाला जा सकता है।

मानव समाज के जीवन में चारों तरफ व्यास असंतोष एवं अशान्ति की समस्या को हल करने के ऐतिहासिक परिवेक्षण में वैदिक विचारधारा की भूमिका की चर्चा करते हुए डा. सिद्धातालंकार ने कहा कि आज के युग में जब वेदों तथा वैदिक संस्कृति का हम नाम लेने लगे थे, वेद क्या कहते हैं. भूल गए थे।

उन्होंने कहा कि ऋषि दयानन्द ने फिर से उस सन्देश को जगाया और घोषणा की कि मानव समान "कृण्वन्तो विश्वमार्यम" की राह पर चल कर ही भौतिक बाद के प्रलयकारी परिणाम से बच सकता है। इसी उद्देश्य से आर्य समाज की स्थापना हुई।

संस्कृति की गूंज पैदा कर उस दृश्य का आर्य समाज के संस्थापक ने सपना लिया था।

उन्होंने कहा कि आज हम जिस लक्ष्य को लेकर यहां एकत्रित हुए हैं वह तभी पूरा होगा जब हम सारे संसार में भारत के ऋषि मुनियों की आवाज को गुंजा देंगे। सदियों से भौतिक वाद के जिस मार्ग पर संसार चला आ रहा है उस पर चलते-चलते वह थक गया है और हाथ उसके कुछ भी नहीं आया है।

वैदिक उपवन के माली

श्री स्व. प्रकाशचन्द्र कविरत्न अजमेर

दयानन्द बनकर आए, वैदिक उपवन के माली,
उपवन में नाना मत, पन्थों के कटु झाड़ बढ़े थे,
जन्तु विषैले पाखण्डी धूर्तों के अमित कढ़े थे,
तर्क कुठारे मे ऋषि ने सब भूमि शुद्ध कर डाली।

कड़ी धूप से उपवन के तब, पौधे थे मुरझाये,
हृदय रक्त से सींच-सींच कर ऋषि ने वे पनपनाये,
भाये मृदु फल-फूल हुई मन मानन अति हरियाली।
बन्दर आदि ढीठ वनचर उत्पात न कहीं मचाएं,
उपवन में घुसकर तरु पौधे नष्ट नहीं कर पाएं,
चहुं दिशि बाड़ लगा दी ऋषि ने आर्य समाज निराली।
आर्य समाज धूर्त ना-समझों को कण्टक लगता है,
सुबुध भलों के उर में आदर इसके प्रति जगता है.
इसके द्वारा उपवन की ऋषि ने दुर्दशा सम्भाली।
भ्रमित व्यक्ति जन को जो था अमृत फल देने वाला,
उस ऋषि माली को पिलवाया दुष्टों ने विष प्याला.
सम्वत् उन्नीस सौ चालीस की कैसी थी दीवाली।
बना गये ऋषि लेखराम, श्रद्धानन्द वीर लाजपत,
संन्यासी दर्शनानन्द जी हंसराज श्री गुरुदत्त,
करते रहे प्राणपण से इस उपवन की रखवाली।
श्री पं० नरेन्द्र कहलाए जो सोमानन्द स्वामी,
रहे अखण्ड ब्रह्मचारी सच्चे वैदिक पथगामी,
इस उपवन की रक्षा हित काया अर्पण कर डाली।
आर्यजनों! अब करो, आप रक्षा वैदिक उपवन की,
इसके लिये 'प्रकाश' लगा दो बाजी तन-मन-धन की,
जागृत रहो न कर पाये पामाली, शत्रु कुचाली।

इतिहास के पृष्ठों से—

दण्डी विरजानन्द विद्यालय और महर्षि दयानन्द का विद्याध्ययन

श्री प्रभुदयाल भोतल मथुरा

यह महत्वपूर्ण एवं परिचयात्मक लेख वर्तमान आर्य सन्तति के ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से पुनः प्रकाशित किया जा रहा है। आशा है पाठक वर्ग इस लेख से कुछ लाभ उठाएगा।

—सह-सम्पादक

भारतवर्ष के प्राचीन और इतिहास प्रसिद्ध नगरों में मथुरा का महत्व सर्वमान्य है। भगवान् श्री कृष्ण के जन्म-स्थान होने के अतिरिक्त यह नगर विविध विद्याओं, कलाओं और ज्ञान-विज्ञान का भी विख्यात केन्द्र रहा है। इसके महत्व के कारण ही देश के प्रायः सभी प्रमुख धर्मों और सम्प्रदायों ने समय-समय पर यहां अपने मन्दिर, मठ, देवालय और केन्द्र बनाये, जिनके कारण विभिन्न स्थानों से आए हुए विशिष्ट व्यक्तियों का समुदाय यहां पर सदा से निवास करता रहा है। उन्होंने मथुरा के मूल निवासियों से भी अधिक इस नगर की गौरव-वृद्धि में योग दिया है। दण्डी विरजानन्द जी और स्वामी दयानन्द जी मथुरा के मूल निवासी नहीं थे। किन्तु उन्होंने इस नगरी के महत्व को वहां पर निवास कर और यहां से प्रेरणा प्राप्त कर अपनी कीर्ति कौमुदी के साथ ही साथ मथुरा की यशोगाथा को भी विस्तीर्ण किया है।

दण्डी जी का संक्षिप्त परिचय—

दण्डी विरजानन्द जी का जन्म पंजाब के करतारपुर नगर के निकटवर्ती गंगापुर ग्राम में सं० १८३५ के लगभग हुआ था। वे भारद्वाज गौत्रीय सारस्वत ब्राह्मण थे। उनके पिता का नाम नारायण दत्त था उनका अपना नाम क्या था, यह ज्ञात नहीं होता है। यह निश्चित है संन्यास की दीक्षा लेने के अनन्तर उनका गुरुप्रदत्त नाम विरजानन्द हुआ था। वे इसी नाम से विख्यात हैं। मथुरा में वे दण्डी स्वामी के नाम से प्रसिद्ध रहे हैं। नेत्रहीन होने से प्रज्ञा चक्षु भी कहलाते थे। वे जन्मान्ध तो नहीं थे किन्तु ५ वर्ष की अवोधावस्था में शीतला रोग से नेत्रहीन होने के कारण जन्मान्ध जैसे हो गये थे। उनकी स्मरण शक्ति और मेधा असाधारण थी। इन जन्मजात दैवी गुणों के कारण ही उनकी नेत्रहीनता उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधक नहीं हुई और कालान्तर में वे अपने समय के प्रकाण्ड विद्वान हुए।

विरजानन्द जी के नेत्रहीन होने पर भी उनके पिता ने उन्हें आरम्भिक शिक्षा देने का आयोजन किया था। दुर्भाग्य से उनके माता-पिता की शीघ्र मृत्यु हो गई और वे १२ वर्ष की बाल्यावस्था में अनाथ हो गए। इससे दुःखी होकर वे अपने जन्म स्थान को छोड़ कर हरिद्वार चले गये। वहां ऋषिकेश में निवास कर वे अहर्निश तपस्या और गायत्री मन्त्र का जाप करने लगे। कहते हैं उन्हें गायत्री मन्त्र सिद्ध हो गया था। इनके फलस्वरूप उनके ज्ञान-चक्षु खुल गये और उनको बुद्धि का अद्भुत रूप मे विकास हुआ। ऋषिकेश में वे कनखल गये। वहां पर उन्होंने व्याकरणादि विद्याओं का अध्ययन कर उनमें दक्षता प्राप्त की थी।

कनखल में उन्होंने पूर्णानन्द नामक विद्वान से संन्यासाश्रम की दीक्षा ली थी, तदुपरान्त वे विरजानन्द नाम से प्रसिद्ध हुये। कनखल से वे काशी गये। वहां पर उन्होंने अपने विद्याध्ययन को पूर्ण किया। काशी में वे अध्ययन के साथ ही साथ अध्यापन कार्य भी किया करते थे। इस से उनकी विद्या का भली-भान्ति विकास हो गया था। उनके दीक्षा गुरु के रूप में पूर्णानन्द संन्यासी का नाम विदित है, किन्तु उनके शिक्षा गुरु का नाम प्रसिद्ध नहीं है। उन्होंने अलवर में जिस ग्रन्थ की रचना की थी, उसके अन्त में उन्होंने अपने को गौरीशंकर का शिष्य बतलाया है। इससे ज्ञात होता है कोई गौरीशंकर नामक विद्वान उनके शिक्षा गुरु थे।

काशी में विद्याध्ययन करने के उपरान्त वे गया आदि विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हुए सोरों आए। वहां के गड़ियाघाट पर निवास कर उन्होंने अध्यापन कार्य आरम्भ किया था। उन के सोरों निवासी शिष्यों में अंगदराम का नाम उल्लेखनीय है। सोरों में एक बार अलवर के राजा विनयसिंह गंगा स्नान के लिए आए थे। वे विरजानन्द की विद्वता से बड़े प्रभावित हुये। राजा विनयसिंह विद्याव्यसनी और विद्वानों के आश्रयदाता थे। उनके समय अलवर सुप्रसिद्ध विद्या केन्द्र बन गया था। उन्होंने विरजानन्द जी से अलवर चलने का विशेष आग्रह किया। विरजानन्द जी इस शर्त पर अलवर जाने को राजी हुए कि राजा उनसे व्याकरण पढ़ेगा। इसमें शिथिलता होते ही वे अलवर से चले आवेंगे।

राजा विनयसिंह ने अलवर में विरजानन्द जी के निवासादि की यथोचित व्यवस्था की थी। वे साधारण विद्यार्थी की भान्ति दण्डी जी से व्याकरण पढ़ने लगे, किन्तु राजकार्य में अत्यधिक व्यस्त होने के कारण कभी-कभी उन्हें अध्ययन के लिये समय नहीं मिल पाता था। इससे असन्तुष्ट होकर विरजानन्द जी अलवर से सोरों वापिस चले गये। राजा विनयसिंह की प्रार्थना पर उन्हें सुगमता पूर्व व्याकरण की शिक्षा देने के लिए विरजानन्द जी ने अलवर में 'शब्द-बोध' नाम ग्रन्थ की रचना की थी। कहते हैं, इसकी हस्तप्रति अलवर के राजकीय पुस्तकालय में सुरक्षित है। यदि यह वहां पर है, तो उसे दण्डी जी की कीतिरक्षा के लिए संपादित रूप में प्रकाशित कराना अत्यावश्यक है।

अब की बार वे अस्वस्थ हो जाने से सोरों में अधिक समय तक नहीं रह सके, स्वस्थ होते ही वे सोरों से मुरसान और वहां से भरतपुर चले गये। वहां के राजाओं ने उनका भली-भांति आतिथ्य सत्कार किया था, किन्तु वे दोनों स्थान विरजानन्द जी की स्थायी निवास के लिए उपयुक्त नहीं हुये। ऐसा जान पड़ता है, दण्डी विरजानन्द जी का मन तीर्थ स्थानों में अधिक रमता था। उस काल के तीर्थ स्थान धर्म, संस्कृतिके और विद्या के केन्द्र होते थे, अतः विरजानन्द जी जैसे विद्वान का मन उन स्थानों में लगना स्वभाविक ही था। यही कारण है अपना जन्म स्थान छोड़ने के उपरांत वे हरिद्वार, काशी, गया और सोरों में अधिकतर रहे थे। उन्हें आवश्यकतानुसार, मुरसान, भरतपुर आदि स्थानों में भी रहना पड़ा था, किन्तु उनका मन वहां नहीं लगा।

दण्डी जी का मथुरा आगमन और विद्यालय की स्थापना—

सोरों में निवास करते समय ही वे मथुरा के महत्व से प्रभावित थे। जब उन्होंने सोरों छोड़ दिया, तब वे मथुरा में स्थायी रूप से रहने लगे। उनके लिए मथुरा एक अपरिचित स्थान था, किन्तु वहां पर उन का एक परिचित व्यक्ति अलवर राज्य का जागीरदार गूजरमल निवास करता था। उसका मकान मथुरा चौक बाजार में था। जब विरजानन्द जी भरतपुर से मथुरा में स्थायी निवास करने गये, तब वे सर्वप्रथम उक्त गूजरमल के मकान पर ही ठहरे थे। पं० लें... के मतानुसार दण्डी विरजानन्द जी ... १८९३ में मथुरा आये थे। श्री देवे... नाथ मुखोपाध्याय के अनुसंधान से द... जी का आगमन १९०३-४ के लग... सिद्ध होता हैं। हमारे विचार से ... देवेन्द्रनाथ जी का मत ठीक हैं।

मथुरा आगमन से पहले भी दण्डी जी विभिन्न स्थानों में व्याकरण की शिक्षा दे चुके थे, किन्तु वहां पर ... कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई ... संवत् १९०४ में उन्होंने मथुरा में ... रूप से विद्यालय की स्थापना कर, विधि पूर्वक अध्यापन का समारम्भ किया। कहते हैं, यह विद्यालय सर्वप्रथम गूजरमल के मकान में अथवा गतूकम नारायण के मन्दिर में स्थापित हुआ था। दो ... वाद इसके लिए कंस-खार के ... दो मजिला मकान ले लिया ... उसी में नियमित रूप से विद्याल... कार्य चलने लगा। इसमें पढ़ने वाले अ... छात्र व्याकरण के नामी विद्वान हुए।

दण्डी विरजानन्द जी एक अ... अध्यापक थे। उनके अध्यापन की ... भी अपूर्व थी। वे छात्रों को बड़ी सु... पूर्वक विषय का बोध कराते थे। वे ... से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेते बल्कि निर्धन विद्यार्थियों की पुस्तकों ... व्यवस्था भी करा देते थे। उनके जी... निर्वाह तथा विद्यालय संचालन ... समस्त व्यय अलवर, भरतपुर और ... के राजाओं द्वारा दी हुई सहायता ... चलता था।

दण्डी जी द्वारा आर्ष ग्रन्थों ... आग्रह—

यह प्रसिद्ध बात है, दण्डी जी ... ग्रन्थों के प्रचार और अनार्ष ग्रन्थ... बहिष्कार के प्रबल आग्रही थे। इ... वे सिद्धान्त कौमुदी, मनोरम... जैसे अनार्ष व्याकरण ग्र... अष्टाध्यायी जैसे आर्ष व्या... पढाने के पक्षपाती थे। ऐस... है, दण्डी जी का यह आग्रह आरम्भ... नहीं था। उनके समय में सिद्ध... कौमुदी का विशेष प्रचार था और अ... ध्यायी जैसे सूत्रबद्ध प्राचीन व्याक... को बहुत कम लोग पढ़ते थे। दण्डी ... भी आर्ष-अनार्ष ग्रन्थों का भेदभाव कि... बिना छात्रों की इच्छानुसार उन्हें ... प्रकार के ग्रन्थ पढ़ाया करते थे। ... वे आर्ष ग्रन्थों के इतने प्रबल पक्षपा... क्यों हो गये ? इसके सम्बन्ध में दो ... वदतियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

वे क्या थीं अगले अंक में पढ़िए।

हमारी शिक्षा पद्धति–5

स्वामी वेदमुनि परिव्राजक अध्यक्ष-वैदिक संस्थान, नजीबाबाद (उ०प्र०)

व्यवसाय में कुशलता प्राप्त करना देश और समाज के लिए तो लाभकारी है ही, स्वयं व्यक्ति के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा प्राप्त करने पर भी यदि बालक बेकार रहता है तो इसमें शिक्षा का ही दोष है।"

उन्होंने यह भी कहा था "मैं शिक्षा के साहित्यिक पक्ष की अपेक्षा सांस्कृतिक पक्ष को अधिक महत्व देता हूं। संस्कृति प्रारम्भिक वस्तु तथा आधार है।" तथ्य यह है कि संस्कृति विहीन साहित्य—हो ही नहीं सकता। जो मानव और मानव समाज का हित सिद्ध न करे—वह साहित्य नहीं है। मानवता का विकास तो संस्कृति में ही निहित है। संस्कृति से ही मनुष्य संस्कृत होता है, नहीं तो राक्षस, पिशाच आदि बन जाता है। सांस्कृतिक आधार के बिना साहित्य कोरा शब्दाडम्बर मात्र रह जाता है। उससे मानवता का हित तो संभव है ही नहीं, अहित की संभावना सुनिश्चित है। अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए गांधी जी कहते है "मैंने हृदय की संस्कृति या चरित्र-निर्माण को सदा प्रथम स्थान दिया है। मैंने चरित्र-निर्माण को शिक्षा की उपयुक्त आधारशिला माना है।"

गांधी जी वैयक्तिक स्वतन्त्रता का सदा आदर करते थे, किन्तु व्यक्ति को वह सामाजिक प्राणी के ही रूप में देखते थे। उनके विचार से "व्यक्तित्व का विकास शून्य में असम्भव है।" इसीलिए वह यह कहते थे कि "शिक्षा द्वारा आध्यात्मिक स्वतन्त्रता प्राप्त होनी चाहिए।" इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि वह "सा विद्या या विमुक्तये" विद्या वह है, जो मुक्ति के लिए है, का आदर्श मानते थे। जो साहित्य सांस्कृतिक आधार पर खड़ा होगा, वही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर सकेगा सांस्कृतिक पथ से भ्रष्ट पुस्तकों के द्वारा इसकी सम्भावना नहीं हो सकती। शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य तो मुक्ति होना ही चाहिए, किन्तु स्वावलम्बन और आत्म-निर्भरता के बिना मोक्ष का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। इनके अभाव में तो मानव दुष्कर्मों में प्रवृत्त हो जाता है। अतएव समग्र रूप से गांधी जी के यह विचार हमें वैशेषिक की उसी घोषणा का अनुसरण करने का निर्देश करते हैं "जिससे इस लोक में जीवन का सर्वांग विकास हो और मृत्योपरान्त मोक्ष मिले, वही धारण करने योग्य है और यह धारण सामर्थ्य सांस्कृतिक आधार पर स्थित शिक्षा और साहित्य से ही सम्भव है।

"गांधी जी ने वैयक्तिक तथा सामाजिक दोनों प्रकार के उद्देश्यों का प्रतिपादन किया है। व्यक्ति और समाज एक दूसरे के पूरक हैं न कि विरोधी। गांधी जी बालकों में नैतिक गुणों का विकास करना चाहते थे। साक्षरता अपने आप में शिक्षा नहीं है। बच्चे का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास ही शिक्षा है। जीवन में श्रम का अत्यधिक महत्व है। गांधी जी श्रम को जीवन का आवश्यक आधार बताते थे। कहीं ऐसा न हो कि बालक श्रम से घृणा करने लगे। गांधी जी बालकों में श्रम का आदर जमा कर उनमें श्रम की आदत डालना चाहते थे।" यह विचार श्री रामशकल पाण्डेय ने अपनी पुस्तक में गांधी जी के दृष्टिकोण के विषय में प्रगट किए हैं।

डा. रामशकल पाण्डेय का कथन है कि "आज हमारी सम्पूर्ण शिक्षा परीक्षा केन्द्रित हो गई है। इसका कारण है सरकारी नौकरियों का लोभ, जो हमें अंग्रेजी शासन-काल से उत्तराधिकार में मिला है। सरकारी नौकरी के लिए कागज के प्रमाण-पत्रों का अधिक मूल्य व्यक्ति के आदर्शों एवं उस की मान्यताओं का बहुत कम।" पाण्डेय जी आगे लिखते हैं "परीक्षा में अच्छी श्रेणी प्राप्त करना जीविकोपार्जन के लिए अधिक उपयोगी है और परीक्षा में अच्छी श्रेणी प्राप्त करने के लिए परीक्षक की चाटुकारिता......शिक्षा के नाम पर बेसिर-पैर की बातें रटना, परीक्षा के दिनों में किताबी कीड़ा बन जाना...... अपने चारों ओर शिक्षा जगत में यही तो हो रहा है।"

अन्त में इतना कहकर हम अपने पाठकों से विदा लेते हैं कि इन शिक्षा-शास्त्रियों के विचारों को अपने लेख के अन्तिम भाग में उद्धत करने का हमारा अभिप्राय यह है कि शिक्षा समस्या पर हमने जो विचार इस लेख में व्यक्त किए हैं, उन में हम अकेले नहीं हैं अपितु विश्व के उक्त प्रसिद्ध शिक्षा-शास्त्री और महापुरुषों के मत भी हमारे दृष्टिकोण के प्रबल समर्थक हैं। इतना लिखने के पश्चात् हम यह आशा करेंगे कि यदि हमारे यह विचार देश के वर्तमान अधिकारों के पास तक पहुंचे तो अच्छा हो।

जब तक शिक्षा का सुधार नहीं होगा, भारत का वास्तविक हित नहीं होगा—सरकार चाहे जितने कानून और योजनाएं बनाले। यदि देश के स्वाधीन होने ही शिक्षा का सुधार हो जाता तो अब तक की तीस वर्षीय अवधि में भारत वास्तविक अर्थों में राष्ट्र बन गया होता। यदि अब भी राष्ट्र-नेताओं के नेत्र खुल जायें तो केवल बीस वर्ष में राष्ट्र का नव-निर्माण हो जायेगा।

आर्यजन वैदिक संस्कृति के सैनिक बन कर सामने आएं

—डा. सत्यवृत

विगत दिनों नैरोबी में भूतपूर्व संसद सदस्य और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति डा. सत्यवृत सिद्धान्तालंकार ने आज आर्य समाजियों को आह्वान किया कि जिस तरह आज से २२५० वर्ष पूर्व अशोक महान द्वारा आयोजित महासभा के बाद संसार के कोने-कोने में शांतिदूत, तथा अहिंसा के सन्देश लेकर चल पड़े थे उसी तरह अशांति तथा सकटों से ग्रस्त मानवता की शांति एवं आध्यात्मिकता का सन्देश देने के लिए वे ऋषि दयानन्द के वैदिक संस्कृति के सैनिक बनकर आगे आएं।

डा. सिद्धान्तालंकार आज यहां आर्य समाज नैरोबी की स्वर्ण जयन्ती समारोह पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के अध्यक्ष पद से भाषण कर रहे थे।

इस आर्य सम्मेलन में भारत, अमरीका, कनाडा, मारीशस व पूर्वी अफ्रीका से लगभग ५०० प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार इस में विशुद्ध नागरिकता व विश्वबन्धुत्व के आर्यसमाज के महान सिद्धांतों पर विशेष रूप से जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के विशाल भवनों में शांति तथा भ्रातृत्व के लच्छेदार भाषणों के बावजूद विश्व में शांति का वातावरण उत्पन्न नहीं हो रहा, क्योंकि अशांति लड़ाई झगड़ा युद्ध आदि भूमि में नहीं लड़े जाते मनुष्य की मनोभूमि में लड़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों में "मेरा मन सभी के कल्याण कार्यों में लगे" सन्देश विश्व के कोने कोने में पहुंचा कर इस समस्या का हल ही निकाला जा सकता है।

मानव समाज के जीवन में चारों तरफ व्यास असंतोष एवं अशान्ति की समस्या को हल करने के ऐतिहासिक परिवेक्षण में वैदिक विचारधारा की भूमिका की चर्चा करते हुए डा. सिद्धाता-लंकार ने कहा कि आज के युग में जब वेदों तथा वैदिक संस्कृति का हम नाम लेने लगे थे, वेद क्या कहते हैं. भूल गए थे।

उन्होंने कहा कि ऋषि दयानन्द ने फिर से उस सन्देश को जगाया और घोषणा की कि मानव समान "कृण्वन्तो विश्वमार्यम" की राह पर चल कर ही भौतिक वाद के प्रलयकारी परिणाम से बच सकता है। इसी उद्देश्य से आर्य समाज की स्थापना हुई।

संस्कृति की गूंज पैदा कर उस दृश्य का आर्य समाज के संस्थापक ने सपना लिया था।

उन्होंने कहा कि आज हम जिस लक्ष्य को लेकर यहां एकत्रित हुए हैं वह तभी पूरा होगा जब हम सारे संसार में भारत के ऋषि मुनियों की आवाज को गुंजा देंगे। सदियों से भौतिक वाद के जिस मार्ग पर संसार चला आ रहा है उस पर चलते-चलते वह थक गया है और हाथ उसके कुछ भी नहीं आया है।

वैदिक उपवन के माली

श्री स्व. प्रकाशचन्द्र कविरत्न अजमेर

दयानन्द बनकर आए, वैदिक उपवन के माली,
उपवन में नाना मत, पन्थों के कटु झाड़ बढ़े थे,
जन्तु विषैले पाखण्डी धूर्तों के अमित कढ़े थे,
तर्क कुठारे से ऋषि ने सब भूमि शुद्ध कर डाली।

कड़ी धूप से उपवन के तब, पौधे थे मुरझाये,
हृदय रक्त से सींच-सींच कर ऋषि ने वे पनपनाये,
भाये मृदु फल-फूल हुई मन मानन अति हरियाली।
बन्दर आदि ढीठ वनचर उत्पात न कहीं मचाएं,
उपवन में घुसकर तरु पौधे नष्ट नहीं कर पाएं,
चहुं दिशि बाड़ लगा दी ऋषि ने आर्य समाज निराली।
आर्य समाज धूर्त ना-समझों को कण्टक लगता है,
सुबुध भलों के उर में आदर इसके प्रति जगता है.
इसके द्वारा उपवन की ऋषि ने दुर्दशा सम्भाली।
भ्रमित व्यक्ति जन को जो था अमृत फल देने वाला,
उस ऋषि माली को पिलवाया दुष्टों ने विष प्याला.
सम्वत् उन्नीस सौ चालीस की कैसी थी दीवाली।
बना गये ऋषि लेखराम, श्रद्धानन्द वीर लाजपत,
संन्यासी दर्शनानन्द जी हंसराज श्री गुरुदत्त,
करते रहे प्राणपण से इस उपवन की रखवाली।
श्री पं० नरेन्द्र कहलाए जो सोमानन्द स्वामी,
रहे अखण्ड ब्रह्मचारी सच्चे वैदिक पथगामी,
इस उपवन की रक्षा हित काया अर्पण कर डाली।
आर्यजनों! अब करो, आप रक्षा वैदिक उपवन की,
इसके लिये 'प्रकाश' लगा दो बाजी तन-मन-धन की,
जागृत रहो न कर पाये पामाली, शत्रु कुचाली।

इतिहास के पृष्ठों से—

दण्डी विरजानन्द विद्यालय और महर्षि दयानन्द का विद्याध्ययन

श्री प्रभुदयाल भोतल मथुरा

> यह महत्वपूर्ण एवं परिचयात्मक लेख वर्तमान आर्य सन्तति के ज्ञान वढ़ाने के उद्देश्य से पुनः प्रकाशित किया जा रहा है। आशा है पाठक वर्ग इस लेख से कुछ लाभ उठाएगा।
>
> —सह-सम्पादक

भारतवर्ष के प्राचीन और इतिहास प्रसिद्ध नगरों में मथुरा का महत्व सर्वमान्य है। भगवान् श्री कृष्ण के जन्म-स्थान होने के अतिरिक्त यह नगर विविध विद्याओं, कलाओं और ज्ञान-विज्ञान का भी विख्यात केन्द्र रहा है। इसके महत्व के कारण ही देश के प्रायः सभी प्रमुख धर्मों और सम्प्रदायों ने समय-समय पर यहां अपने मन्दिर, मठ, देवालय और केन्द्र बनाये, जिनके कारण विभिन्न स्थानों से आए हुए विशिष्ट व्यक्तियों का समुदाय यहां पर सदा से निवास करता रहा है। उन्होंने मथुरा के मूल निवासियों से भी अधिक इस नगर की गौरव-वृद्धि में योग दिया है। दण्डी विरजानन्द जी और स्वामी दयानन्द जी मथुरा के मूल निवासी नहीं थे। किन्तु उन्होंने इस नगरी के महत्व को वहां पर निवास कर और यहां से प्रेरणा प्राप्त कर अपनी कीर्ति कौमुदी के साथ ही साथ मथुरा की यशोगाथा को भी विस्तीर्ण किया है।

दण्डी जी का संक्षिप्त परिचय—

दण्डी विरजानन्द जी का जन्म पंजाब के करतारपुर नगर के निकटवर्ती गंगापुर ग्राम में सं० १८३५ के लगभग हुआ था। वे भारद्वाज गौत्रीय सारस्वत ब्राह्मण थे। उनके पिता का नाम नारायण दत्त था उनका अपना नाम क्या था, यह ज्ञात नहीं होता है। यह निश्चित है संन्यास की दीक्षा लेने के अनन्तर उनका गुरुप्रदत्त नाम विरजानन्द हुआ था। वे इसी नाम से विख्यात हैं। मथुरा में वे दण्डी स्वामी के नाम से प्रसिद्ध रहे हैं। नेत्रहीन होने से प्रज्ञा चक्षु भी कहलाते थे। वे जन्मान्ध तो नही थे किन्तु ५ वर्ष की अवोधावस्था में शीतला रोग से नेत्रहीन होने के कारण जन्मान्ध जैसे हो गये थे। उनकी स्मरण शक्ति और मेधा असाधारण थी। इन जन्मजात दैवी गुणों के कारण ही उनकी नेत्रहीनता उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधक नहीं हुई और कालान्तर में वे अपने समय के प्रकाण्ड विद्वान हुए।

विरजानन्द जी के नेत्रहीन होने पर भी उनके पिता ने उन्हें आरम्भिक शिक्षा देने का आयोजन किया था। दुर्भाग्य से उनके माता-पिता की शीघ्र मृत्यु हो गई और वे १२ वर्ष की बाल्यावस्था में अनाथ हो गए। इससे दुःखी होकर वे अपने जन्म स्थान को छोड़ कर हरिद्वार चले गये। वहां ऋषिकेश में निवास कर वे अहर्निश तपस्या और गायत्री मन्त्र का जाप करने लगे। कहते हैं उन्हें गायत्री मन्त्र सिद्ध हो गया था। इनके फलस्वरूप उनके ज्ञान-चक्षु खुल गये और उनकी बुद्धि का अद्भुत रूप मे विकास हुआ। ऋषिकेश में वे कनखल गये। वहां पर उन्होंने व्याकरणादि विद्याओं का अध्ययन कर उनमें दक्षता प्राप्त की थी।

कनखल में उन्होंने पूर्णानन्द नामक विद्वान से संन्यासाश्रम की दीक्षा ली थी, तदुपरान्त वे विरजानन्द नाम से प्रसिद्ध हुये। कनखल से वे काशी गये। वहां पर उन्होंने अपने विद्याध्ययन को पूर्ण किया। काशी में वे अध्ययन के साथ ही साथ अध्यापन कार्य भी किया करते थे। इस से उनकी विद्या का भली-भान्ति विकास हो गया था। उनके दीक्षा गुरु के रूप में पूर्णानन्द संन्यासी का नाम विदित है, किन्तु उनके शिक्षा गुरु का नाम प्रसिद्ध नहीं है। उन्होंने अलवर में जिस ग्रन्थ की रचना की थी, उसके अन्त में उन्होंने अपने को गौरीशंकर का शिष्य बतलाया है। इससे ज्ञात होता है कोई गौरीशंकर नामक विद्वान उनके शिक्षा गुरु थे।

काशी में विद्याध्ययन करने के उपरान्त वे गया आदि विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हुए सोरों आए। वहां के गड़ियाघाट पर निवास कर उन्होंने अध्यापन कार्य आरम्भ किया था। उन के सोरों निवासी शिष्यों में अंगदराम का नाम उल्लेखनीय है। सोरों में एक बार अलवर के राजा विनयसिंह गंगा स्नान के लिए आए थे। वे विरजानन्द की विद्वता से बड़े प्रभावित हुये। राजा विनयसिंह विद्याव्यसनी और विद्वानों के आश्रयदाता थे। उनके समय अलवर सुप्रसिद्ध विद्या केन्द्र बन गया था। उन्होंने विरजानन्द जी से अलवर चलने का विशेष आग्रह किया। विरजानन्द जी इस शर्त पर अलवर जाने को राजी हुए कि राजा उनसे व्याकरण पढ़ेगा। इसमें शिथिलता होते ही वे अलवर से चले आवेंगे।

राजा विनयसिह ने अलवर में विरजानन्द जी के निवासादि की यथोचित व्यवस्था की थी। वे साधारण विद्यार्थी की भान्ति दण्डी जी से व्याकरण पढ़ने लगे, किन्तु राजकार्य में अत्यधिक व्यस्त होने के कारण कभी-कभी उन्हें अध्ययन के लिये समय नहीं मिल पाता था। इससे असन्तुष्ट होकर विरजानन्द जी अलवर से सोरों वापिस चले गये। राजा विनयसिह की प्रार्थना पर उन्हें सुगमता पूर्व व्याकरण की शिक्षा देने के लिए विरजानन्द जी ने अलवर में 'शब्द-बोध' नाम ग्रन्थ की रचना की थी। कहते हैं, इसकी हस्तप्रति अलवर के राजकीय पुस्तकालय में सुरक्षित है। यदि यह वहां पर है, तो उसे दण्डी जी की कीर्तिरक्षा के लिए संपादित रूप में प्रकाशित कराना अत्यावश्यक है।

अब की बार वे अस्वस्थ हो जाने से सोरों में अधिक समय तक नहीं रह सके, स्वस्थ होते ही वे सोरों से मुरसान और वहां से भरतपुर चले गये। वहां के राजाओं ने उनका भली-भांति आतिथ्य सत्कार किया था, किन्तु वे दोनों स्थान विरजानन्द जी की स्थायी निवास के लिए उपयुक्त नहीं हुये। ऐसा जान पड़ता है, दण्डी विरजानन्द जी का मन तीर्थ स्थानों में अधिक रमता था। उस काल के तीर्थ स्थान धर्म, संस्कृतिके और विद्या के केन्द्र होते थे, अतः विरजानन्द जी जैसे विद्वान का मन उन स्थानों में लगना स्वभाविक ही था। यही कारण है अपना जन्म स्थान छोड़ने के उपरांत वे हरिद्वार, काशी, गया और सोरों में अधिकतर रहे थे। उन्हें आवश्यकतानुसार, मुरसान, भरतपुर आदि स्थानों में भी रहना पड़ा था, किन्तु उनका मन वहां नहीं लगा।

दण्डी जी का मथुरा आगमन और विद्यालय की स्थापना—

सोरों में निवास करते समय ही वे मथुरा के महत्व से प्रभावित थे। जब उन्होंने सोरों छोड़ दिया, तब वे मथुरा में स्थायी रूप से रहने लगे। उनके लिए मथुरा एक अपरिचित स्थान था, किन्तु वहां पर उन का एक परिचित व्यक्ति अलवर राज्य का जागीरदार गुजरमल निवास करता था। उसका मकान मथुरा चौक बाजार में था। जब विरजानन्द जी भरतपुर से मथुरा में स्थायी निवास करने गये, तब वे सर्वप्रथम उक्त गुजरमल के मकान पर ही ठहरे थे। पं० लें[illegible] के मतानुसार दण्डी विरजानन्द जी [illegible] १८९३ में मथुरा आये थे। श्री देवे[न्द्र]नाथ मुखोपाध्याय के अनुसंधान से द[ण्डी] जी का आगमन १९०३-४ के लग[भग] सिद्ध होता हैं। हमारे विचार से [illegible] देवेन्द्रनाथ जी का मत ठीक हैं।

मथुरा आगमन से पहले भी दण्डी जी विभिन्न स्थानों में व्याकर[ण की] शिक्षा दे चुके थे, किन्तु वहां पर [illegible] कोई स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई[illegible] संवत् १९०४ में उन्होंने मथुरा में [illegible] रूप से विद्यालय की स्थापना कर विधि पूर्वक अध्यापन का समारम्भ किया। कहते हैं, यह विद्यालय सर्वप्रथम गुजरमल के मकान में अथवा गतश्रम नारायण के मन्दिर में स्थापित हुआ था। दो [illegible] बाद इसके लिए कंस-खार के [illegible] दो मजिला मकान ले लिया [illegible] उसी में नियमित रूप से विद्याल[य का] कार्य चलने लगा। इसमें पढ़ने वाले अ[नेक] छात्र व्याकरण के नामी विद्वान हुए।

दण्डी विरजानन्द जी एक अ[illegible] अध्यापक थे। उनके अध्यापन की [illegible] भी अपूर्व थी। वे छात्रों को बड़ी सु[illegible] पूर्वक विषय का बोध कराते थे। [illegible] से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेते बल्कि निर्धन विद्यार्थियों की पुस्तकों [illegible] व्यवस्था भी करा देते थे। उनके ज[illegible] निर्वाह तथा विद्यालय संचालन [illegible] समस्त व्यय अलवर, भरतपुर और [illegible] के राजाओं द्वारा दी हुई सहायत[ा से] चलता था।

दण्डी जी द्वारा आर्ष ग्रन्थो[ं का] आग्रह—

यह प्रसिद्ध बात है, दण्डी जी [illegible] ग्रन्थों के प्रचार और अनार्ष ग्रन्थ[ों के] बहिष्कार के प्रबल आग्रही थे। इस[illegible] वे सिद्धान्त कौमुदी, मनोरमा और [illegible] जैसे अनार्ष व्याकरण ग्रन्थों की अ[illegible] अष्टाध्यायी जैसे आर्ष व्याकरण ग्रन्थ[ों को] पढाने के पक्षपाती थे। ऐसा कहा जा[ता] है, दण्डी जी का यह आग्रह आरम्भ [से] नहीं था। उनके समय में सिद्[धान्त] कौमुदी का विशेष प्रचार था और अष्टा[ध्यायी] ध्यायी जैसे सूत्रबद्ध प्राचीन व्याक[रण] को बहुत कम लोग पढ़ते थे। दण्डी [जी] भी आर्ष-अनार्ष ग्रन्थों का भेदभाव कि[ये] बिना छात्रों की इच्छानुसार उन्हें [illegible] प्रकार के ग्रन्थ पढ़ाया करते थे। [illegible] वे आर्ष ग्रन्थों के इतने प्रबल पक्षपा[ती] क्यों हो गये? इसके सम्बन्ध में दो [illegible] वदतियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

वे क्या थीं अगले अंक में पढ़िए।

सम्पादकीय

आर्य समाज की विजय दशमी

हमारे शास्त्रों ने लिखा है—

'सत्यमेव जयते नानृतम् ।'

अर्थात्—सत्य की ही विजय होती है झूठ की नहीं ।

यही विजयदशमी का सन्देश है। एक ओर रावण का युद्ध भी तो सत्य और असत्य, न्याय और अन्याय, शिष्टता और दुराचार के मध्य संघर्ष था। अन्ततः सत्य, न्याय और शिष्टता की विजय हुई। उसी खुशी में हम हजारों वर्षों से विजयदशमी मनाते चले आ रहे हैं। आज के दिन राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी और सदा के लिए यह सिद्धान्त स्थापित कर दिया था कि अन्ततः विजय सत्य की होती है।

हर वर्ष आज के दिन हम इस युद्ध को याद करते हैं और इसी के साथ विजयदशमी के इस सन्देश को भी कि अन्ततः विजय सत्य की ही होती है।

आर्य समाज के इतिहास में भी कई लड़ाइयां लड़ी गई हैं। किन्तु पहली बार कुछ लोगों ने जो अपने आप को आर्य समाजी कहते हैं एक ऐसी लड़ाई शुरू की जिसमें उन्होंने नैतिकता और शिष्टता को भी तिलांजलि दे दी। यह कोई सिद्धान्त की लड़ाई नहीं थी, केवल व्यक्ति की लड़ाई थी। कुछ लोगों के हाथ से कुछ पद छिन गए। उन्होंने बदला लेने के लिए सारे आर्य समाज को ही गृह युद्ध की आग में झोंक दिया और अपना उद्देश्य प्राप्त करने के लिए उन्होंने असली हथियारों का प्रयोग भी शुरू कर दिया।

गुण्डों का सहारा लेकर उन्हें शराब पिला कर उनके हाथों में लाठियां, भाले देकर आर्य समाज की संस्थाओं पर कब्जा करना शुरू कर दिया, इस अभियान का सबसे भयानक पक्ष यह था कि इसका नेतृत्व करने वाले कुछ भगवें वस्त्रधारी संन्यासी थे। भगवें रंग के लिए सम्मान और आदर रहा है, इसलिये कुछ लोग आंखें बन्द करके उनके पीछे चल पड़े।

यह लड़ाई अन्ततः अदालतों में जा पहुंची। आर्य समाज के इतिहास में इससे पूर्व कभी इतने मुकद्मे अदालतों में न लड़े गये थे। आर्य समाज की सारी ताकत इन मुकद्मों में लगा दी गई, कई बार तो ऐसा मालूम होता था कि आर्य समाज की सारी विरोधी शक्तियां इन केशधारी तथा कथित साधुओं के पीछे इकट्ठी हो गई है। कुछ राजनयिक नेताओं ने इनकी पीठ ठोंकनी शुरू की। जो लोग आर्य समाज को एक शक्तिशाली और संगठित संस्था के रूप में न देख सकते थे उन्होंने आर्य समाज की पंक्तियों में विघटन पैदा करने के लिए इन कथित साधुओं की सहायता करनी शुरू कर दी।

कुछ समाचार पत्रों ने समझा कि इसी बहाने अपनी दुकान चमका ली जाए तो क्या आपत्ति है। कुछ समय के लिए उन्होंने अपना ध्यान साईं बाबा ब्रह्म कुमारियों और आचार्य रजनीश जैसे भगवानों और देवी-देवताओं से हटाकर इन साधुओं की ओर लगा दिया। उन्होंने भी इनकी पीठ ठोंकनी शुरू कर दी। उनकी झूठी और निराधार खबरों का प्रचार शुरू कर दिया। झूठ समाचार सत्य और न्याय की धज्जियां उड़ा कर इन लोगों का सरक्षण शुरू कर दिया जो आर्य समाज की जड़ों पर कुठाराघात कर रहे थे।

ऐसे समय पर आर्य जनता का संरक्षण और आशीर्वाद उन लोगों के साथ जो इस तूफान में भी आर्य समाज का झण्डा उठाए हुये थे और जिन्होंने शपथ रखी थी कि चाहे इसका कितना मूल्य चुकाना पड़े इस ध्वज को झुकने न देंगे उन्होंने नहीं झुकने दिया। इससे पूर्व जालन्धर के एक विद्वान् सब-जज श्री बलदेवसिंह ने अपने ऐतिहासिक फैसला में इन विघटनकारी तत्वों का अन्त कर दिया था। किन्तु जालन्धर के सीनियर सब-जज ने कुछ देर के लिए मियाद दे दी थी। किन्तु जो फैसला जालन्धर के विद्वान् अतिरिक्त जिला जज ने दिया था उसने विघटनकारी तत्वों का सदा के लिए सफाया कर दिया है।

मेरी तो परमात्मा से प्रार्थना है कि वह अब भी उन्हें सद्बुद्धि दे कि यह सद्मार्ग पर आ जायें। जहां तक हमारा सम्बन्ध है हम आज भी इन्हें गले लगाने को तैयार हैं। जो कुछ हो चुका सो हो चुका, आर्य समाज के लिए अपने सारे मतभेद भुलाकर और यदि कोई मतभेद हैं तो उन्हें परस्पर बातचीत से तय करके अब हमें निर्माण की ओर बढ़ना चाहिए ' मुकद्दमेबाजी हमारी समस्या का कोई समाधान नहीं है।

आज का दिन आर्य समाज के लिए विजय दशमी का दिन है। इस युद्ध में राम कौन था और रावण ? मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता। मेरे लिए तो यही काफी है कि हम इस योग्य हुए हैं कि विजय दशमी मना सकें। इस लड़ाई में सारी आर्य जनता की शुभ कामनाएं और प्रार्थनायें हमारे साथ रही हैं।

देश के ओर-छोर से आर्यजनों के सन्देश प्राप्त होते रहे हैं। प्रत्येक की निगाहें इस धर्म युद्ध की ओर लगी हुई थीं। इसीलिए दूर-दूर रहने वाले लोग भी यह जानने के इच्छुक थे कि फैसला क्या हुआ है और फैसला सुनने के बाद सबकी जुबान पर एक ही बात थी—'आर्य समाज बच गया।

इस लड़ाई में जिन मित्रों ने और जिन साथियों ने हमारा साथ दिया, मैं उनका हार्दिक धन्यवादी हूं। यह उनके प्रयत्नों का ही परिणाम है कि फिर हम विजय दशमी मना रहे हैं और जिन मित्रों ने हमारा विरोध किया उससे फिर कहना चाहता हूं कि यह रास्ता गलत है। यदि कोई शिकायत है तो बैठकर बात करो। कोई संस्था संगठन और अनुशासन के बिना नहीं चल सकती। इस संगठन और शनुशासन में रहकर जो कुछ भी लेना चाहो ले सकते हो।

किन्तु जो भी व्यक्ति इस संगठन और इसके अनुशासन को कमजोर करेगा इसका उससे बड़ा शत्रु दूसरा कोई नहीं हो सकता।

आओ ! हम सब मिलकर विजय दशमी के इस पवित्र पर्व पर यह संकल्प करें कि कुछ भी हो जाए अपने संगठन को किसी तरह कमजोर नहीं होने देंगे। जालन्धर के विद्वान् जज ने एक बार फिर हमें सन्मार्ग पर आने का अवसर दिया है। आओ हम सब मिलकर इसका लाभ उठाएं।

—वीरेन्द्र

बाढ़ पीड़ित, गोवंश रक्षा की ओर विशेष ध्यान दें

विगत दिनों दिल्ली तथा अन्य भारत के कई प्रान्तों में बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में सरकार एवं धनी लोग बाढ़ पीड़ित जनता की सेवा में तो लगे हैं किन्तु भूखे मर रहे गोवंश की ओर सरकार एवं सहायता करने वालों का ध्यान अभी तक नहीं गया। उक्त शब्द उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के बाढ़पीड़ित क्षेत्रों का दौरा करके लौटे अ० भा० गो-संरक्षण परिषद के अध्यक्ष पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी श्री योगेश्वर विदेही हरि जी महाराज ने आकाशवाणी द्वारा प्रसारित किये जाने एवं पत्रों में प्रकाशनार्थ दिये वक्तव्य में कहे। स्वामी जी ने विभिन्न सरकारों एव बाढ़ पीड़ित सेवी संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वह भारताधार गोवंश रक्षा की ओर भी पूर्ण ध्यान दें। स्वामी जी ने बाढ़ पीड़ित गोपालकों से अनुरोध किया कि वह अपनी आवश्यकताओं की सूचना परिषद के कार्यालय सनातन धर्म सभा मन्दिर, अशोक नगर, नई दिल्ली-१८ के पते पर अविलम्ब भेजें।

स्वामी जी ने दानी सज्जनों से अनुरोध किया है कि वह इस पवित्र कार्य में परिषद को हर प्रकार का सहयोग दें ताकि आवश्यकता के स्थानों पर गोवंश के लिए चारा, दाना भिजवाया जाए तथा गोवंश की उन्नति रक्षा करके भारत के मूल धन को बचाया जा सके।

राधेश्याम
अ० भा० गो-संरक्षण परिषद्

वानप्रस्थाश्रम

आज के परिवेश में

—डा० रामेश्वर दयाल गुप्त एम० ए०, पी० एच० डी०

किवदन्ती है कि जब घर में पौत्र (अपत्य का अपत्य) हो जाये तो पितामह को चाहिये कि वह वन की ओर चल पड़े अर्थात् वानप्रस्थी हो शेष जीवन व्यतीत करे। परन्तु अब न तो वन ही रहे और न वानप्रस्थी। उनसे शिक्षण लेने जाने वाले विद्यार्थी भी नहीं रहे, और न रहे उन आश्रमों

(क्रमशः)।

हज़ार रुपये पुरस्कार

श्री नवनीतलाल एडवोकेट ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीया सत्यप्रिया की स्मृति को स्थिर रखने के लिये "नवनीतलाल सत्यप्रिया धर्मार्थ ट्रस्ट" स्थापित किया है। ट्रस्ट का मुख्योद्देश्य सुपात्र सुयोग्य विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता एवं असहाय रोगियों की चिकित्सा तथा सहायता करना है। ट्रस्ट ने पिछले वर्ष लगभग २०००) रु० सहायता कार्य पर व्यय किये।

इस ट्रस्ट की ओर से घोषणा की गई है कि जो विद्वान् विद्यार्थियों को सदाचारी बनाने के लिये असाम्प्रदायिक धार्मिक और नैतिक शिक्षा की कम से कम १५० पृष्ठ की सबसे उत्तम पुस्तक लिखेगा उसको १०००) रु० पुरस्कार रूप में भेंट किये जायेंगे।

निःशुल्क उढल दत थ। य आश्रम हर प्रकार की प्रचुर सामग्री से भरपूर होते थे। इन आश्रमों का पुनरुद्धार करने के लिए हमें प्रयत्न करना चाहिये।

आज विद्यालयों में प्राध्यापक गृहस्थ हैं, अपनी भोग विलासता और महत्वाकांक्षाओं सहित—और उनका सम्पर्क विद्यार्थियों से कुछ घण्टों के लिए ही होता है। प्राध्यापक और विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात भी एक और पचास का है। यही कारण है कि प्राध्यापक विद्यार्थियों पर अपने सदाचार का अच्छा प्रभाव नहीं डाल पाते। यदि वानप्रस्थ व्यवस्था अनिवार्य बन जाय तो सोसाईटी को ऐसे निःशुल्क निस्पृह अध्यापक और प्रचारक प्रभूत संख्या में मिलें जिनके त्यागमय जीवन की छाप उनके सानिध्य में आने वालों पर अनायास ही पड़े।

यह नहीं कि सारे वानप्रस्थी शिक्षक ही बन जाते। कुछ उनमें अशक्त भी हो सकते हैं। परन्तु आजके भौतिकवादी चिन्तन में उनकी फ़िक्र कौन करे? नगरों के जिन एक-एक कमरों के आवासों में आज मजदूर, क्लर्क, और अध्यापक अपना जीवन काट देते हैं, उनमें वृद्धजनों की चारपाई का स्थान ही कहां है। हमारी परिवार प्रणाली को समाप्त करने के लिये साम्यवादोन्मुख समाजों और संस्कारों ने जो साधन प्रयोग किये हैं उनमें यह कबूतरखानों जैसे मकान भी हैं। वह दर्शन जीवित पितरों की पूजा अभ्यर्थना को एक अनावश्यक ढोंग करार देता है। क्योंकि वे अनुत्पादक हैं—धन और वस्तुओं का उत्पादन नहीं करते हैं। इन वृद्धों की विचारधारा पुरानी और धर्म-निष्ठ है। वे देश की मर्यादा और संस्कारों एवं पर्वों से चिपके हुए हैं। साम्यवाद तो नई संस्कृति के निर्माण का डिमडिम पीटता है। उसे सब अध्यात्म-निष्णात-चिन्तन ढोंग लगते हैं। हा वृद्धजन! तुम अपने घर में ही अवांछनीय विदेशी हो गये। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पढ़ा-लिखा तुम्हारा पुत्र और पौत्र तुम्हारी हर प्रक्रिया की हंसी उड़ाता है, वह तो ८ बजे सोकर उठता है, 'शेव' करना ही उसका प्रातः का नित्यकर्म है, तदुपरान्त अंडे का 'आमलेट' उसका प्रिय प्रातराश है, किंवा सिनेमा या नग्न-नृत्य देखता है या फिल्मी गाने सुनता रहता है। उसकी बैठक में अर्धनग्न या निर्वसना सुन्दरी के फोटो टंगे हैं और वह अपने को 'मॉडर्न' कहकर अपने वृद्धों का उपहास करता है। यदि इन वृद्धों की इस सांस्कृतिक अवरोध से रक्षा करनी है तो इनको वानप्रस्थ आश्रमों में लाकर रखना ही होगा।

फिर वे वृद्ध-जन भी हैं जिन्हें विधाता ने सन्तान से और विशेषकर पुत्ररत्न से वंचित रक्खा है। जब तक युग्म जीवित है, ये चकवा-चकवी एक दूसरे का दुःख निवारण करते रहते हैं, पर युग्म टूटने पर इन विधुर या विधवा के आंसू कौन पोंछे, दुख-दर्द और बीमारी में सेवा-सुश्रूषा कौन करे, कौन करे इनकी मरणोपरान्त अंत्येष्टि ताकि उनका शव ठेला-गाड़ी में रखा जाकर किराये के मजदूरों द्वारा किये जाने वाले जल-प्रवाह या मिट्टी के तेल द्वारा अग्निदाह से बचाया जा सके। और फिर कौन करे उनका चौथा, त्रयोदशा अथवा वर्षी। इस प्रकार की असीम जन-संख्या की परवाह करने की व्यवस्था, इन आश्रमों में ही हो सकती है। अय कृतघ्न समाज! जिन वृद्धों ने भरी जवानी तेरे लिये उत्पादन में और तेरी विविध प्रकार की सेवा में आहूत कर दी, वार्धक्य में उनके अशक्त होने पर तू उनकी सेवा सुश्रूषा का प्रबन्ध भी न करे। ऐसा कर तू ने अपने को न केवल उन वृद्धों के पुनीत आशीर्वाद से वंचित किया है वरन कृतघ्नता का महापाप भी किया है। इस दुखावस्था के निराकरणार्थ वानप्रस्थ आश्रमों की संस्कृति स्थापित करनी ही पड़ेगी।

यह कितनी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि भारतीय समाज और सरकार ने यह कार्य अब तक अपने हाथ में नहीं लिया। विदेश से आई मदर ट्रस्टा ने इन दशाब्दियों में यह कार्य हाथ में लिया और कलकत्ता, बम्बई तथा मद्रास में वृद्ध-जन-आश्रम खोले हैं, जहाँ वृद्धों को स्थान मिले हैं और वे अपने जीवन के अंतिम दिन राहत से बिता रहे हैं। परन्तु ईसाई मिश्नरियों का औषधि-वितरण से लेकर वृद्धजनाश्रय निर्माण तक के सारे कार्य अपने प्रभु ईसा की शरण में मानवता को लाने का उपक्रम मात्र होते हैं। यह छिपी हुई अन्तर्भावना उनके सब कार्यों में से परसेवा के महानतम पुण्य को नष्ट कर देती है। दुख तो इस बात का है कि आश्रम-चतुष्टय की योजना के अन्तर्गत प्रस्तुत ऋषियों और स्मृतियों का यह निदान हमारे स्वतन्त्र भारत की व्यवस्थाओं में स्थान नहीं पा सका। लगभग दो करोड़ रुपया भारत सरकार मदर ट्रस्टा को दे चुकी है। पर वानप्रस्थ आश्रमों की ओर ध्यान उनका नहीं गया है। यदि सिविल कानून के अन्तर्गत सरकार निःसन्तान लोगों की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी हो सकती है तो उनके भोजनाच्छादन का उत्तरदायित्व क्यों नहीं लेती? मेरा विचार है कि भारतीय प्रजातन्त्र बुद्धिवादी (Rationalistic) है और यदि हम इसके स्तम्भों और जनसमुदाय को वानप्रस्थ-संस्कृति की उपयोगिता समझा सकें तो वह निस्सन्देह इस संबन्ध में अपना कर्त्तव्य पूरा करेगा।

भारतीय समाज तथा विधि ने नारी का सदा संरक्षण किया है। पर उसका उत्तरदायित्व उसके पति अथवा पतिकुल पर ही डाला है। पर आधुनिक समाज किलष्टतर होता गया है। और पश्चिमीय साम्यवादी चिन्तन ने सम्मिलित परिवार नष्ट कर दिये हैं। तेजी की अर्थ-व्यवस्था ने मानवीय-मूल्य धराशायी कर दिये हैं। अतएव निराश्रित महिला या, विधवा की दारुण दुःखकथा कल्पनातीत है। वह कहां जावे, कहां रहे, कैसे अपने सतीत्व और पवित्रता की रक्षा करे? सरकार ने बाजार से उठाकर पवित्र जीवन की ओर ले जाने के लिये वेश्याओं के लिये नारी-निकेतन बनाये हैं। यह स्तुत्य कार्य है; पर अन्य असहाय या दुष्काल द्वारा वैधव्य से ग्रसित नारियां कहां जावें? पुनर्विवाह सबका न तो हो सकता है, न सब करना ही चाहती हैं, और न सब कर ही सकती हैं। आयु का भी प्रश्न होता है। मध्य-युगीन अन्धकारमय भारत में उन्हें सती कह देते थे। सती प्रथा कानूनन बन्द कर दी गई। पर जीवनयापन का विकल्प निरूपित नहीं हुआ। अतः आवश्यक है कि वानप्रस्थाश्रमों का जाल देश में बिछाया जावे और प्रत्येक आश्रम में पृथक् महिला-विभाग हो।

हर एक सम्प्रदाय में मनुष्य प्रभुमिलन, स्वर्ग, या मुक्ति का महत्वाकांक्षी है। वृद्धावस्था में यह महत्त्वाकांक्षा अति बलवती हो जाती है। उसके भोग भोगने की शक्ति संतुष्ट हो चुकी होती है और भूला-बिसरा भगवान उसे याद आता है। अतः आवश्यकता है कि इन आश्रमों में भगवद् भजन और योग-प्रक्रिया का प्रबन्ध हो, आध्यात्मिक वातावरण प्रस्तुत किया जाता हो और इनमें वे लोग रह सकें जिनके अपने पेन्शन आदि फण्ड हों और वे लोग भी रह सकें जो निराधार हों पर जिनके व्यय का उत्तरदायित्व समाज और सरकार का हो।

हरिद्वार में पुण्य-तोया-जाह्नवी के तट पर महर्षि दयानन्द सरस्वती ने आकर पाखण्ड-खंडिनी पताका फहराई थी और धर्म-चक्र का प्रवर्तन किया था। यह आर्य समाजियों का सारनाथ है। यहीं महात्मा मुंशीराम ने ब्रह्मचर्याश्रम की वैदिक मर्यादा के निर्वाहार्थ गुरुकुल आन्दोलन का श्रीगणेश किया था और गंगा के इस ओर यहीं हमारे पूज्य महात्मा नारायण स्वामी ने वनीय-संस्कृति के परीक्षणार्थ विरक्त आश्रम को स्थापित किया था।

(शेष पृष्ठ ६ पर)

सम्पादकीय

आर्य समाज की विजय दशमी

हमारे शास्त्रों ने लिखा है—

'सत्यमेव जयते नानृतम् ।'

अर्थात्—सत्य की ही निजय होती है झूठ की नहीं ।

यही विजयदशमी का सन्देश है। एक ओर रावण का युद्ध भी तो सत्य और असत्य, न्याय और अन्याय, शिष्टता और दुराचार के मध्य संघर्ष था। अन्ततः मत्य, न्याय और शिष्टता की विजय हुई। उसी खुशी में हम हजारों वर्षों से विजयदशमी मनाते चले आ रहे हैं। आज के दिन राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी और सदा के लिए यह सिद्धान्त स्थापित कर दिया था कि अन्ततः विजय सत्य की होती है।

हर वर्ष आज के दिन हम इस युद्ध को याद करते हैं और इसी के साथ विजयदशमी के इस सन्देश को भी कि अन्ततः विजय सत्य की ही होती है।

आर्य समाज के इतिहास में भी कई लड़ाइयां लड़ी गई हैं। किन्तु पहली बार कुछ लोगों ने जो अपने आप को आर्य समाजी कहते हैं एक ऐसी लड़ाई शुरू की जिसमें उन्होने नैतिकता और शिष्टता को भी तिलांजलि दे दी। यह कोई सिद्धान्त की लड़ाई नहीं थी, केवल व्यक्ति की लड़ाई थी। कुछ लोगो के हाथ से कुछ पद छिन गए। उन्होंने बदला लेने के लिए सारे आर्य समाज को ही गृह युद्ध की आग में फ़ैंक दिया और अपना उद्देश्य प्राप्त करने के लिए उन्होंने नकसली हथियारों का प्रयोग भी शुरू कर दिया।

गुण्डों का सहारा लेकर उन्हें शराब पिला कर सनके हाथों में लाठियां, भाले देकर आर्य समाज की संस्थाओं पर कब्जा करना शुरू कर दिया, इस अभियान का सबसे भयानक पक्ष यह था कि इसका नेतृत्व करने वाले कुछ भंगवें वस्त्रधारी संन्यासी थे। भंगवें रंग के लिए सम्मान और आदर रहा है, इसलिये कुछ लोग आंखें बन्द करके उनके पीछें चल पड़े।

यह लड़ाई अन्ततः अदालतों में जा पहुंची। आर्य समाज के इतिहास में इससे पूर्व कभी इतने मुकद्मे अदालतों में न लड़े गये थे। आर्य समाज की सारी ताकत इन मुकद्मों में लगा दी गई, कई बार तो ऐसा मालूम होता था कि आर्य समाज की सारी विरोधी शक्तियां इन केशधारी तथा कथित साधुओं के पीछे इक्ट्ठी हो गई है। कुछ राजनयिक नेताओं ने इनकी पीठ ठोंकनी शुरू की। जो लोग आर्य समाज को एक शक्तिशाली और संगठित सस्था के रूप में न देख सकते थे उन्होंने आर्य समाज की पंक्तियों में विघटन पैदा करने के लिए इन कथित साधुओं की सहायता करनी शुरू कर दी।

कुछ समाचार पत्रों ने समझा कि इसी बहाने अपनी दुकान चमका ली जाए तो क्या आपत्ति है। कुछ समय के लिए उन्होंने अपना ध्यान साईं बाबा ब्रह्म कुमारियों और आचार्य रजनीश जैसे भगवानों और देवी-देवताओं से हटाकर इन साधुओं की ओर लगा दिया। उन्होंने भी इनकी पीठ ठोंकनी शुरू कर दी। इनकी झूठी और निराधार खबरों का प्रचार शुरू कर दिया। झूठ समाचार सत्य और न्याय की धज्जियां उड़ा कर इन लोगों का सरक्षण शुरू कर दिया जो आर्य समाज की जड़ों पर कुठाराघात कर रहे थे।

ब्रह्मविद्या मंदिर, पवनार (वर्धा)

देहाती शिक्षा

श्री बलभद्र कुमार, कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

हम लोग देहाती शिक्षा की बात तो करते हैं। पर हम हैं कौन देहाती शिक्षा की बात करने वाले ? खुदाई फौजदार, जो हर पवनचक्की को दानव समझ कर उस पर हमला करने को तैयार हैं। पिछले तीस बरस से हम ऐसे ही कितने हमले कर चुके हैं, परन्तु हुआ क्या ? हवा में तलवारें चलाकर हम समझते रहे कि हमने दुश्मन फतह कर लिया।

बहुत पहले एक ऋषि ने कहा था, हकीम जी ! अपना ही इलाज कर लो तो काफी है। क्या वही नुसखा हम पर लागू नहीं होता ? हमारा किसी अन्य तबके को सुशिक्षित करने का अधिकार ही क्या है ? शिक्षा तो वह प्रदान करे जो स्वयं शिक्षित हो। अन्धा अन्धे को क्या राह दिखायेगा ? जरा अपने से पूछो, क्या हम स्वयं सुशिक्षित हैं ? क्या हम में सुशिक्षित व्यक्तियों के गुण हैं ? आज देश के ११४ विश्वविद्यालयों में से [illegible] अराजकता, अव्यवस्था, उपद्रव के कारण बन्द पड़े हैं। शिष्यों और गुरुओं में, गुरुओं और कर्मचारियों में, गुरुओं और प्रबन्धकों में, गुरुओं और गुरुओं में तनाव है। लाठियाँ चलती हैं, डण्डे चलते हैं। महीनों परिसरों में पुलिस पड़ी रहती है। वह भी गुण्डों से डरती है। निरी तमाशबीन की तरह खड़ी दिलचस्पी से, चस्के से नाटक देखती रह जाती है, तटस्थ, पंगु। अध्ययन-अध्यापन करने वाले ब्राह्मण, गुरुजन ऐसे वातावरण में क्या पढ़ाई-लिखाई करें ? वह गुण्डों के आतंक से निष्पौरुष हो जाते हैं या फिर परिसर छोड़ जाते हैं और चक्कर लगाते हैं, राजाओं के दरबारों के, रक्षा-याचन करते हुए, जैसे विश्वामित्र गये थे राजा दशरथ के दरबार में। यह तो हुआ एक दृश्य।

अब देखिये, दूसरा दृश्य। जहाँ और जब शहरी शिक्षा संस्थायें चल भी रही हैं, तो किस प्रकार ? एक ओर अमीरों के, रईसों के स्कूल हैं। चुस्त स्कूली ड्रेस पहने विद्यार्थी मोटरों में, बसों में चढ़कर स्कूल पहुँचते हैं, गिट-पिट, गिट-पिट करते हुए विदेशी तौर-तरीके से एक दूसरे को राम राम कहते हैं और जुट जाते हैं, इस समाज के "चूहा दौड़", "कुर्सी युद्ध" के लिये अपने को तैयार करने में। दूसरी ओर अनगिनत बच्चे, फटे पुराने कपड़ों में अपनी ठंड और गरीबी दबाते, छिपाते हुए, बदहाल पहुँचते हैं टूटे-फूटे फर्नीचररहित स्कूलों में और रटने लगते हैं, सी ए टी 'कैट', बी ए टी 'बैट', "बी" से ब्लेक शीप तैयार किया जा रहा है, उनको कोल्हू के बैल बनने के लिये।

फिर एक और दृश्य। ऐसे स्कूलों से निकले हुए बच्चे साइकलों पर ट्रांजिस्टर लटकाये घूम रहे हैं, पान-बीड़ी की दुकानों पर छोटे-छोटे गिरोह बनाकर खड़े हैं, सिनेमाघरों के बाहर लम्बे-लम्बे 'क्यू' बनाकर खड़े हैं। उनके गरीब माता-पिता घुटनों तक पानी भरे खेतों में कमरें झुकाये धान रोप रहे हैं, बाजारों, मण्डियों में ठेले ढो रहे हैं।

एक और दृश्य। जयपुर की सुन्दर गुलाबी नगरी। तिलक नगर का संभ्रान्त मुहल्ला। विश्वविद्यालय की छाया में बसा हुआ उपनगर। सड़कों पर कूड़े कचरे के ढेर। सुअरों के बच्चे, और इन्सान के बच्चे उन ढेरों में खाद्य पदार्थ चुनते हुए। इकट्ठा एक-साथ खाते हुए, एक साथ खेलते हुए। "आत्मा वै सर्वभूतेषु" का जीता-जागता नमूना।

फिर एक और दृश्य। पार्लियामैंट स्ट्रीट की कचहरियां। देशी-विदेशी से खचाखच भरी हुई। पर महीनों से कूड़ा कर्कट नहीं उठा। सफाई नहीं हुई। नई दिल्ली म्यूनिसिपल कमेटी कहती है, यह डिप्टी कमिश्नर का कार्य है। डिप्टी कमिश्नर कहता है, यह डिस्ट्रिकट जज का काम है। डिस्ट्रिकट जज कहता है यह म्युनिसिपल कमेटी का काम है। पत्राचार में मोटी-लम्बी फाईल पैदा हो गई है। कचरा बदस्तूर बढ़ता जा रहा है।

तो फिर हम क्या करें ?

मैंने अभी हाल में श्री जे० पी० नायक द्वारा तैयार किया हुआ शिक्षा-सम्बन्धी नोट देखा है। उसकी प्रायः सभी बातों [illegible] करूंगा। हाँ, मुझे उनकी अन्त में दी गई आन्दोलन की बात समझ में नहीं आई। यदि आन्दोलन मे अभिप्राय जुलूसबाजी, नारेबाजी से है, तो इससे समस्या हल होने वाली नहीं है। यह तो 'डाइवर्शिनरी' खेल होगा। हमें देहाती शिक्षा के महान् कार्यक्रम को सिरे चढ़ाने के लिए देहाती संस्थाओं को सुगठित करना होगा। हमारे पास वह तंत्र मौजूद है भी लेकिन हम शहरियों ने अपनी खुद-गर्जी के वश होकर उसे पनपने नहीं दिया और कहते हैं कि देहातियों में अपनी संस्थायें चलाने की क्षमता नहीं है। ठीक वैसे, जैसे अंग्रेज हमें स्वराज्य के योग्य नहीं समझता था, हम समझते हैं, देहाती भी स्वराज्य के योग्य नहीं हैं। आज से १९ वर्ष पहले राजस्थान के नागौर नगर में पं० जवाहर लाल नेहरू ने बड़े ढोल, दमामे, बाजे, नक्कारों के साथ देश में पंचायती राज्य की ज्योति जगाई थी, लेकिन हमने उसे पर्याप्त तेल न देकर चमकने नहीं दिया। किसी न किसी बहाने, हमने दोबारा पंचायती संस्थाओं के चुनाव होने नहीं दिये। चुनाव भी सार्वजनिक शिक्षा के कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वक्त पर चुनाव होते रहें तो शासन-तन्त्र में नये रक्त का संचार होता है, नई चेतना, नया उत्साह, नये संकल्प उजागर होते हैं, लेकिन हमने देहाती क्षेत्र में ऐसा नहीं होने दिया। शहरियों ने तो स्वराज्य प्राप्त कर लिया, वे ऊँचे-ऊँचे सिंहासनों पर आरूढ़ हो गये, परन्तु स्वराज्य की गंगा बस उन-की जटाओं में उलझ कर रह गई। उसका गांवों में अवतरण नहीं हुआ। अब हमारा ध्यान इधर गया है जरूर। लेकिन यह गंगा फिर कहीं उलझ न जाये, इसके लिये आवश्यक है कि जैसे संसद और विधान सभाओं के हर पाँच वर्ष में चुनाव करने की बात संविधान में रखी जाने वाली है, इसी तरह का प्राव-धान पंचायती राज्य संस्थाओं के बारे में भी होना चाहिए। तभी यह संस्थायें पनपेंगी, गाँवों को नया ग्रामीण नेतृत्व उपलब्ध होगा और उस प्रवाह में बह जायेंगे, अज्ञान, निरक्षरता, उदासीनता, बेबसी। नुक्ताचीन लोग बात करते हैं, वित्तीय साधनों के अभाव की। सच पूछिये, तो यह जबानी जमा खर्च है। क्यों नहीं हम राजस्व की समूची आय पंचायती संस्थाओं के हवाले कर देते, साथ में हम उन्हें ग्रामीण स्तर की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संस्थाओं की जिम्मेदारी भी दे दें, तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे इन्हें योग्यता से चलायेंगे, कम से कम उतनी योग्यता से तो जरूर जितनी योग्यता से हम शहरी लोग अपनी संस्थायें चला रहे हैं।

इसके साथ ही हमें कुछ और क्रान्तिकारी कदम भी उठाने होंगे। विशेषकर नागरिक क्षेत्र में। हमें पब्लिक स्कूलों और साधारण सरकारी स्कूलों का अन्तर कम करना होगा। ठीक है कानूनन हम तथाकथित पब्लिक स्कूलों पर प्रतिबन्ध नहीं लगा सकते। लेकिन आज जो इन्हें सम्मान प्राप्त है उतना ही सम्मान हम साधारण सरकारी स्कूलों को भी देने की इच्छा तो प्रकट करें। इसके लिए हमें पांच निर्णय लेने होंगे।

क्या हम इस बात के लिये तैयार हैं कि १२ वर्ष तक की आयु तक सब पठन-पाठन क्षेत्रीय भाषाओं में हो और जिन बच्चों के माता-पिता महत्वाकांक्षी हों, उनका अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, रूसी आदि कोई भी विदेशी भाषा हो, उसमें प्रवेश १२ वर्ष की आयु के बाद ही आरम्भ हो।

दूसरे, अब वक्त आ गया है कि हम देश की सभी प्रादेशिक भाषाओं के लिये एक ही लिपि अपनाने की बात करें। इससे जहाँ बच्चों के मस्तिष्क पर भिन्न-भिन्न लिपियाँ सीखने का बोझ नहीं पड़ेगा, वहाँ देश में एकता की भावना प्रबल होगी, एक प्रदेश के विद्यार्थी, शिक्षार्थी, दूसरे प्रदेश के सत्साहित्य से लाभ उठाने की स्थिति में होंगे। मराठी ने देवनागरी लिपि अपनाई है। इससे मराठी की कोई हानि हुई हो, मुझे तो उसका ज्ञान नहीं है। आज तीस वर्ष के बाद भी हम अपनी भाषाओं में शिक्षा देने के लिए ग्रन्थ निर्माण नहीं कर सकते, इसका एक कारण यह भी है कि प्रादेशिक लिपियों के ग्रन्थों की मार्केट सीमित है। यदि सभी भाषाओं की एक ही लिपि हो जाय तो प्रकाशकों, लेखकों को विस्तृत मार्केट उपलब्ध हो जायेगी और उनके लाभ की मात्रा बढ़कर उनकी उत्साहवृद्धि होगी।

तीसरे, सभी बच्चों का, चाहे गरीब हों, या अमीरों के हों, पड़ौस के मुहल्ला-स्कूलों में ही दाखला हो। हम कृष्ण सुदामा की बात तो करते हैं। क्यों न इस जनता के युग में कृष्ण सुदामा को एक ही स्कूल में शिक्षा-दीक्षा दें।

चौथे, हमें इन मुहल्ला स्कूलों पर (जिन में मैं तथाकथित पब्लिक स्कूलों और कालिजों आदि को भी शामिल करता हूँ, आखिर वे किसी मुहल्ले में ही तो स्थापित हैं) उस मुहल्ले की सफाई की जिम्मेदारी डाल देना चाहिए। हर शनिवार को समस्त प्रोफेसर, मास्टर, कर्मचारी, विद्यार्थी, निकरें पहनकर, हाथों में झाड़ू लेकर, अपने मुहल्ले की सफाई पर निकलें और मुहल्ले के तथा अपने दिमागों के कोने-कोने से कूड़ा, गंदगी, बीमारी, मच्छर और असमानता के कीड़े खदेड़-खदेड़ कर बाहर निकालें।

पांचवें, हमें मैडिकल एजूकेशन का पहला डिग्री कोर्स १२ वर्ष के बाद ३ वर्ष का कर देना चाहिए। तत्पश्चात् जो डॉक्टर सरकारी नौकरी करना चाहे, उन्हें कम-से-कम ३ वर्ष के लिए ग्राम सेवा में भेजना चाहिए।

(शेष पृष्ठ ६ पर)

स्वामी श्रद्धानन्द के आत्मसंस्मरण (१८)

"कुछ आप बीती, कुछ जग बीती"

—प्रिन्सिपल कृष्णचन्द्र एम० ए०, एम० ओ० एल०, शास्त्री

[२५-६-७८ के अंक में छपे लेख से आगे]

सत्य का प्रभाव—

—मैंने जलन्धर पहुंचकर सुना कि पञ्जाब विश्वविद्यालय के नए रजिस्ट्रार महोदय मिस्टर लारपेण्ट ने रिश्वत लेनी आरम्भ कर दी है। मुझे सन्देश दिया गया कि मुझसे अत्यन्त कम अंक प्राप्त करने वाले दो छात्रों ने पांच पांच सौ रुपये रिश्वत दे कर उत्तीर्ण होने की व्यवस्था कर ली है और लारपेण्ट साहब मेरी प्रतीक्षा कर रहे हैं। मैं यदि दो ढ़ाई सौ रुपये भी दे दूं तो मुझे उत्तीर्ण कर देंगे। मैंने ऐसा करने से सर्वथा इनकार कर दिया और साथ ही लारपेण्ट साहब को पत्र लिख दिया कि यदि वे ऐसे छात्रों को उत्तीर्ण कर देंगे. जो अपने अनुत्तीर्ण होने को स्वयं स्वीकार कर चुके हैं तो उनकी पोल समाचार पत्रों में खोली जाएगी। इसके साथ ही एक बड़ी मूंछों वाले यूरेशियन ने, जिनका नाम मिस्टर ब्रण्डन था और जो कहीं क्लर्क थे, लाहौर पहुंचकर धमकी दी कि उन्हें भी उत्तीर्ण कर दिया जाए, अन्यथा वह आकाश पाताल एक कर देंगे। परिणाम यह हुआ कि न मैं उत्तीर्ण हुआ और न ही रिश्वत देने वाले उत्तीर्ण हुए। परन्तु ऐसा नहीं कि कोई भी रिश्वत देने वाला उत्तीर्ण न हुआ हो।

—आर्यसमाज जालन्धर के उपप्रधान उस समय लाला भक्तराम बी० ए० थे जो मिशन स्कूल जालन्धर के मुख्याध्यापक थे। उन्होंने मुखतारी की परीक्षा दी थी और वसुबाबू के वार से घायल पड़े थे। उनसे रिश्वत मांगी गई और उनके एक सम्बन्धी ने उन्हें रिश्वत देने के लिए रुपये ला कर दिए भी परन्तु धर्मात्मा भक्तराम ने इस प्रकार के उत्तीर्ण होने को पाप समझा। किन्तु उनके सम्बन्धी ने एक अन्य आर्य समाजी भाई को भी रुपये ऋण के रूप में दे दिए। जिसने कई लोगों से पांच सौ रुपयों से कुछ अधिक ऋण लेकर लारपेण्ट देवता के चरणों में रखे और एल०एल० का प्रमाण पत्र प्राप्त करके हजारों के वारे न्यारे करने आरम्भ कर दिए।

—उन दिनों एल० एल० की भी खूब मिट्टी पलीद हुई। लोगों ने एल० एल० का अर्थ यह घड़ लिया कि ऐसा वकील जो लारपेण्ट को रिश्वत देकर उत्तीर्ण हुआ है। लारपेण्ट की कहानी यहां पर ही समाप्त नहीं होती। क्योंकि वह पञ्जाब के छात्रों को, विशेष रूप से कानूनी परीक्षा के प्रत्याशियों को जोंक की भांति एक वर्ष और चिमटा रहा। १८८५ ई० के दिसम्बर की परीक्षा की अन्तिम आहुति देते हुए केवल इतना लिखना सम्भवतः रह गया है कि इस वर्ष जो महाशय वकालत की परीक्षा में प्रथम आए थे, उनके और मेरे अंकों के योग का सम्भवतः पचास के लगभग अन्तर था। परन्तु इससे क्या होता था? जबकि उपरिवर्णित देवता की पूजा ही न की गई थी।

—१८८६ ई० से मैंने जालन्धर जा सूदों के चौक में एक दो मन्जिल वाला मकान किराया पर लिया और मुखतारी का कार्य जोर शोर से करना आरम्भ कर दिया। इसके साथ ही आर्यसमाज के कार्य में भी प्रबल रूप से भाग लेना आरम्भ किया। परन्तु एक अत्यन्त मनोरञ्जक बात यह थी कि मैं आर्य समाज का प्रधान था और मुझे हिन्दू समाज की कुरीतियों के विरुद्ध कार्य करना पड़ता था, परन्तु मैं लाला बसन्त राय कोहली के मकान में निवास करता था। जो उस वर्ष पौराणिक सनातन धर्म सभा के मन्त्री बने थे और जिनकी दुकान मेरे मकान के नीचे ही थी। यह अत्यन्त ही मनोरञ्जक था कि जो विज्ञापन नीचे लिखा जा रहा है उसका खण्डन उसी के ऊपर तय्यार हो रहा है। (क्रमशः)

आओ मनुष्य बनें

—श्री नकुलसैन सच्चर पंजाबी बाग

जब से भारत स्वतन्त्र हुआ है यहाँ कई वाद उदय हो चुके हैं। प्रत्येक वाद के पृष्ठपोषक गला फाड़ फाड़ कर कह रहे हैं कि "जब राजसत्ता हमारे हाथ आयेगी तब ही संभव है कि देश से गरीबी पूरी तरह से समाप्त की जा सके।" यहाँ एक ऐसा वाद भी सर उठा रहा है जिसके हामियों की निश्चित राय है कि अमीरों को मार, धन छीनकर गरीबों में बांट देना चाहिये। ये भाई सबको बराबर बना देना चाहते हैं। ये भूल जाते हैं कि हमारे जीवन की बाग डोर हमारे अपने हाथ में नहीं अपितु एक ऐसी शक्ति के हाथ में है जो कभी भूल नहीं करती। सबको बराबर करने में उनका उद्देश्य केवल जीवन की वर्तमान स्थिति को ही सुधारना है। भूत और भविष्यत से उनका कोई सरोकार नहीं। या यूं समझो कि अगले और पिछले जन्म को वे मानते ही नहीं।

दुनियां में कई ऐसे बालक जन्मते हैं जिन्हें अपने पिछले जन्म का ज्ञान होता है। गीता में भी कहा गया है कि जो जन्म लेता है उसका मरना अवश्यंभावी है और जो मरता है उसका जन्म होना भी जरूरी है। जन्म मरण का यह चक्कर निरन्तर चलता रहता है जब तक कि जीव मोक्ष को प्राप्त न हो जाये। यह शरीर तो पूर्वकृत कर्मों को भोगने का एक "आयतन" अर्थात् बर्तन मात्र है। जैसा कर्म इस जीवन में करोगे वैसा फल भोगने के लिये भावी शरीर मिलेगा। किसी भी वाद अथवा "फ़िलासफी" में शक्ति नहीं और न ही भविष्य में हो सकती है जो सब प्राणियों के कर्मों को एकसा बनाकर सबको समान दुःख सुख दे सके। ऐसा मानने पर जीव की स्वतन्त्रता नष्ट हो जायेगी।

क्या पूंजीवादी और साम्यवादी देशों में दुःख से पीड़ित लोग नहीं रहते? क्या अमरीका अथवा इंगलेण्ड में सब व्यक्ति समान स्तर के ही हैं? क्या वहां छोटे बड़े लोग नहीं हैं? क्या रूस में सब लोग एक जैसे घरों में रहते हैं? क्या वहां कुछ लोग ऐसे नहीं जो मोटर गाड़ियों में फ़िरते हैं जबकि अन्य बहुतेरे पैदल चलने पर ही कनायत करते हैं? यदि उपर्युक्त स्वतन्त्र देशों में ऐसी असमानता विद्यमान है तो यहां झगड़ा किस बात का है?

आओ विचार करें कि दुनियां में सर्वत्र व्यक्ति व्यक्ति में असमानता क्यों है? सच्चाई तो यह है कि दुनियां में आगे बढ़ने के लिये जहां व्यक्ति को स्वयं पुरुषार्थ करना चाहिये वहां उसके पूर्व जन्मों में किये गये अच्छे कर्म भी उसको इस दौड़ में सहायता देते हैं। जो व्यक्ति इस जन्म में किसी के हक्क को छीन कर अथवा रिश्वत आदि लेकर जीवन को सुखी बनाना चाहते हैं क्या सर्वदा इस उद्देश्य में सफल होते हैं? यह प्रायः देखा गया है कि जीवन की स्थिति एक जैसी नहीं रहती। जो आज राजाओं की तरह महलों में रहते हैं हो सकता है कि कल को पूर्वकृत अपने पुण्य कर्मों के क्षीण होने पर अथवा पाप कर्मों के उदय होने पर अपने जीवन निर्वाह के लिये सड़कों पर भीख मांगते फिरें। पाप और पुण्य की यह फिलासफी बड़ी गहरी है। इसका प्रभाव-चक्कर निरन्तर चलता रहता है। अतः संसार में आज तक न कभी सब बराबर हुए हैं न होंगे। इन अर्थों में न साम्यवाद कभी था और न कभी होगा। इस लिये प्रश्न पूंजीवाद और साम्यवाद का नहीं अपितु देश में से 'कुराज्य' उखाड़ फेंकने, "सुराज्य" स्थापित करने का है। 'सुराज्य' वह सशक्त राज्यव्यवस्था है जो देश के हर नागरिक के लिये "आलम्बन पदार्थों" की प्राप्ति सुनिश्चित कराये। शेष अन्य पदार्थ जिन्हें "अनुबन्ध पदार्थों" की संज्ञा दी जा सकती है नागरिक स्वयं प्राप्त करने का यत्न करें। मेरे विचार में आलम्बन पदार्थ निम्नलिखित पाँच है—

(१) प्रत्येक नागरिक को उसकी आवश्यकतानुसार खाने के लिये पौष्टिक आहार मिलना चाहिये।

(२) प्रत्येक नागरिक के लिये उसकी आवश्यकतानुसार पहनने के लिये ऋतु-अनुकूल पर्याप्त कपड़ा सुनिश्चित कराया जाना चाहिये।

(३) प्रत्येक नागरिक को रहने के लिये उसकी आवश्यकता के अनुसार कमो बेश स्वच्छ और हवादार मकान प्राप्त कराया जाना चाहिये।

(४) प्रत्येक नागरिक का रोगी होने की अवस्था में उत्तम से उत्तम इलाज कराया जाना चाहिये।

(५) प्रत्येक नागरिक बच्चे के लिये उसकी रुचि और प्रतिभा के अनुकूल उच्च से उच्च शिक्षा का प्रबन्ध किया जाना चाहिये।

स्मरण रहे कि उपर्युक्त पांचों पदार्थों से देश का कोई भी नागरिक वंचित नहीं रहना चाहिये। (शेष बायें स्तम्भ में)

(दायें स्तम्भ से आगे)

अब रह गये शेष पदार्थ जिन्हें कि मैंने अनुबन्ध पदार्थों की संज्ञा दी है जैसे कि—मोटर गाड़ी, घोड़े आदि पशु, फ्रिज, दूरदर्शन आदि "आसाइशें"। इन "अनुबन्ध पदार्थों" की प्राप्ति के लिये नागरिकों को स्वयं पुरुषार्थ करना होगा। किन्हीं पुण्यकर्मों वालों को ये अनायास मिल जायेंगे। किन्हीं को कुछ मेहनत करने पर और किन्हीं को बड़ी कठिनाई से। देश के किसी भी नागरिक को ये "आसाइशें" कुकर्मों—चोरी, रिश्वत, कालाबाजारी, पगड़ी लेना आदि—से प्राप्त करने का यत्न नहीं करना चाहिये। जो ऐसा

(शेष पृष्ठ ६ पर)

सम्पादकीय

सुराज्य

पिछले दिनों अफगानिस्तान में जिस प्रकार एकाएक राज्य सत्ता हस्तान्तरित हुई उससे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों की सरकारों और लोगों की आँखें खुल जानी चाहियें। पृथिवी के इस आंचल में संसार की दो महान् शक्तियाँ तो भौतिक रूप में विद्यमान हैं ही। विश्व की तीसरी महान् शक्ति भी यहां से दूर नहीं, आस-पास ही मण्डरा रही है। अन्यथा हिन्द महासागर में तटीय देशों के घोर विरोध के बावजूद इस द्वारा फौजी अड्डे की स्थापना का क्या अर्थ हो सकता है? इन तीनों की महत्वाकांक्षायें आपस में टकराती हैं। ये यद्यपि आपस में टकराने से कतराते हैं, किन्तु अपने प्रभावक्षेत्र को इस खित्ते में येन केन प्रकारेण परिवृद्ध करने में जुटे हुए हैं। प्रभावक्षेत्र को बढ़ाने की इस होड़ में ये तीनों किसी समय किसी देश में क्या कुछ कर दें, इसके सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इनकी राजनीतिक रेशेदानियों का शिकार इस खित्ते का कोई भी देश किसी भी समय हो सकता है। यह है वह खतरा जो आज दक्षिण पूर्व एशिया के छोटे बड़े सब देशों को दरपेश है। इस खतरे का एक ही इलाज है जैसा कि श्री बलभद्र कुमार कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय पिछले दिनों 'आर्य सन्देश' में छपे अपने लेखों में दर्शा चुके हैं। और वह यह है कि इन देशों के लोगों में अपने देश के लिये, उस देश की परम्पराओं के लिये, उसमें प्रचलित राज्य प्रणाली के लिए अगाध आस्था प्रेम और श्रद्धा उत्पन्न करना। इतनी श्रद्धा कि वे समय आने पर इसके लिए सर धड़ की बाजी लगाने को तैयार हो जाएँ। **ऐसा केवल सुराज्य की स्थापना से ही हो सकता है,** अन्यथा नहीं। ऐसा सुराज्य जिसमें हर नागरिक के लिए, न्याय, समानता का व्यवहार और मानव की गरिमा सुनिश्चित करा दी गई हो। जब तक यह नहीं होगा इस देश का भविष्य भी खतरे में ही रहेगा। सम्पूर्ण-प्रभुत्व-सम्पन्न भारत के प्रत्येक नागरिक को हृदय पर हाथ रख के सोचना चाहिये कि क्या हमारे यहाँ सबके लिए ये 'दैवी न्यामतें' सुनिश्चित करा दी गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? ऐसा किये बिना उपर्युक्त खतरे का प्रतिकार नहीं किया जा सकता।

—सत्यानन्द शास्त्री

आर्य समाज प्रचार शिविर

गत ३० अप्रैल १९७८ को बवाना ग्राम में दिल्ली ग्रामीण क्षेत्र के आर्य भाईयों की एक बैठक हुई। पं० मूलचन्द प्रधान आर्य समाज नरेला ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निश्चय किया गया कि आर्य समाज के प्रचार को और अधिक गति से चलाने के लिये दिल्ली राज्य में एक उपदेशक विद्यालय खोला जाये। बैठक में यह भी निश्चय हुआ कि आगामी २४ से २८ जून १९७८ तक आर्य समाज मन्दिर नरेला में एक "आर्य समाज प्रचार शिविर" का आयोजन किया जाये। स्मरण रहे इन्हीं दिनों इस समाज में संस्कृत प्रशिक्षण शिविर भी सम्पन्न हो रहा होगा। जो भाई इन शिविरों में भाग लेना चाहें वे प्रधान आर्य समाज नरेला, दिल्ली राज्य अथवा प्रि० होशियार सिंह हा० सै० स्कूल बवाना को सूचित करें।

तो क्या किया?

— धर्मदेव "चक्रवर्ती" १९ माडल बस्ती दिल्ली

प्रभु भजन में यह मन न लगाया तो क्या किया?
हीरा जनम यह विरथा गंवाया तो क्या किया?

मिलना नहीं है नर तन तुझ को यह बार-बार
दुखियों की जिन्दगी में तू ला दे नयी बहार!
उपकार में यह तन न लगाया तो क्या किया?
हीरा जनम यह विरथा गंवाया तो क्या किया?

नित खेल-कूद में तेरा बचपन निकल गया
और भोग-विलास में सब यौवन विफल गया!
मल-मल हाथ फिर पछताया तो क्या किया?
हीरा जनम यह विरथा गंवाया तो क्या किया?

जब जोश था जवानी थी तुझ को न होश था
सब कुछ लुटा के होश में आया तो क्या किया?
हीरा जनम यह विरथा गंवाया तो क्या किया?
प्रभु भजन में यह मन न लगाया तो क्या किया?

अन्तःकरण चतुष्टय

अन्तःकरण और बहिष्करण आत्मा के दो प्रकार के करण अर्थात् साधन हैं। नेत्र आदि ज्ञानेन्द्रियां और हस्त आदि कर्मेन्द्रियां बहिष्करण अर्थात् बाहरी साधन हैं। ये प्रत्यक्ष हैं और स्पष्ट हैं, स्वयं भी अनायास समझे जाते हैं और दूसरों को भी बतलाये जा सकते हैं। किन्तु अन्तःकरण भीतरी करण हैं। इनका दूसरों को बताना तो दूर रहा स्वयं भी समझना कठिन है। जैसे बहिष्करण अर्थात् बाहरी करणों के स्वरूप और कार्य पृथक् पृथक् हैं, ठीक इसी प्रकार अन्तःकरण अर्थात् भीतरी करणों के स्वरूप और कार्य भी पृथक् पृथक् हैं। परन्तु ये बहिष्करणों की भान्ति स्थूल या ठोस न होकर सूक्ष्म होने से, इन के स्वरूप और कार्यों में विवेक करना, भेद करना या पहचानना दुष्कर है। ये एक प्रकार से विद्युत्तरङ्ग के समान हैं। इन भीतरी करणों के नाम हैं मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार।

प्रत्येक भीतरी करण के दो दो धर्म हैं। मन के संकल्प (प्राप्ति की इच्छा) और विकल्प (निषेध की इच्छा), बुद्धि के संदेह और निर्णय, चित्त के भूतस्मरण और भावी स्मरण (आगे की चिन्ता), अहंकार के अहंभाव (मैं-पन) और ममभाव (मेरा-पन) ये धर्म हैं। **मन** बिजली के समान पतनशील तथा तीव्रगतिवाला है। केनोपनिषद् में कहा भी है "**केनेषितं पतति प्रेषितं मनः**" अर्थात् किस देव से प्रेरित हुआ मन अपने अभीष्ट पर गिर पड़ता है। मन जागता हुआ तो अपने अभीष्ट पर दूर तक जाता ही है, परन्तु सोया हुआ भी (यद्यपि उस समय इन्द्रियां कार्य नहीं करतीं) यह जागृत के सदृश जागृत व्यवहार के संस्कार से विषयों की कल्पना कर लेता है। मन सचमुच ज्योतियों का ज्योति है। जब सूर्य नहीं, अग्नि पास नहीं, प्रदीप प्रकाश नहीं तब मनुष्य मन रूपी ज्योति के सहारे काम करता ही है। मन में सदा संकल्प (अभीष्ट प्राप्ति की इच्छा) और विकल्प (अनिष्ट परिहार की इच्छा) उठा करते हैं। इन संकल्प विकल्पों को शिव संकल्प (अर्थात् व्यक्ति परिवार समाज और राष्ट्र के लिये कल्याणकारी) बनाना मानव का कर्त्तव्य है। शिव संकल्प वाला मन मानव को उठाता है और इसके विपरीत अशिव संकल्प वाला मन मानव को गिराता है। शास्त्र ने ठीक ही कहा है "मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः"।

वस्तु को यथार्थ जानने, निर्णय पर पहुंचने और सावधान होने का साधन **बुद्धि** है। अकस्मात् नई वस्तु को देखकर प्रथम उस पर संदेह दृष्टि होती है, फिर संदेह भागों में जिज्ञासा होकर आखीर मनुष्य निर्णय पर पहुंचता है। यह सब कुछ बुद्धि द्वारा ही होता है। जैसा कि बाहरी ज्योति से वस्तु एवं अवस्तु की स्थिति स्पष्ट हो जाती है, ऐसे ही जीवन भर रहने वाली भीतरी ज्योति बुद्धि से मनुष्य अपनी जीवनयात्रा के सुसम्पादनार्थ सुपथ और कुपथ, कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य, उपादेय और अनुपादेय को जान लेता है।

पांच ज्ञानेन्द्रियों के विषय (गन्ध, रस, रूप, स्पर्श और शब्द) तथा मन का संकल्पविकल्प व्यवहार और बुद्धि का संदेहनिर्णय रूप कार्य, ये सात जैसे भूत काल में अनुभव किये, वर्तमान में किये जा रहे हैं और भविष्य में किये जाने वाले हैं या जिन पर लक्ष्य तथा ध्यान है—ये सब **चित्त** के अधीन हैं। इन का स्मरण चित्त के द्वारा होता है। जो मनुष्य अपने बुरे कर्मों के परिणाम को भूल जाता है और अच्छे कर्मों के श्रेष्ठ फल को याद नहीं करता उसका वर्तमान नहीं बनता तथा जो भविष्य की नहीं सोचता उस का भी वर्तमान शून्यरूप ही होता है। जो मनुष्य पिछले बुरे कर्मों को त्याग कर और पुण्य कर्मों को बार बार संपन्न करके वर्तमान को साधता है वही सुखी होता है।

वेदों के ज्ञान से ज्ञानी और ईश्वर की स्तुति-प्रार्थना-उपासना से ध्यानी मनुष्य अपने आप को **अहंकार** द्वारा अनुभव करता है तथा पारिवारिक जनों, इष्टमित्रों, स्वसम्बद्ध प्राणियों का ममत्व अहंकारमय अन्तःकरण से ही होता है। इस अहंकार को शिवसंकल्प वाला बनाकर वेद का यथार्थ ज्ञान, प्रभु परमात्मा का सच्चा ध्यान बन सकता है तथा स्वसंबन्धियों का ममत्व यथोचित सुखद बन सकता है। अन्यथा स्त्री मेरी, पति मेरा, पुत्र मेरा, घर मेरा, धन मेरा इत्यादि ममत्व के जाल में फंसकर मनुष्य सच्चे सुख से वंचित हो जाता है, उन के प्रति यथार्थ कर्त्तव्य पालन से च्युत हो जाता है। इस प्रकार ईश्वर के ध्यान और वेद के ज्ञान से रहित होकर मैं दरिद्र, हूं मैं निर्बल हूं, मैं रोगी हूं, मैं अभागा हूं इत्यादि अनिष्ट अहम्भावों में ग्रस्त होकर मनुष्य महा दुःखी बना रहता है। (स्वामी ब्रह्ममुनि तीर्थ के लेखों के आधार पर संग्रहीत)

(शेष पृष्ठ २ का शेष)

समाचार पत्र के समालोचक ने "उपासना" नामक पुस्तक की समालोचना की है। स्मरण रहे 'उपासना' नामक पुस्तक में संध्या और हवन मन्त्रों की व्याख्या की गई है। समालोचना में लिखा गया है कि लेखक ने बड़ी योग्यता से सफलतापूर्वक यह समझाया है कि वास्तविक हिन्दु धर्म वह ही है जो कि ऋषि दयानन्द ने अपने ग्रन्थों में बतलाया है। पुराणों में लिखी हुई अन्ध विश्वास की बातें हिन्दु धर्म नहीं हो सकतीं। वस्तुतः सच्चा धर्म तो वेद का ही धर्म है।

अभी अभी आचार्य नरेन्द्र भूषण ने मलयालम भाषा में उपनिषदों का गुटका प्रकाशित किया है। सारे केरल में यह गुटका बहुत लोकप्रिय हो रहा है। कुछ दिन हुए केरल की पन्द्रह साहित्यिक संस्थाओं ने मिल कर आचार्य नरेन्द्र भूषण का उन द्वारा की गई साहित्य सेवा के लिए अभिनन्दन भी किया था। इससे वस्तुतः केरल में आर्य समाज का ही अभिनन्दन हुआ है।

आर्य भाईयो यह नवयुवक आर्य विद्वान् कितना काम कर रहा है—हर वर्ष सैकड़ों पृष्ठों की पुस्तकें लिख कर छाप देता है, चोटी के आर्य लेखकों के लेखों का अनुवाद ही नहीं करता अपितु छपवा कर प्रकाशित भी कर देता है, प्रचार भी करता है, संगठन का कार्य भी करता है, विरोधियों को उत्तर भी देता है, ऋषि के ग्रन्थ भी छाप रहा है, वेद, दर्शन, उपनिषद् भी प्रकाशित कर रहा है। ये सब कुछ शृंखलाबद्ध पुस्तकाकार में छप कर प्रकाशित हो रहा है। खेद है कि इस नवयुवक का स्वास्थ्य ठीक नहीं। वैद्यों ने परामर्श दिया है कि उसे अधिक कार्य नहीं करना चाहिए। औषध उपचार हो रहा है, खर्च उठ रहा है। खतरा है कि कहीं इसे अधरंग न हो जाये। अतः मैं सबसे अपील करूंगा कि दिल खोल कर उसकी धन से सहायता करें। ताकि उसकी दिमागी परेशानी दूर हो। वह रात दिन दीवाना वार यही माँग करता है कि मेरी भाषा में महर्षि के सब ग्रन्थ उपलब्ध होने चाहियें, वेद भी मलयालम में छप जाने चाहियें। बाईबल और कुरान मलयालम में मिलते हैं तो फिर वेद क्यों अनुपलब्ध रहें। उसे दिन रात चैन नहीं। मेरी हार्दिक इच्छा है कि वह सत्यार्थ प्रकाश को मलयालम में प्रकाशित करवाने के बाद अपना लिखने का काम धीमा कर दे, ताकि उसका स्वास्थ्य कुछ सुधर सके। फिर वह सारा समय संगठन और प्रचार कार्य में लगाये। प्रभु करे कि आचार्य नरेन्द्र भूषण का स्वास्थ्य बना रहे और सर्वशक्तिमान प्रभु उन्हें कम अज कम ५० वर्ष और सुधार और सेवा करने का अवसर दें। उनके कार्य से देश की एकता को बल मिलेगा। धर्म पर बलिदान होने वाले लेखराम, श्रद्धानन्द का झण्डा केरल के गांव गाँव में फहरायेगा। लोहा गरम है चोट लगाओ। कदम बढ़ रहे हैं। इन बढ़ते कदमों को चूम लो।

केरल के मन्दिरों के बोर्ड ने एक शानदार स्मारिका छपवाई है। केरल के चोटी के ५० विद्वानों के लेख हैं। उनमें एक लेख त्यागी, तप आचार्य नरेन्द्र भूषण का है। शीर्षक है "सामवेद क्या है ?"। आचार्य भूषण से पहले केरल के साहित्य में वेद और दयानन्द कहां थे ? भाषा का रक्षक, उत्तर दक्षिण की एकता का पोषक, वैदिक धर्म और शुद्धि के काम के लिए मर मिटने वाला "जिन्दा शहीद" नरेन्द्र जैसा रत्न आर्य समाज को सौभाग्य से मिला है। उसकी कमियों को मत देखो, अपितु सहायता दे उन्हें पूरा करो। उसकी तड़प, त्याग योग्यता को समझो। श्रद्धानन्द का सपना साकार करना है तो मेरी सुनो, नहीं तो बाद में पछताना पड़ेगा। ओम् शम्।

(उर्दू "वैदिक धर्म" साप्ताहिक जालन्धर के सौजन्य

(पृष्ठ ४ का शेष)

टांग टूटी हुई तो क्या कमर है पतली उनकी।
टांग वह टांग कि जिस टांग ने दिल टांग दिया है॥

यह शेर सुनना था कि मास्टर साहिब आपे से बाहिर हो गए, चेहरा तम-तमा उठा, बदन कापने लगा, मुंह में लड़खड़ाती हुई ज़बान से "बेशरमों! गुस्ताखो! ओ बेइमानों! लातों के भूत तुम बातों से मानते। मैं अभी तुम्हें सीधा किये देता हूं।" यह कहते हुए वह कमरे उठ भागे और अनायास आरम्भ हुई विनोद सभा एकाएक इस "वाक-आ से ठप्प हो गई।

(पृष्ठ ५ का शेष)

भारतीयों की क्रान्ति साधु, सन्तों और महात्माओं द्वारा ही उद्भूत प्रस्फुटित होती रही है। आइये इन संस्थाओं को वृहद रूप दें। देश-विदे फैली आर्य समाजों तथा प्रतिनिधि सभाओं से यह अपेक्षित है कि विद्या खोलने के बाद अब वे जिले में एक एक वानप्रस्थ आश्रम बनावें जहां केवल निशुल्क शिक्षा और प्रचार की व्यवस्था हो, वरन् जहां व्यव निवृत्त ससन्तान और निसन्तान दोनों प्रकार के वृद्ध-जन स्व-व्यय या स और सरकार के व्यय पर अपना शेष जीवन प्रकृति माता की गोद में सुग ले और आध्यात्मिक वातावरण में बिता सकें।

(वानप्रस्थ आश्रम ज्वालापुर की स्वर्ण-जयन्ती पर हुए वानप्रस्थ सम्मे में दिये गये उद्घाटन भाषण से उद्धृत)

महर्षि के आगमन का कारण

(श्री विभुदत्त शास्त्री सं० विद्यालय संतपुरा भटिण्डा)

अज्ञानी, पाखण्डी, छली, धर्म के थे ठेकेदार,
सत्य धर्म कर्म द्वार चहु ओर बन्द थे ॥
शुद्ध बुद्ध नित्य निर्विकार 'विभु' ईश का
मान अवतार भोग लाते मतिमन्द थे ॥
मौलवी मस्टण्डें गुण्डे पण्डे औ पुजारी लोग,
लूट का खा माल बने झूमते गयंद थे ॥
धन्य है नियन्ता न्याय प्रिय जगदीश तेरा,
भेजे जो यती दयालु ऋषि दयानन्द थे ॥१॥

भूल गये—वेद ज्ञान हीन देश दुर्दशा ऋषि,
चले घर छोड़-तोड़ श्रृंखला विलास की ॥
सत्य शिव सुन्दरं विभु की खोज बीच घूम,
सही शीत तप पीड़ा क्रीड़ा भूख प्यास की ॥
मिले अन्त वेद ज्ञान मान विरजानन्द दण्डी,
जिन की शरण में अधूरी पूरी आस की ॥
गुरु निदेश-देश हित निज बलिदान दे.
चले है जगा के ज्योति सत्यार्थ प्रकाश की ॥

अब हमारा कर्त्तव्य—

जगा के ज्योति वेद की चले गये हैं जो ऋषि,
न मन्द वन्द हो सदैव यह जगी रहे ॥
सुभव्य भूरि भावना भरी जो भूत भावनी,
सुनो जनों मनें में वह सदा जगी रहे ॥
कभी न पोप-कोप से डरो न गुण्डे डण्डे से,
लगी लगन जो सत्य की तुम्हें लगी रहे ॥
ठगों की दाल न गले चले न धुंधधांध,
भगे खेलों की मण्डली, 'विभु' सदा भगी रहे ॥

एक प्रश्न चिन्ह ?

नवयुवक आर्य समाज में क्यों नहीं आते ?

ले०—श्री पं० विनयकुमार विद्या वाचस्पति

आये दिन समाचार पत्रों में खबरें छपती हैं कि नवयुवक भारतीय संस्कृति और सभ्यता से विमुख होते जा रहे हैं। आर्य समाज की कुछ साप्ताहिक पत्रिकाओं में भी इस विषय पर लेख छपने लगे। सब ने स्वर में स्वर मिलाकर अलापना शुरू किया, देश का क्या बनेगा? जाति का क्या बनेगा? आर्य समाज का क्या बनेगा? सब बाह्य रूप से देखा, आन्तरिक रूप से देखने का कष्ट किसी ने नहीं किया। इसका फल यही हुआ कि रोगी का रोग बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की। पर उपदेश कुशल बहुतेरे, के चक्कर में पड़ गये। जबकि डाक्टर ही खुद रोगी हो तो बीमार का इलाज कैसे कर सकता है। यह बात वास्तव में सत्य है कि खुद हम आर्य समाजी भाई ही संक्रामक रोग से ग्रसित है तो दूसरों की भलाई क्या कर सकेंगे। इस बात को हम मानें या न मानें, पर वास्तव में सत्य है।

आर्य समाज में नवयुवक आना चाहते हैं, पर हम लोग लाना नहीं चाहते, यह कैसे हम दूसरे को आर्य बनाना चाहते हैं, आप बनना नहीं चाहते। हम दूसरे के बच्चों को आर्य बनाने की प्रेरणा देते हैं। अपने बच्चे को नहीं बनाते। गुरुकुल बहुत खोले गये, जनता की भावनाओं तथा धन का प्रयोग उसमें किया गया पर किसके लिये, पशुओं को, पक्षियों को बसाने के लिये। आज सभी संस्थाएं प्रायः बन्द सी हैं, अधिकांश में दीपक दिखाने वाला भी कोई नहीं। दीवार का नाव संस्था नहीं, संस्था तो संस्था वालों से बनती है। उसका प्रयोग करने से फलता-फूलता है। आज ऐसा कोई भी आर्य समाज का मन्त्री या प्रधान होगा जिसके बच्चे गुरुकुल में पढ़ते होंगे। हां अपवाद स्वरूप एक दो की बात नहीं होगीं। भवनों की दीवारों पर अपने नाम का पत्थर लगवा दिया किस के लिए दूसरों के लिये। जिस प्रकार कबूतर पालने के लिये कबूतरखाने बनाये जाते हैं। बनाने वाला उसमें कबूतर पालता है अपने बच्चे नहीं। उसी तरह इन संस्थाओं में आर्यों के बच्चे पढ़ने नहीं आते, औरों के आते हैं। आर्यों के बच्चे तो ईसाई मिशनरी स्कूलों में, कालेजों में, या किसी विशेष ओहदा प्राप्त कालेजों में पढ़ते हैं, वे लोग ही आये दिन हो-हल्ला मचाते हैं कि आज कल के नवयुवक आर्य समाज में नहीं आते।

ये लोग कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं अपने व्याख्यानों में, लेखों में कहते या लिखते हैं सन्ध्या करो, दोनों समय करो, हवन-यज्ञ करो, पर आप ही खुद नहीं करते।

क्रमशः

(६ पृष्ठ का शेष

स्वदेश छोड़ कर बाहर जा चुके हैं। कारण, यही है कि उनमें स्वदेश के प्रति अपने कर्त्तव्यों का ज्ञान नहीं कराया गया। उनकी शिक्षा दीक्षा पब्लिक स्कूलों में हुई एवं अंग्रेजी माध्यम से हुई। मेरी कैनेडा यात्रा में एक कैनेडियन अधिकारी ने मुझ से पूछा कि आप अपने बच्चों को अपनी मातृ भाषा में क्यों नहीं शिक्षा देते। वे अपने देश में हमारे अंग्रेजी माध्यम द्वारा पठित डाक्टरों, इंजीनियरों आदि के आक्रमण से चिंतित था। मैंने कहा, यदि हम इन्हें अंग्रेजी के माध्यम से शिक्षित न करें तो आप की सेवा कैसे करेंगे। बोला, यही तो हम चाहते हैं। आप इन्हें हिन्दी द्वारा ही पढ़ायें ताकि यह हमारे मार्केट में आकर हमारे बच्चों के साथ मुकाबला न कर पायें।

जैसा कि मैंने ऊपर कहा कि यदि हम सचमुच सन २००० तक देश में सम्पूर्ण क्रांति लाना चाहते हैं तो हमें इस विषय पर आज ही दृढ़ मत बनाना होगा।

आज देश में पूर्ण शराब बन्दी सम्भव नहीं। क्या इस लिये हम मद्यपान का विरोध कर नहीं रहे हैं? तो फिर उसी प्रकार तालीमी विषपान के विरुद्ध हम दृढ़मत होकर आवाज बुलन्द करने से क्यों हिचकिचाते हैं? कम से कम नई तालीम के मंच पर ऐसी हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिये।

(५ पृष्ठ का शेष)

के सब मत-मतान्तरों का खण्डन किया और वैदिक धर्म की स्थापना की। वैदिक धर्म के प्रचार के लिए उन्होंने आर्य समाज नामक संगठन की स्थापना की। वे आर्य समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए सत्यार्थ प्रकाश के ग्यारहवें समुल्लास में लिखते हैं कि जो उन्नति करना चाहो तो 'आर्य समाज' के साथ मिलकर उसके उद्देश्यानुसार आचरण करना स्वीकार कीजिये, नहीं तो कुछ हाथ न लगेगा। क्योंकि हम और आपको अति उचित है कि जिस देश के पदार्थों से अपना शरीर बना, अब भी पालन होता है, आगे होगा उसकी उन्नति तन-मन-धन से सब जने मिलकर प्रीति से करें। इसलिए जैसा आर्यसमाज आर्यावर्त देश की उन्नति का कारण है वैसा दूसरा नहीं हो सकता। यदि इस समाज को यथावत् सहायता देवें तो बहुत अच्छी बात है। समाज का बढ़ाना समुदाय का काम है एक का नहीं।

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

आर्य मर्यादा

जालंधर

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का मुख पत्र

तार : आर्य प्रतिनिधि, कार्यालय--आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, गुरुदत्त भवन कृष्णपुरा चौक जालन्धर, दूरभाष--७४२५०

वार्षिक शुल्क १२) एक प्रति २५ पैसे, वर्ष ११, अंक २१, २१ मई १९७८, तदनुसार ८ ज्येष्ठ सम्वत् २०३५ दयानन्दाब्द १५५

वेद सुधा

सब से प्यार करने की शक्ति दो

प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु ।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये ॥
(अथर्व १९-६२-१)

अन्वयार्थ

हेभगवान ।

(मा प्रियं देवेषु कृणु) मुझे देव (द्विज, ब्राह्मणों) में प्रिय बना दो, (प्रियं मा राजसु कृणु) मुझे राजा (शासकों) में भी प्रिय बना दो (प्रियं सर्वस्यपश्यत) सब सबके लिये प्रिय ही देखा करें (उत शूद्र उत आर्ये) चाहे वह शूद्र हो या आर्य ।

संसार का सारा मनुष्य एक ही तरह का है। उस में कोई जाति भेद नहीं। जाति की रेखा स्वार्थ ने खींच दी। मनुष्य ने जब देखा कि उस का अधिकार छीना जा रहा है, तो जाति व्यवस्था के कई भेद बना दिये। आपने आप उत्कृष्ट बने रहने की इच्छा व्यक्त करता रहा। इतना ही नहीं, अपने पुश्तों को भी उस अधिकार से वंचित न करने के लिये, अगला कदम उस ने यह उठाया कि जन्म से ही जाति व्यवस्था कर दी। जो कि वेद शास्त्र के अनुकूल न था। मनु कहते है "जन्मनः जायते शूद्रः, संस्काराद् द्विज उच्यते। अर्थात् मनुष्य जन्म से तो शूद्र ही रहता है पर संस्कारों से द्विज बनता है। अतः शूद्र शब्द अज्ञानी, शिक्षाहीन का वाचक हो गया। शिक्षाहीन व्यक्ति के लिये शूद्रत्व प्राप्त करने के पश्चात्, केवल सेवा करना ही उसका कर्त्तव्य मुकर्रर कर दिया। क्योंकि अज्ञानी ज्ञान की बात नहीं कर सकता ज्ञान के बिना न राष्ट्र की रक्षा हो सकती है, न धन ही कमाया जा सकता

वैदिक सिद्धान्त ने वर्ण व्ववस्था को मान्यता दी है। वर्ण का आशय कार्य कुशलता से है। मनु स्वयं कहते है "शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम्". ब्राह्मण कर्त्तव्य, ज्ञान च्युत होकर शूद्र बन सकता है। आगे इसी बात को और स्पष्ट किया है "नतिष्ठतीति यःपूर्वा नोपासते यस्तु पश्चिमां, सःशूद्रवत् बहिष्कार्यः सर्वस्मात् द्विज कर्मणः" कि जो व्यक्ति प्रार्थना उपासना नहीं करता वह द्विज कहलाने का अधिकारी, नहीं। द्विज वही व्यक्ति है जोकि ज्ञान सम्पन्न हो, देश की रक्षा कर सके, और धन ऐश्वर्य को रखने वाला हो। इस प्रकार इस द्विज शब्द में ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य ये तीनों वर्णो का सयावेश है। इन्ही को आर्य भी कहा है। विद्वान् ही ब्राह्मण कहलाता है। विद्या से राष्ट्र को प्रकाशित करता है। यही देव भी है। यास्क "देवो दानाद्वा, द्योतनाद्वा आदि परिभाषा देकर चमकने वाले को, दान देने वाले को देव कहा है। इस के अन्तर्गत विद्यादान देने से 'ब्राह्मण. शरण, या अभयदान देने से क्षत्रिय,' धन दान देने से वैश्य भी देव कहला सकते हैं। पर इन तीनों में विद्या ही श्रेष्ठ है, अतः उन के दाता ब्राह्मण को ही देव कह कर वेद ने पुकारा है। ब्राह्मण ज्ञान का प्रतीक है। उस से प्रेम करना अवश्य चाहिये। ज्ञान से ही मनुष्य बनता है।

इस प्रकार ब्राह्मणों में प्रिय होने का तात्पर्य केवल ज्ञानवान् बनना है। ज्ञानवान् मनुष्य उन्नत होता है। आगे फिर कहा है कि मनुष्य राजाओं में प्रिय होने की चेष्टा करे। राजा का अर्थ है शासन करने वाला। शासन दो प्रकार का है। एक देश पर शासन करना दूसरा अपने इन्द्रियोपर, परिवार पर शासन करना। देश पर शासन करने का तात्पर्य है "क्षतातिकल त्रायत इत्युदग्रः" देश को क्षति से बचाना। देश को क्षति से वही बचा सकता है जो ज्ञानवान् हो और राजनीति विशारद हो। इस से यह स्पष्ट होता है जो व्यक्ति ज्ञानी है, उसे चाहिये राजनीति का भी थोड़ा बहुत ज्ञान रखे। यही कारण था कि राम के दरबार में वशिष्ठ आदि ज्ञानी महापुरुष नियुक्त थे क्योंकि वे भी राज नीति निपुण थे। इस के लिये कोई आवश्यक नहीं कि केवल क्षत्रिय ही राजनीति में भाग ले सकता है। इतना अवश्य है, कि जो शूरवीर हो वही राजा बन सकता है, पर सलाहकार के रूप में तो ब्राह्मण भी अधिकारी है। इस उपरोक्त मन्त्र में प्रजातन्त्र की झलक आती है।

प्रजातन्त्र में सब एक ही समान है।
पेशा चाहे जिस का कुछ भी हो,
समस्त व्यक्ति ज्ञानी एवं राजनीतिज्ञ,
बन सकते हैं।

इस के अतिरिक्त जो व्यक्ति न ज्ञानी बनने के लिये परिश्रम करता है, और न राष्ट्र की रक्षाही करता है केवल वह वैश्य बन कर ही देश की सेवा कर सकता है। पर उसे अधिकार नहीं कि शूद्र से घृणा करे। शूद्र को भी यह अधिकार है कि वह अपने साहस, शक्ति, ज्ञान आदि से देश को मार्ग दिखाये।

आजकल शूद्र का नाम हटाकर हरिजन नाम दे दिया। आज के राजनीतिज्ञों ने अपनी स्वार्थपूर्ति के लिये उस नाम के जरिये फिर जातिवाद का प्रश्न खड़ा कर दिया। जितना ही हम इन को दूर रखकर अपना उल्लू सीधा करना चाहेंगे उतना ही देश अवनति की ओर जायेगा अतः इस भेदभाव को मिटाकर केवल यही समझना है कि ज्ञानी मनुष्य, आर्य। एवं अज्ञानी शूद्र है। इन दोनों से प्रेम का बर्ताव करना चाहिये। इस से ही सब एक हो सकते है।

आर्यो ! सावधान

यह हमारा दुर्भाग्य रहा है कि आज तक हम आपस में विचार करके वेद को ईश्वरीय ज्ञान न सिद्ध कर सके, बल्कि अपने स्वार्थों में उलझ रहे हैं। इस मौके का लाभ उठा कर हमारे ही भाई अंग्रेजियत की स्याही से ईश्वरी भावना को लीपपोत रहे है, ताकि आर्यावर्त के कर्णधार बालक गुमराह होकर, अपनी हस्ती को न पहचान सकें। अब हमें जागनाहै, वेद ईश्वरीय वाणी सिद्ध करके अपने गुमराह भाईयों को हमराह बनाने का प्रयत्न करना है। उपरोक्त विषय पर समस्त आर्य सज्जनों के द्वारा प्राप्त लेख का स्वागत किया जायेगा। आर्य विद्वानों भी चाहिये कि सोती हुई कलम को जगायें और आर्य मर्यादा को बचाने की चेष्टा करें, ताकि समाज का नाम उज्वल हो सकें।

—सह सम्पादक

वीर ! लेखराम !

धन्य ! धन्य ! प्राण !
वीर !......लेखराम !
धर्म राष्ट्र के शहीद !
सत्य, न्याय पुंज दीप !
धीर-वीर युद्ध रूप !
पाप-काल दुन्याय दूत !
ज्ञान के विहान !
तुम बढ़े, धरा बढ़ी !
प्रेम की ध्वजा चढ़ी !
उच्च वेद शृंग पर !
गूंजते सुवन्ध स्वर,
रक्त बिन्दु जब गिरे,
आर्य भाग्य भी फिरे !
दीप्त हो ललाम !
हम बढ़े, चले चलें !
भव्य भाव, सीख लें !!
प्राण दान दे सकें !
शुभ्र चाह ले सकें !!
लेखराम से बनें !
ताप विश्व खो सकें !!
लें न थक विराम !
वीर !......लेखराम !!

—भारतेन्द्र नाथ

C-3

21. That it may be stated that the University is now being run by Shri GBK Hooja who is the Vice Chancellor of the University. Shri GBK Hooja retired from Government service after 37 years. He was the Chairman of Manipur state Public Service Commission from 1972 to 1975. Before that he was the chairman of Rajasthan Board of Revenue from 1968 to 1972. Commissioner Border Districts (1967-68) Vice Chancellor University of Udaipur (1958-60) Districrs Magisteate. Tonk(1954-55) Shri GBK Hooja also held King's Commission in the Indian Army (1943-45) and was Professer of Economics in DAV College Pawalpindi (1936-37). He entered Punjab Civil Service through open competition in 1938. He is also a member of the Board of Control of the Univerwity of Udaipur and is Charter President of Rotary Club of Imphal. ....

21. That it may be stated that the University is now being run by Shri GBK Hooja who is the Vice Chancellor of the University. Shri GBK Hooja retired from Government service after 37 years. He was the Chairman of Manipur state Public Service Commission from 1972 to 1975. Before that he was the chairman of Rajasthan Board of Revenue from 1968 to 1972. Commissioner Border xks Districts (1967-68) Vice Chancellor University of Udaipur (1958-60) Districts Magistrate. Tonk(1954-55) Shri GBK Hooja also held King's Commission in the Indian Army (1943-45) and was Professer of Economics in DAV College Rawalpindi (1936-37). He entered Punjab Civil Service through open competition in 1938. He is also a member of the Board of Cintrol of the Univerwity of Udaipur and is Charter President of Rotary Club of Imphal. ....

21. That it may be stated that the University is now being run by Shri GBK Hooja who us the Vice Chancellor of the University. Shri GBK Hooja retired from Government service after 37 years. He was the Chairman of Manipur state Public Service Commission from 1972 to 1975. Before that he was the chairman of Rajasthan Board of revenue from 1968 to 1972. Commissioner Border Dis Districts (1967-68) Vice Chancellor University of Udaipur (1958-60) Districrs Magisteate. Tonk(1954-55) Shri GBK Hooja also held King's Commission in the Indian Army (1943-45) and was Professer of Economics in DAV College Pawalpindi (1936-37). He entered Punjab Civil Service through open competition in 1938. He is also a member of the Board of Cintrol of the Univerwity of Udaipur and is Charter President of Rotary Club of Imphal. ....

21. That it may be stated that the University is now being run by Shri GBK Hooja who us the Vice Chancellor of the University. Shri GBK Hooja retired from Government service after 37 years. He was the Chairman of Manipur state Public Service Commission from 1972 to 1975. Before that he was the chairman of Rajasthan Board of revenue from 1968 to 1972. Commissioner Border Dis Districts (1967-68) Vice Chancellor University of Udaipur (1958-60) Districrs Magisteate. Tonk(1954-55) Shri GBK Hooja also held King's Commission in the Indian Army (1943-45) and was Professer of Economics in DAV College Pawalpindi (1936-37). He entered Punjab Civil Service through open competition in 1938. He is also a member of the Board of Cintrol of the Univerwity of Udaipur and is Charter President of Rotary Club of Imphal. ....

तार : आर्य प्रति

वार्षिक शुल्क १

वेद

सब से

प्रियं मा कृणु

प्रियं सर्वस्य पश्यत

(अ

अन्वयार्थ

हेभगवान।

(मा प्रियं दे

(द्विज, ब्राह्मणों) में

मा राजसु कृणु) मुझे

भी प्रिय बना दो (प्रि

सबके लिये प्रिय ही

प्रार्य) चाहे वह शूद्र

संसार का सार

रहा का है। उस

री। जाति की रेखा

नुष्य ने जब देखा

र छीना जा रहा

के कई भेद बना

उत्कृष्ट बने रहने की

रहा। इतना ही नहीं

भी उस अधिकार से

लिये, अगला कदम उ

कि जन्म से ही जाति

जो कि वेद शास्त्र के

मनु कहते है "जन्म

संस्काराद् द्विज उच्य

जन्म से तो शूद्र ही

कारों से द्विज बनता है

अज्ञानी, शिक्षाहीन। का

शिक्षाहीन व्यक्ति

प्राप्त करने के पश्चात्

उसका कर्त्तव्य मुकर्र

अज्ञानी ज्ञान की बात

ान के बिना न रा

सक्ती है, न धन ही कमा

21. That it may be stated that the University is now being run by Shri GBK Hooja who us the Vice Chancellor of the University. Shri CBK Hooja retired from Government service after 37 years. He was the Chairman of Manipur state Public Service Commission from 1972 to 1975. Before that he was the chairman of Rajasthan Board of revenue from 1968 to 1972. Commissioner Border Dis Districts (1967-68) Vice Chancellor University of Udaipur (1958-60) Districrs Magisteate. Tonk(1954-55) Shri GBK Hooja also held King's Commission in the Indian Army (1943-45) and was Professer of Economics in DAV College Pawalpindi (1936-37). He entered Punjab Civil Service through open competition in 1938. He is also a member of the Board of Cintrol of the Univerwity of Udaipur and is Charter President of Rotary Club of Imphal. ....

21. That it may be stated that the University is now being run by Shri GBK Hooja who us the Vice Chancellor of the University. Shri GBK Hooja retired from Government service after 37 years. He was the Chairman of Manipur state Public Service Commission from 1972 to 1975. Before that he was the chairman of Rajasthan Board of revenue from 1968 to 1972. Commissioner Border Districts (1967-68) Vice Chancellor University of Udaipur (1958-60) Districrs Magisteate. Tonk(1954-55) Shri GBK Hooja also held King's Commission in the Indian Army (1943-45) and was Professer of Economic in DAV College Pawalpindi (1936-37). He entered Punjab Civil Service through open competition in 1938. He is also a member of the Board of Cintrol of the Univerwity of Udaipur and is Charter President of Rotary Club of Imphal. ....

98 13. P. 1800/9,
Vice Chancellor,
Gurukul Kangri University,
Hardwar

File
Swami Shraddhanand
GB

Regd. No. L. 455

The Punchpuri SAMACHAR

RISHIKESH Near Vedic ASHRAM | POST BOX NO : 6 Sri Printing Press, Hardwar

VOL. XVIII; No. 14 | HARDWAR : Monday, 6 April 1981 | 15 Paise

SWAMI SHRADDHANAND

RELIGIOUS LEADER, EDUCATIONIST AND VALIENT FREEDOM FIGHTER

(By Dr. Vijay Shanker, Gurukul Kangri University, HARDWAR)

'Tall, stately figure, bright eyes and a passing shadow of irritation or anger on his face over the weaknesses of the others.........How can I forget this lively image? It often comes before my eyes !

–Jwaharlal Nehru

'If any sculptar asks me to suggest a living model to construct a statue of Christ I would point towards this splendid figure, Mahatma Munshi Ramji. If an artist asks me for a model to draw a sketch of Saint Peter I will tell him to have a look at this marvellous man.'

–Ramsay Mcdonald (Ex. British P.M.)

A touch, nay a mere encounter with Rishi Dayanand changed him to a life of dedication & service to the people. Munshi Ram, for that was the name his parents gave him, was born in 1856 in a prosperous Khatri family in village Talvan in Jullunder (Punjab) His father Lala Nanak Chand was a police inspector. The child lived with his family in Bareilly, Badaun Varanasi, Mirzapur and other places wherever his father was transferred, The riches of the family and profound affection of the parents for him did not seem to have a very good effect on the child. He was an athiest during his boyhood days. But in 1879 when Munshi Ram was 23 years old an incident in Bareilly gave a historic turn to his life. That year Rishi Dayanand visited Bareilly. Lala Nanak Chand asked his son to accompany him to the meeting which Rishi Dayanand was to address. The son obeyed his father & to his great astonishment and joy the boy found that this encounter with the Rishi had pulled him out of his fallen condition and that he could now live a real & meaninghul life. Light dawned upon him. Munshi Ram was now a completely changed person. He now developed indomitable faith in God.

(See Page 2)

Swmi Dayanand's preachings and his faith in God developed unfathomable caurage and fearlessness in him.

In 1886, at the age of 30 Munshi Ram became a regular member of Arya Samaj. Soon he was dominating over all the activities of Arya Samaj. He read Satyarth Prakash that told him that educational institutions should be situated away from the dust and din of life. This led him to take a resolve to establish a Gurukula. At the instance of him Arya Pratinidhi Sabha Punjab on 26th Nov. 1898 passed the resolution for opening a Gurukula. Thus in 1902 Gurukula Kangri was established on the bank of Ganges in natural sorroundings. Munshi Ram got his two sons admitted in the Gurukula & donated all his property to the institution. He became its first Acharya.

Under his care and guidance and that of subsequent Acharyas and Kulpatis the Gurukula continued to grow and develop Students from all parts of the country came and studied here. Swami Shraddhanand wanted the Gurukula to grow into a University where all subjects including Veda, languages, humanities, sciences and crafts etc. shall be taught with greater emphasis on the studies of Vedas and such subjects as help in the understanding of Vedas. The idea was that the students developed a complete and harmonious personality. Special emphasis was laid on Asram life, games and character building of the students. Today, Gurukula Kangri, as envisaged by its founder, is a University but much remains to be done before it becomes the University of Swami Shraddhanand's dream. The alround and continued development of Gurukula Kangri is the need of the Hour When development stops, rotting starts This is true not only of individuals but of the institutions as well. The ills that beset an institution or individual sometimes soon disappear when they (individual/institution) are given a purposeful direction.

In Aprial 1917 at the age of 61, after having nourished the institution for fifteen years, Munshi Ram took Sanyas in Maypur Vatika (Hardwar) and with this he left Gurukula to live in Delhi which now become the centre of his activities Munshi Ram had now become Swami Shraddhanand Untill now Swamiji had devoted himself to the cause of education and religion and had kept himself away from active politics But now Gandhi's politcs of non-violence attracted him He also felt strongly for the poor and down-trodden. In Delhi and certain provinces of Uttar Pradesh he organised and activated Harijan uplift movement and made fervent appeal to the people to demolish the barriers of caste and creed In 1919 Mahatma Gandhi came to Delhi to meet the Viceroy Swamiji availed this opportunity to meet the Mahatma & assured him that if the latter started Satyagraha he would be with him. The Gandhi-Viceroy

(See Page 4)

talks failed. Gandhiji now declared to start Satyagraha. A Satyagraha committee was constituted and Swamiji joined it. On 29th March 1919 a meeting under the presidentship of Swamiji was held in which the fateful decesion to observe general strike in Delhi on 30th March as a against protest Roulatt Act was taken. The Hartal was observed on the appointed date. It started peacefully, but later the police fired at several places in which some person were killed & injured. In the afternoon a public meeting was held at Peepal Park which was addressed by Swamiji. After the meeting a 25000 strong procession with Swamiji at its head proceeded towards Ghanta Ghar. At Ghanta Ghar it appeared as if the Gurkha troops wer getting ready to attack the procession. To add to this apprehension, at that mement someone from the troops fired a shot. Shraddhanandji who was at the head of the procession showed exemplary courage. He moved forward and asked the troops-"Why did you fire?" Instead of replying to the question the troops pointed their bayonets towards Swamiji and threatened to shoot him if he did not get away. Not in theleast perturbed by the threat Swamiji moved one more step forward. Now the point of bayonets was toucLing his cloths. Swamiji now roared-"Shoot me", and stood steadfast. At this point an English officer on horse back came to the scene Swamiji put the same question to him as he had put to the troops-"Why did you fire?". The officer explained that it was a misfire He then ordered the troops to make way for the procession to proceed The troops retreated and the victorious procession continuedits march upto Naya Bazar.

The incidence of march 30 made a great impact on the minds of the people. The persons killed by the firing on that day included both Hindus & Muslims. Their blood had flowed together and had become one. It had a great effect. On 31st March it appeared as if the distinction between Hindus and Muslims had vanished. From this time the word HUM (We) became the symbol of Hindu Muslim unity-H standing for Hindus and M standing for Muslims. The climax of this feeling of fraternity was witnessed on April 4,1919 when at a large meeting of Muslims which was being held at Jama Masjid Delhi. Maulana Abdullaha Churiwala stood up and said that Swamiji should also address the meeting. On hearing this a wave of joy ran through the meeting and the mosque echoed with the shouts of Narai-takbir. Two enthusiastic muslims rose from the meeting and brought Swamiji from Naya bazar on a tonga. Amidst shouts of Allah-ho-Akbar, Swamiji

(See Page 6)

reached the altar of the mosque. Swamiji began his address by reciting a mantra from Rigveda and ended with' Om shanti, shanti, shanti'. In the history of India, nay in the history of Islam it was the first occasion when a non-muslim spoke from the altar of Jama Masjid.

Hindu-Muslim-Sikh all had the same love from Swamiji. His work for the emancipation of poor, downtrodden and untouchables has been praise-worthy. The following words uttered by him from congress platform bear testimony to this:

"From today those six and a half crores are not more untouchables to us, instead they are our brothers and sisters, In this fight for freedom they shall rub shoulder with us and all of us together shall achieve our goal."

Mahatma Gandhi ji, in Young India, greatly appreciated Swami Shraddhanand's sentiments. All political and social leaders of his times such as Jwaharlal Nehru, Sardar Patel, C. Raj Gopalachari, Hakim Ajmal Khan, Dr. Ansari, C. F. Andrews & others had a great respect and love for him.

The end of usch a glorious life came suddenly when on Dec. 23,1926 a religious fanatic, Abdul Rashid, assasinated Swamiji while he was ailing. The assasin was caught red handed by Pandit Dharampal Vidylankar who was with Swamiji at that time.

Swami Shraddhanand lived like a warrior and died like a warrior. His fervent patriotism, deep faith in Indian civilisation and culture, extra-ordinary capacity for sarvice & sacrifice, love for the weak and downtronden and above all a strong soul and pious life have left an indelible print on the pages of Indian History.

–Dr. Vijay Shanker
Gurukula Kangri
University Hardwar.

Edited Printed and Published by Shiva Tej Bahadur Saxena at Shri Printing Press Hardwar.

ओ३म्

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

आर्य सन्देश

दिल्ली आर्यप्रतिनिधि सभा का साप्ताहिक मुखपत्र

एक प्रति ३५ पैसे | वार्षिक १५ रुपये | वर्ष ४ : अंक २४ | रविवार १२ अप्रैल १९८१ | दयानन्दाब्द १५६

देश पर चारों ओर से भयंकर खतरा

मुल्क का दूसरा बंटवारा न होने देंगे : दिल्ली में आर्यसमाज स्थापना दिवस पर विशाल सभा में आर्यनेताओं की चेतावनी

जनता और सरकार समय पर सचेत हो जाएं

नई दिल्ली। 'इस समय देश पर चारों ओर से खतरा है, पंजाब में फिर अलग मुल्क बनाने की मांग उठाई जा रही है, उत्तर प्रदेश को चार सूत्रों में बांटने की माँग की गई है। हैदराबाद के पास पहाड़ी शरीफ में विश्व भर के पांच लाख मुसलमानों ने इकट्ठे होकर एक नए पाकिस्तान की मांग की है। भारत में नए विदेशी प्रभाव क्षेत्र स्थापित करने के लिए विदेशी ताकते अरबों रुपयों की धनराशि खर्च कर रही है':—इन शब्दों में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधी सभा के प्रधान श्री रामगोपाल शालवाले ने रविवार के दिन शास्त्री पार्क करोलबाग में आर्यसमाज स्थापना-दिवश पर आर्य केन्द्रिय सभा दिल्ली राज्य द्वारा आयोजित विशेष सभा में एकत्र आर्यजनता को चेतावनी दी।

वर्ष-प्रतिपदा के दिन आर्यसमाज की स्थापना को १०६ वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस अवसर पर दिल्ली की समस्त आर्यसमाजों और आर्यसंस्थाओं की ओर से एक सम्मिलित कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आयोजन में उपस्थित आर्यजनों से श्री शालवाले ने कहा-इस समय देश को खतरा है, वैसा इसमें पहले पहले कभी नहीं था। हैदराबाद से श्री रामचन्द्रराव वंदेमातरम् ने जमाते इस्लामी का वह पोस्टर भेजा है, जिसमें देश के नए बंटवारे द्वारा नए पाकिस्तान की मांग की गई है। विदेशी ताकते लांखों रुपए की धनराशि लगाकर देश में अपने प्रभावक्षेत्र बना रही हैं। अरबों की धनराशि से मुरादाबाद के पास दो अरबी, विश्वविद्यालय स्थापित करने की कोशिश चल रही थी, अब वहां दो मुस्लिम बस्तियां बनाई जा रही हैं। आर्यसमाज वहाँ उनके पास अपनी आर्य-भारतीय बस्ती बनाने की कोशिश करेगा। हम यहां प्रण करते हैं कि देश का दूसरा बंटवारा न होने देंगे। देश में दूसरा पाकिस्तान नहीं बनने देंगे।'

सभा के अध्यक्ष भू० पू० संसद सदस्य एवं सार्वदेशिक सभा के महामंत्री श्री ओमप्रकाश त्यागी ने आर्यजनता को को चेतावनी दी कि जनता की गरीबी, अशिक्षा का लाभ उठाकर विदेशी ताकतें अरबों रुपए झोंक कर हमारी गरीबी का अशिक्षित जनता का प्रलोभन द्वारा विधर्मी बनाने के लिए तुल गई हैं, हमें इस खतरे का मुकाबला करना होगा। भारत सरकार के इस विदेशी पैसे का नियन्त्रण कर इस विदेशी षड्यन्त्र का अन्त करना होगा। यह केवल देश की जनता मे धर्मपरिवर्तन का सवाल नहीं है, यह भारत धर्म के संस्कृति और उसके अस्तित्व का सवाल है। विदेशी ताकतें अरबों रुपए झोंककर देश का इस्लामी करण और ईसाई करण करने के लिए तुल गई हैं। ५०००करोड़ से कहीं अधिक राशि इस घृणित लक्ष्य के लिए लगाई जा रही है।

आर्यसमाज नई दिशा दे

इस अवसर पर भाषण देते हुए प्रो० बलराज मधोक ने कहा—'इस समय आर्यसमाज ही देश को नई दिशा दे सकता है। आज राष्ट्र में आत्मविश्वास पैदा करना होगा। इस भूमि को जो अपना माने उसके लिए जो कुर्बानी-त्याग को वही इसका नागरिक माना जाना चाहिए, शेष सबको हमें विदेशी मानना होगा। आज हमें देश में राष्ट्रवाद की आवाज गुंजानी चाहिए, प्रत्येक देशवासी का भारत विकास होना चाहिए।'

छात्रों से अनुरोध

दिल्ली के छात्र-आंदोलन के नेता एवं श्री रामगोपाल शालवाले के पौत्र छात्र-नेता श्री संजयकुमार ने चेतावनी दी कि इस समय असम विक्षुब्ध है। वहाँ का छात्र भारत राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा कर वहाँ से विदेशी मुसलमानों को निकालने के लिए प्रयत्नशील है। अहमदाबाद और गुजरात के दूसरे नगरों के छात्र आर्थिक दृष्टि के आधार पर आरक्षण करना चाहते हैं। एक गरीब को पढ़ने के लिए जीवन में बढ़ने के लिए शिक्षा का मौका मिलना चाहिए, चिकित्सकों की नियुक्ति करते समय अयोग्य, अनुभवहीन व्यक्तियों को लेना जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करना होगा। आज बंगाल में विरोध की आवाज को प्रकट करने का मौका नहीं है, गोआ में विदेशी कामुकता और नग्नता का नृत्य कर रहे हैं, आज राजनीतिक दल अल्पसंख्यकों के वोटों के लिए सौदेबाजी कर रहे हैं। मैं युवकों से अनुरोध करता हूं कि वे एक राष्ट्रभाषा, एक राष्ट्र और नमस्ते के एक अभिवादन के माध्यम से देश को एक और संयुक्त करने का संकल्प कर उसे पूरा करने के लिए जुट जाएं।

आर्यसमाज के विद्वान संन्यासी स्वामी विद्यानन्द जी सरस्वती ने कहा कि पिछले सौ वर्षों में हम काफी बढ़े हैं, परन्तु आज नये मत-मतांतरों, पाखंडों से हमारी मंजिल की दूरी बढ़ गई है। शंकराचार्य और पौराणिक पंडित वेदों के सायण भाष्य पर चिपटे हुए हैं, फलतः वे वेदों की भ्रांत व्याख्या करने हैं और यह मानने के लिए तैयार नहीं हैं 'कि वेदों में पशुओं की आहुति का निषेध है।

ब्रह्मचारी आचार्य नरेश ने कहा कि रामायण-महाभारत की सुरक्षा कर पौराणिक भाइयों के—तम्बाकू और धूम्रपान का विरोध कर सिखों के ब्रह्मचर्य एवं गोरक्षा के प्रश्न पर नामधारियों के और भोग की प्रतिष्ठा कर ब्रह्मकुमारियों ने सिद्धान्तों की आर्यसमाज ने रक्षा की है। इन सबको आर्यसमाज के झंड़े के नीचे एकत्र होना चाहिए।

सुश्री उषा शास्त्री ने आर्यजनता से अपने जीवन में यज्ञ की भावना लाने का अनुरोध किया—

कवि मनीषी का आह्वान 'भारत की इज्जत नीलाम नहीं होने देंगे,' जनता को बहुत पसन्द आया।

पहले परिवार को आर्य बनाएं

मुनीश्वरानन्द जी का उद्‌बोधन

दिल्ली। हम 'इतने वर्षों में सारी सृष्टि को आर्य क्या बनाते, केवल दिल्ली शहर को भी आर्य नहीं बना सके अब अब हमें व्रत लेना चाहिए कि प्रत्येक आर्य वर्ष भर में अपने पूरे परिवार को आर्य बनाएगा।''—इन शब्दों में त्रिवेदतीर्थ स्वामी मुनीश्वरानन्द सरस्वती ने आर्यसमाज स्थापना-दिवस पर 'ओ३म्' की पताका लहराते हुए आर्यजनों का उद्‌बोधन किया।

स्वामी जी ने कहा—'ओ३म्' की पताका अवतारवाद और पाषाण-पूजा के स्थान पर एकेश्वरबाद की पताका है. आर्यसमाज स्थापना का दिन वस्तुतः वैदिक धर्म की पुनः प्रतिष्ठा का दिवस है, यह जन्म से जातिवाद के स्थान पर गुण-कर्म से आर्यत्व की स्थापना का दिन है, आज का दिन, सच्चे भाई चारे का दिन है, वेदों की पुनः प्रतिष्ठा का दिन है।'

मुनीश्वरानंद जी ने कहा —'महर्षि हमें जो काम सौंप गए हैं, उसे हमें त्याग, तपस्या और एकता से पूरा करना होगा, हमें जीवन में सच्चा संन्यासी, तपस्वी, परोपकारी आर्य बनना होगा, हम वेदों की प्रतिष्ठा करें, गुण-कर्मो के आधार पर सच्चे पुरुषार्थ से आर्यत्व का विस्तार कर ही ऋषि-ऋण पूरा कर सकते हैं।'

सम्पादक—नरेन्द्र विद्यावाचस्पति

वेद-मनन

तीन आयु प्राप्त हों !

त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम् ।
यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम् ॥
यजु: ३-६२

ऋषि :—नारायणः । देवता—रुद्रः ।

शब्दार्थ—(जमदग्नेः) जमदग्नि के पूर्णायु प्राप्त करने का कारण (त्रि—आयुषम) तीन जीवन शक्तियों का उपयोग है । (कश्यपस्य) कश्यप के सम्पूर्ण जीवन के आनन्दमय बनने का कारण (त्र्यायुषम्) तीन प्रकार का आहार है । (देवेषु) दिव्य पितरों या विद्वानों में (यद्) जिस प्रकार का प्रयोग (त्र्यायुषम्) आयु की तीनों अवस्थाओं में किया जाता हैं (त्र्यायुषं नः) हम भी अपने जीवन की तीनों अवस्थाओं में (तद्) उसी प्रकार का प्रयोग (अस्तु) प्राप्त करें ।

निष्कर्ष—१—जमदग्नि का यह नाम जाठराग्नि, प्राणाग्नि तथा ज्ञानाग्नि के प्रज्ज्वलित करने के कारण सार्थक है । यदि हम भी जमदग्नि की तरह अपनी जाठराग्नि को प्रज्ज्वलित रखेंगे तो स्वस्थ तथा नीरोग रहेंगे । प्राणसाधना से मन शांत रहेगा और ज्ञान साधना से आत्मा ज्ञान से प्रदीप्त रहेगा ।

२—कश्यप का नाम सर्वत्र आँखें खोल कर भले-बुरे के विचार सहित देखने के कारण सार्थक है । हम भी यदि उसकी तरह अन्नमय तथा प्राणमय कोश को वर्चस्वी बनाने वाले अन्न (ब्रह्म) का आहार करेंगे, मनोमय कोश को ईर्ष्या द्वेष आदि आसुरी प्रवृत्तियों से बचाने के लिए वर्म (कवच=संयम) का प्रयोग करके आहार करेंगे, और विज्ञानमय कोश को ज्योतिर्मय बनाने के लिए ज्ञान वर्चस का आहार करेंगे तो कश्यप बनेंगे और उसकी तरह जीवन की तीनों अवस्थाएं बाल्य, यौवन तथा वार्द्धक्य आनन्दमय बन जायेंगी ।

३—देवों, पितरों तथा विद्वानों का बाल्य, यौवन तथा वार्द्धक्य तीनों अवस्थाओं को गुजारने का यही प्रकार है । हम भी उनका अनुकरण करते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन उसी प्रकार गुजारें ।

४—मनुष्य की आयु १०० वर्ष मानी गई है । शतायुर्वेपुरुषः । जीवेम शरदः शतम । इस मन्त्र में त्रिगुणित आयु की चर्चा है, इसलिए महर्षि दयानंद ने इस मंत्र के भावार्थ में लिखा है 'हे जगदीश्वर भवत्कृपया यथा विद्वान्सो विद्या-परोपकार धर्मानुष्ठानेन आनन्दतया त्रीणि शतानि वर्षाणि याव दायुर्भुञ्जते तथैव वयं त्रिशत वर्षं चतुः शत वार्षं वायुः सुखेन भुञ्जीमहि' आपकी कृपा से हम भी ३०० या ४०० वर्षों तक सुखपूर्वक जीवन भोगे ।

विशेष—इस मंत्र का ऋषि (न+रमते)=नर कुल में उत्पन्न होने के कारण नारायण बना है, जैसे गर्ग कुलोत्पन्न गार्ग्यायण कहलाता है, इसलिए यदि हम उस संकेतों को ग्रहण करके अनासक्त=निष्काम=नर कुलागत परम्परा में विशिष्टता प्राप्त करेंगे तो सम्भवतः तीन सौ वर्ष की आयु भी प्राप्त कर सकेंगे ।

नारायण (संगरहित) रुद्र तो बन ही जाता है, क्योंकि वह अनासक्त होकर सबको सन्मार्ग पर लाने के लिए उपदेश देता है । सबके दुःखों को दूर करने का प्रयत्न करता है और दूसरों को दुःख देने वाले दुष्टों को बिना पक्षपात के दण्ड देकर रुलाता है । रुद्र के तीन कार्य, आयु की तीन अवस्थाएं, जीवनकाल को सुखी बनाने के लिए तीन आहार तथा जीवन शक्तियां आयु के त्रिगुणित होने की सम्भावना प्रकट करती हैं ।

अर्थ पोषक प्रमाण—त्र्यायुषम्
Three fold vital power. ग्रिफिथ
Threefold period of life. ,,

त्र्यायुषम्—क—विद्या शिक्षा परोपकार सहितं त्रिगुणमायुः ।

ख—बाल्ययौववृद्धावस्था सुखकरं त्रिगुणमायुः ।

ग ब्रह्मचर्य गृहस्थवान प्रस्था... सुख संपादकं त्रिगुणमायुः ।

घ—त्रिशतवर्षं चतुः...वर्षं ... सुखेन भुञ्जीमहि ।

—स्वामी दया...

आयु :—एति प्राप्नोति सर्व... जीवन कालः । उणादिकोशः । व... विज्ञानं स्वामी दयानन्द

जीवन दायिनी शक्तिः । ... आयुष=आयु । आयु—जीवन श... आहार—जीवन काल । मानक हि... कोश ।

आयुषम्—आयुष्यम्—आयु के ... हितकर ।

जमदग्नि :—प्रज्ज्वलिताग्नयः ... ९-२४ । जिसकी जठराग्नि, प्राणा... तथा ज्ञानाग्नि प्रज्ज्वलित (प्रगति... हैं । जमति—गच्छति नि. २-१४

कश्यप—पश्यतीति । कश्यपः ... को भवति सर्वं पश्यतीति सौक्ष्म्या... तै० अ० ...

रुद्र :—क. रुतः सत्योपदे... ददा...

ख. रुद्—दुःखं दुःखहेतुर्वा... र्वा

ग. रोदयति पापिनः ।

आयुवर्द्धक कश्यप के तीन गुर-...
परीवृतो ब्रह्मणा वर्मणाहं कश्य...
ज्योतिषा वर्चसा ...
मा मा प्रापन्निषवो दैव्या या...
मानुषीख सृष्टा वधा...
अथर्व १७ १...

—मनोहर विद्यालं...

बोध-कथा

जीओ तो सम्मान से : मरो तो सम्मान से

यूनान के विवरणों में लिखा है कि सिकन्दर के शासन के विरुद्ध भारत का बुद्धिजीवी वर्ग अपना उग्र रोष हर दृष्टि से प्रकट करने के लिए तत्पर था । सिकन्दर के विरुद्ध एक भारतीय राजा को भड़काने वाले ब्राह्मण से यवनराज सिकन्दर ने पूछा—'तुम क्यों इस राजा को मेरे विरुद्ध भड़काते हो ?'

ब्राह्मण ने उत्तर दिया—'मैं चाहता हूं, यदि वह जीए तो सम्मानपूर्वक जीए अन्यथा सम्मानपूर्वक मर जाए ।'

एक ब्राह्मण संन्यासी ने सिकन्दर से कहा था—तुम्हारा राज्य सूखी हुई खाल के समान है, जिसका कोई गुरुता-केन्द्र नहीं होता । जब सिकन्दर राज्य के एक पार्श्व पर खड़ा होता है तब दूसरा हिस्सा उसके खिलाफ उठ खड़ा होता है ।'

तक्षशिला के एक बूढ़े दण्डी संन्यासी को सिकन्दर के सामने यह डर दिखा कर लाने की कोशिश की गई कि सिकन्दर तो संसार के स्वामी द्यौः (ज्योस) का पुत्र है, यदि तुम उसके सामने नहीं आओगे तो वह तुम्हारा सिर धड़ से अलग कर देगा ।'

यह सुनकर उस दण्डी संन्यासीने उपेक्षा की हंसी में कहा था—'जिस प्रकार सिकन्दर द्यौः का बेटा है, उसी प्रकार मैं भी द्यौः का पुत्र हूं । मैं अपनी मातृभूमि भारत से पूरी तरह खुश हूं जो माता के समान मेरा पालन-पोषण करती है । यदि सिकन्दर गंगा के पार की भूमि में जायेगा तो नन्द की सेना उसे यह दिखला देगी कि वह अभी सारे संसार का स्वामी नहीं हुआ है ।'

पश्चिमोत्तर भारत में सिकन्दर के विरुद्ध जो विद्रोह हुआ था वस्तुतः वह जन-विद्रोह था, उसका नेतृत्व तत्कालीन बुद्धिजीवी वर्ग ने किया था ।

—नरेन्द्र

अहमदाबाद के चार लाख हरिजन दुविधा...

गुजरात के आन्दोलन की प्रतिक्रिया : हरिजन क्षेत्रों में आर्य नेता तुरन्त पहुंचें : हरिजनों को मुसलमान बनाने की कोशिश

आर्य नेता श्री आनन्द प्रिय की सामयिक चेतावनी

बड़ौदा, हिन्दू धर्मरक्षक प्रसारक मण्डल कारेली बाग, आत्माराम-पथ, बड़ौदा के प्रधान, तथा गुजरात प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के उप प्रधान आनंदप्रिय ने सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली के प्रधान श्री रामगोपाल शालवाले से अनुरोध किया है कि—'इस समय चार-पांच मूर्द्धन्य संन्यासी अहमदाबाद में जाकर अड्डा जमाएं और सब हरिजनों में विश्वास प्रकट कर उन्हें सामूहिक रूप से आर्य बनने के लिए प्रोत्साहित करें, अन्यथा मुसलमान मौलवी, पादरी, और बौद्ध साधु आदि धर्मों के प्रचारक अहमदाबाद में अड्डा जमाकर प्रचार कर रहे हैं कि हमें अरब राज्यों और विदेशों से असीम धनराशि मिल रही है, वे उन्हें उकसा रहे हैं, हमारी शरण आओ, इससे तुम हरिजनों की गरीबी दूर हो जाएगी ।'

श्री आनंदप्रिय ने सार्वदेशिक सभा के प्रधान से अनुरोध किया है कि आपने जिस प्रकार मुरादाबाद में हरिजनों की सेवा करके आर्यसमाज की शान ब... इस समय दिल्ली के प्रमुख ... अहमदाबाद जाकर जुट जाएं तो ... काम होगा ।

आनंदप्रिय जी ने चेतावनी दी है ... 'गुजरात में जो आंदोलन हो रहा ... उसका रूप विकृत हो चुका है । ... विग्रह के रूप में चलाया जाने वाला आंदोलन चार लाख हरिजन मजदूरों ... केन्द्र अहमदाबाद में बिगड़ गया है ... हरिजनों को प्रेरणा दी जा रही है ... हिन्दू-धर्म त्याग दें । उन्हें पैसों का ... भन देकर मुसलमान बनाने की को... की जा रही है । बहुत से हरिजन ... प्रलोभन के शिकार बन सकते ... अम्बेदकरवादी चाहते हैं कि वे बौद्ध ... हो जाएं, ईसाई लोग भी प्रयत्नशील ... आशा है आर्य नेता और सार्वदेशिक ... इस सम्बन्ध में तुरन्त कार्यवाही क...

हम निर्भय हों !

यथा द्यौश्च पृथिवी च न बिभीतो न रिष्यतः ।
एवा मे प्राण मा बिभेः ॥

जिस प्रकार आकाश और पृथ्वी—दोनों ही न दुःख देते हैं और न भयभीत होते हैं, उसी प्रकार हे मेरे प्राण, तू भी भयभीत न हो ।

ओ३म्
आर्य सन्देश

क्या हम उन्हें भूल गए हैं ?

१०६ वर्ष पूर्व १२ अप्रैल, १८७५ के दिन आर्यसमाज संस्था का सूत्रपात हुआ था। पिछले सप्ताह देश-विदेशों में आर्यसमाज—स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थापक के अद्वितीय व्यक्ति, कृतित्वत्व एवं आर्यसमाज के सिद्धान्तों नियमों और उनके वर्त्तमान विस्तार तथा भावी सम्भावनाओं पर जोरदार भाषण हुए, सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार किए गए। यह सब ठीक है, परन्तु कुछ ऐसा लगता है कि हम आज अपने उन अगणित अनाम आर्यबन्धुओं को भूल गए हैं, जिन्होंने बड़े साहस के साथ आर्यसमाज और उसके कार्य को लोकप्रिय बनाया था। हम उन तपस्वी, और तन-मन-धन की आहुति देने वाले हुतात्माओं और शहीदों को भी भूल गए हैं जिन्होंने धर्म, समाज, जाति के लिए अपनी बलि दी थी। हम उन आर्य सत्याग्रहियों और शहीदों को भी भूला बैठे हैं, जिनके बलिदान से आर्यसमाज ने अन्यायी शासकों, अत्याचारी सम्प्रदायवादियों, महन्तों, मठाधीशों से टक्कर ली थी। सम्भवतः हम उन आर्यजनों को भी भुला बैठे हैं जिन्होंने देश के स्वाधीनता संग्राम, में, भाषा, स्वसमाज-सुधार, कुरीतियों के निवारण के लिए बिना आगा-पीछा किए अपने सर्वस्व की बलि दे दी।

सदा मन्दिरों और इमारतों के कंगूरे ही चमकते हैं। मस्तूल और स्तम्भों पर लगी पताकाएं और तोरण ही फहराते हैं, परन्तु ये इमारतें तथा ऊंची पताकाएं—विजयध्वज सदा नींव के पत्थरों पर आश्रित होते हैं। हम यह भूल नहीं सकते कि वस्तुतः आर्यसमाज पिछली शती का जन-आंदोलन था। आर्यसमाज की प्रगति का इतिहास असल में नवभारत के पुनर्जागरण का इतिहास है। इसका प्रत्येक व्यक्ति नेता था, हर व्यक्ति ही मानो कोई कर्मठ संस्था था। परिस्थिति और समय के तकाजे को देखते हुए जो उचित होता था, वह उसे कर गुजरता था। यह उल्लेखनीय तथ्य है कि जहां देश की दूसरी राजनीतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के अखिल भारतीय केन्द्रीय संगठन पहले बने, बाद में उनका प्रादेशिक और क्षेत्रीय विस्तार हुआ, इनकी तुलना में आर्यसमाज का एक अनूठा इतिहास है। गांव-गांव, मुहल्ले-मुहल्ले, कस्बे और नगर-नगर में आर्यसमाज पहले पहुंचा, उसके प्रादेशिक, विविध देशीय और सार्वदेशिक संगठन बहुत बाद में बने। इसी के साथ आर्यसमाज के प्रसार का श्रेय न बड़े धनिकों को है, न विख्यात नेताओं और बड़े विद्वानों को है, प्रत्युत इसका प्रसार तो जन-जन, नगर-नगर, और गांव-गांव के जागरण के साथ हुआ।

आज देश के सामने गरीबी, बेकारी, भूख, रोग आदि के अभाव तो हैं ही, देश का बुद्धिजीवी एवं तरुण वर्ग विलासिता और भोग की सामग्रियों में लिप्त होकर आराम और वासना की खोज में बुरी तरह से भटक रहा है। आर्यसमाज का इतिहास त्याग-बलिदान की नींव पर बना है। सहस्रों आर्यजनों ने अपनी निष्ठा, सात्त्विकता और त्याग के बल पर ही समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाया है। आज भोग के स्थान पर त्याग की फिर पूजा हो, कुर्सी, सत्ता और लक्ष्मी के स्थान पर पुनः विद्वत्ता और गुणों का आदर हो, उसके लिए आर्यसमाज को राष्ट्र के जीवन में नैतिकता और त्याग के आदर्शों की पुनः प्रतिष्ठा करनी होगी। यह कार्य सरल नहीं है। स्वाधीनता-आन्दोलन और समाज के प्रारम्भिक जीवन में जिस प्रकार आर्यजनों ने नेतृत्व की अपेक्षा न कर अपने व्यक्तिगत दायित्व को सर्वोपरि माना था, ठीक उसी प्रकार प्रत्येक आर्यजन को दूसरों से अपेक्षा न कर पुराने आर्यजनों के त्याग-बलिदान से प्रेरणा कर उनके चरण चिह्नों पर चलना होगा। केवल ऐसी ही स्थिति में हम उन शहीदों और कर्मठ आर्यजनों को स्मरण कर उनकी थाती सुरक्षित रख सकेंगे।

'खालिस्तान' : एक राष्ट्रविरोधी मांग

पिछले दिनों सिखों की दो संस्थाओं द्वारा पृथक् सिखराज्य की मांग फिर उठाई गई है। इन संस्थाओं द्वारा की गई यह मांग पूरी तरह राष्ट्रद्रोहपूर्ण है। अभी तक सिखों का प्रमुख खालसा दीवान सिखों की शैक्षणिक और सामाजिक उन्नति के कार्य में ही संलग्न था, पिछले दिनों इस दीवान ने अपने चंडीगढ़—अधिवेशन में पृथक् सिख राष्ट्र की मांग करते हुए सुरक्षा परिषद् में सहायक सदस्यता की मांग की थी। अब पंजाब भर के ऐतिहासिक पूजा स्थलों, पर अनगिनत स्कूलों, कालेजों, अनाथालयों, अस्पतालों, गुरुद्वारों, धार्मिक स्थानों की व्यवस्था करने वाले तथा समस्त 'चढ़ानों' आदि का नियन्त्रण करने वाली संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने एक सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार कर मांग की है कि दूसरे भारतीयों से पृथक् एक सिखराज्य स्थापित किया जाए।

इस संस्थाओं ने अभियोग लगाया है कि सरकार सिखों से भेदभाव करती है, उन्हें अपना उचित अधिकार नहीं मिलता। इस अभियोग की परीक्षा तथ्यों से करने को वह असत्य सिद्ध होता है। इस समय सिख भारत की जनसंख्या के केवल दो प्रतिशत तक हैं, इसके बावजूद उन्हें भारत की सुरक्षा सैन्य में दस प्रतिशत स्थान प्राप्त हैं। जनसंख्या में उनके प्रतिशत की अपेक्षा पुलिस और प्रशासन में उन्हें कहीं अधिक स्थान दिए जाते हैं। नाममात्र की -- लगभग एक दो प्रतिशत अधिक जन-संख्या होने के कारण जब से अलग पंजाबी सूबा बना है, तब से वहां की शिक्षा-संस्थाओं और प्रशासन में पंजाबी का बोलबाला है, वहां हिन्दी की उपेक्षा है। पंजाबी सूबे के बनने के बाद से वहां सदा सिख ही मुख्य मंत्री बना है, कभी ४९ या कुछ कम प्रतिशत हिन्दुओं के प्रतिनिधियों को प्रशासन का प्रमुख बनने का सौभाग्य नहीं मिला। केन्द्रीय मन्त्रिमंडल के सदस्यों तथा राज्यपालों के रूप में सिख हमेशा नियुक्त किए गए हैं। ये तथ्य सिखों से भेदभावपूर्ण व्यवहार का अभियोग झुठलाते हैं और स्पष्ट करते हैं कि उन्हें उनके अधिकारों एवं प्राप्तव्य से कहीं अधिक मिल रहा है।

अभी तक सिखों के तथाकथित उग्रवादी साम्प्रदायिक तत्त्व ही पृथक् सिख-राज्य-खालिस्तान की मांग करते थे, परन्तु पहली बार यह मांग उन संस्थाओं की ओर से की गई है जो अभी तक सम्प्रदाय की शैक्षणिक, सामाजिक और साम्प्रदायिक उन्नति के लिए प्रयत्नशील थे। अब इन संस्थाओं द्वारा भी पृथक् मजहबी राष्ट्र की मांग करना, सिखों को एक पृथक् अन्तर्राष्ट्रीय जमात घोषित करने की मांग उठाना आसन्न खतरे की सूचना है। यह भी उल्लेखनीय है इस मांग के पीछे संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन में बसे कुछ मजहबी सिख हैं और वे संसार की बड़ी शक्तियों और पड़ोसी पाकिस्तान के आकाओं से सीधा नाता-रिश्ता कायम करना चाहते हैं। भारत अभी तक भी देश के एक साम्प्रदायिक विभाजन के अभिशाप से मुक्त नहीं हुआ है, उसके सामने एक नए सम्भाव्य संकट का खतरा मण्डरा रहा है। देश की सम्पूर्ण राष्ट्रवादी शक्तियों को इस नए खतरे का मिलकर सामना करना चाहिए।

चिट्ठी-पत्री

अत्यधिक सामयिक एवं उपयोगी

द्रोणाचार्य महाविद्यालय हरियाणा के सेवानिवृत प्राचार्य वेदशिरोमणि आर्येन्द्र शर्मा (१३८, जैकमपुरा, गुड़गांव, हरियाणा) लिखते हैं — 'आपका साप्ताहिक 'आर्य सन्देश' आर्य विचारधारा का निरन्तर प्रसार कर रहा है, इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। 'भारत को विधर्मी बनाने का षड़यन्त्र' शीर्षक आपका सम्पादकीय अत्यधिक सामयिक एवं उपयोगी है।

श्री मनोहर विद्यालंकार द्वारा स्थायी स्तम्भ 'वेद-मनन' में प्रकाशित 'यज्ञ-भावना का विस्मरण ही यज्ञ की हिंसा है' प्रत्येक आर्य के लिए पठनीय एवं मननीय तथा कार्यरूप में प्रतिपादनीय है। आशा है कि 'आर्यसन्देश' इसी प्रकार आर्यजगत् को निरन्तर उद्बोधित करता रहेगा।'

१३ अप्रैल, १९१९, जलियांवाला बाग की खूनी होली

सेवाकार्य और सत्याग्रह संग्राम में अग्रगण्य आर्यसमाज

पहले महायुद्ध में भारत से जन और धन की प्राप्ति के लिए विदेशी सरकार ने जहां भयंकर अत्याचार किए, वहां साथ में इस आशय के आश्वासन देने में भी कोई संकोच नहीं किया कि युद्ध में विजयप्राप्ति के बाद भारत को औपनि, वेशिक स्वशासन दे दिया जाएगा।

विजय प्राप्ति के बाद, तत्काल, विदेशी सरकार की नीयत बदल गयी। औपनिवेशिक 'स्वशासन' देने के बदले समस्त देश द्वारा एक स्वर से प्रबल विरोध के बावजूद रालेट एक्ट=काला कानून-जारी करने की घोषणा की जिसके अन्तर्गत पुलिस और नौकरशाही को बिना वारंट के भी संदिग्ध 'व्यक्ति' होने के बहाने किसी भी व्यक्ति को पकड़ने और घर की तलाशी लेने के अंधाधुंध अधिकार दे दिए गए थे।

गांधी जी ने इस काले बिल को राष्ट्रीय अपमान घोषित करते हुए इसके विरोध में समूचे देश में सत्याग्रह द्वारा प्रबल आंदोलन करने की घोषणा की। कांग्रेस ने तत्कालीन नेताओं—लोकमान्य तिलक चितरंजनदास, ला० लाजपतराय इत्यादि—और नरम दल के नेता—श्री निवास शास्त्री सी. वाई. चिन्तामणि सर फीरोजशाह मेहता- इत्यादि किसी ने भी गांधी जी के सत्याग्रह प्रतिज्ञापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए। समूचे देश में केवल एक ही ऐसा उल्लेखनीय और साहसी नेता था जिसने इस प्रतिज्ञापत्र सबसे पूर्व डंके की चोट हस्ताक्षर किए। यह थे स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज जिन्हें गांधी जी अपना बड़ा भाई कहते व मानते थे। गांधी जी के अफ्रीका सत्याग्रह में गुरुकुल कांगड़ी के प्राचार्य और मुख्याधिष्ठाता के रूप में स्वामी जी (उस समय महाराजा मुंशीराम) के छात्र और अध्यापकों सहित मजदूरी कर और एक समय का भोजन त्याग कर जो धनराशि बचायी वह श्री गोखले द्वारा द० अफ्रीका में गांधी जी को सन् सन् १९१५-१६ में भिजवाई। इससे गांधी जी अत्यन्त प्रभावित हुए। आर्य समाज के नेता के रूप में स्वामी श्रद्धानंद जी के इस सत्याग्रह में, गांधी जी के साथ, देश का नेतृत्व ग्रहण करने का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आर्यसमाज—देश की एक मूर्धन्य संस्था के सामूहिक व व्यक्तिगत—रूप में सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय सोत्साह भाग लेने लगा।

दिल्ली के बेताज बादशाह : "मेरी छाती पर गोली मारो" स्वामी जी

१९१९ फरवरी, घटनाचक्र में तेजी आई। इससे पहले ही गांधीजी की गिरफ्तारी और गुजरात वापसी की खबर आग की तरह सारे देश में फैल गया। उस दिन ३० मार्च ही था। दिल्ली में रेलवे स्टेशन के पास दंगा हो गई। गोली चल गई। स्वामी श्रद्धानन्द उन दिनों, दिल्ली के बेताज बादशाह थे। ३-४ आदमी मर गये। शाम को जामा मस्जिद के सामने परेड के मैदान में आर्यसभा थी। वातावरण गर्म था। मस्जिद के मंच से स्वामी श्रद्धानन्द का, वेदमंत्र पाठ के साथ अहिंसा आर शान्ति के साथ, आन्दोलन चलाने और हिन्दू-मुस्लिम एकता पर भाषण हुआ। हजारों-लाखों की भीड़ थी। सभा के बाद स्वामी जी के नेतृत्व में उनके पीछे सर्वथा मौन चली आ रही जनता का जलूस जब चांदनी चौक घंटाघर के पास पहुंचा, तब गोरे सार्जेंट और गोरखा सिपाही जनता की ओर बंदूक ताने खड़े थे। स्वामी जी ने अपनी स्वभाविक के निर्भयता के साथ सार्जेंट के सामने अपनी छाती खोल ऊंचे स्वर में कहा—'इस जलूस का नेता मैं हूं। गोली चलानी है तो मेरी छाती पर चलाओ। इस शाम, बेकसूर जनता पर गोली क्यों चलाते हो। स्वामी जी के इस आत्मविश्वासपूर्ण, साहस और निडर, भरे शब्दों से सार्जेंट एकदम हतप्रभ हो गया। उसके हुकुम से संगीनें नीचे झुक गईं। स्वामीजी के पीछे आ रहा हजारों का जलूस शान्तिपूर्वक आगे बढ़ गया।

पर यह समाचार बिजली की तरह कुछ ही समय में सारे देश में फैल गया। चारों ओर से स्वामी जी की इस असाधारण निर्भयता से सत्याग्रह आंदोलन में प्रबल तेजी आ गई। गांधी जी ने स्वामी जी को इस साहस के लिए बधाई देते हुए कहा—स्वामी श्रद्धानन्द जैसा निर्भय व्यक्ति मैंने अपने जीवन में नहीं देखा।'

पंजाब में फौजी कानून : नेतृत्व आ. स. के हाथ में

घटनाचक्र ने पंजाब में आकर विकट रूप धारण कर लिया। पंजाब का लेफ्टि. गवर्नर ओडवायर अत्यन्त नृशंस, क्रूर और अत्याचारी शासक था। उन दिनों पंजाब के गांवों में नौजवान कम ही दिखायी देते थे। सबको जबदस्ती फौज में भरती कर लिया गया था। खून पीने वाली जोक की तरह अमीर-गरीब सबसे धन चूस लिया गया था। पंजाब में रालेट-एक्ट विरोधी और सत्याग्रह दिवस ६ मार्च १९१९ निश्चित किया गया था। पंजाब का नेतृत्व-राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक—आर्यसमाज के ही हाथ में था। ५ मार्च को रामनवमी का त्यौहार था। उसी दिन प्रान्त के कांग्रेस नेता और प्रमुख आर्यसमाजी अमृतसर निवासी डा. सत्यपाल, चौधरी बग्गा, और मुस्लिम नेता डा. किचलू—इन सबको पकड़ किसी अज्ञात स्थान में नजरबन्द कर दिया गया।

महाशय कृष्ण को लाहौर के किले में कालकोठरी में बन्द कर दिया गया। इसी प्रकार कांग्रेस नेता व प्रमुख आर्य ला० दुनीचन्द, हरकिशनलाल, ला० दुनीचन्द बैरिस्टर, रामभजदत्त चौधरी व अन्य नगरों-रावलपिंडी गुजरां वाला, पेशावर—इत्यादि नगरों के नेताओं को पकड़ जेल में डाल दिया गया।

अमृतसर में गोली

अमृतसर में अमानवीय अत्याचारों की पराकाष्ठा हो गयी। ६ मार्च को नगर के चारों नेताओं की गिरफ्तारी और निष्कासन के विरोध में शहर के कई हजार व्यक्तियों का शांत और मौन जलूस अपना विरोध प्रकट करने और नेताओं की रिहाई की मांग करने डिप्टी कमिश्नर की कोठी पर प्रातः १० बजे के लगभग रेल के पुल को पार कर माल-रोड की ओर जब जा रहा था, तब हथियारबन्द और घुड़सवार पुलिस व फौज ने उसे रोक लिया। नगर नेताओं के बार-बार अनुरोध पर भी जब रास्ता नहीं मिला और पुलिस अड़ी रही, तब किसी सिपाही ने बिना किसी पूर्व सूचना के गोली चला दी।

पंजाब में वैसाखी पर्व

पंजाब में प्रथम वैशाख नव वर्ष के प्रारम्भ होते-होते एक विशिष्ट पर्व के रूप में बड़ा पवित्र और महत्त्वपूर्ण समझा जाता है। पंजाब की सबसे मंडी—विशेषत: कपड़े व अन्य समान की—अमृतसर में वैशाखीपर्व दो-तीन दिन पहले ही दूर-दूर के व्यापारी माल खरीदने आते हैं, दूसरी ओर पंजाब का किसान गेहूं की फसल काट प्रसन्न मुद्रा में अमृतसर में वैशाखी का मेला देखने और खरीद कराने-करने आता है। अमृतसर में यद्यपि ६ अप्रैल के फिसाद के बाद मार्शल ला लगा दिया गया था, पर सब अखबारों के बंद किए जाने और उस समय संचार सुविधाओं की कमी हेतु देहात के लोगों को यह पता नहीं था कि अमृतसर में फौजी कानून लगा हुआ है। फलतः प्रतिवर्ष की तरह हजारों की जनता वैशाखी का त्यौहार और मेले का आनन्द लूटने वहीं हो गई।

अमृतसर में देहात के हजारों... सरकारी जासूसों की शरारत

सरकार द्वारा नियुक्त हंटर ... ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है कि १३ अप्रैल को अमृतसर में बाहर आए लोगों को फौजी कानून की ... नहीं थी और न ही उस दिन इसके कोई ढिंढोरा पीट जनता को सावधान किया गया। कांग्रेस द्वारा नियुक्त ... समिति ने कई प्रमाणों से यह ... खोला है कि कुछ सरकारी जासूसों ने इनमें से कुछ के नाम भी रिपोर्ट में ... गए हैं—नगर में यह घोषणा शहर ... डुगडुगी पीट कर दी कि—आज ... को ४ बजे जलियांवाला बाग में ... की ओर से एक आम जलसा होगा जि... मौजूदा सियासी हालात पर नेताओं ... भाषण होंगे।

लेखक :

आचार्य दीनानाथ सिद्धान्तालं...

जलियांवाला बाग का स्वरूप

जलियांवाला बाग वस्तुतः ... सर्वथा उलट एक उबड़-खाबड़ ... बस्ती में एक ऐसा मैदान, उस समय ... जो तीन ओर करीब ५-६ फुट ... दीवार से घिरा और पश्चिमकी ओर ... मंजिले ऊंचे बने मकानोंके पीछे ... दीवारों से रहा घिरा टुकड़ा, केवल ... तंग दरवाजा आने जाने के लिए ... एक ओर पुराना कुआं—यह ... स्वरूप था। करीब ३॥ बजे ही श्रोता ... से—जिनमें अधिकांश बाहर से ... लोग थे यह बाग भर गया। इन ... में से ही तक मंच पर खड़ा भाषण दे ... था।

डायर द्वारा शान्त जनता पर गोला...

करीब ४॥बजे इस बाग के एक ... दरवाजे पर जनरल डायर के आदेश ... मशीनगनों ने बिना किसी पूर्व सूचना ... सावधानता की घोषणा के जहां ... निहत्थी, निरअपराध लगभग १० ... की शांत जनता पर गोले बरसाने ... कर दिए वहां बाग के तीनों ओर ... ताने खड़े सिपाहियों ने किसी को ...

भाग जाने के भी रास्ते लगभग रोक दिये। मशीनगन लगभग १० मिनट तक गोले बरसाती रही। हजारों लोग कुछ ही क्षण में से इस पाशविक अत्याचार के शिकार हो गए, जख्मी हो गये, कुछ भागदौड़ में कूद फांद बच गये, कई कुएं में कूद गये।

हंटर कमेटी के सामने अपनी गवाही में क्रूर डायर ने यह स्वीकार किया कि वह करीब १० मिनट की गोलीबारी के बाद फौजियों सहित वापस चला गया। एक प्रश्न के उत्तर में उसने साफ कहा··· "मरे हुओं और घायलों की दवा-दारु-इलाज उसका काम नहीं था।" सारा अमृतसर शहर रोने-पीटने और श्मशान की तरह बन गया। जो लोग देहात से आए थे, उनका तो सिवाय कुत्तों और गीदड़ों व चील-कौओं के कोई वली-वारस न था।

हंटर कमेटी के अनुमान से करीब ४०० लोग मरे जबकि कांग्रेस जाँच समिति के अनुसार मृतकों की संख्या करीब दो हजार थी।

पंजाब क्षत-विक्षत : स्वामी श्रद्धानन्द का नेतृत्व

क्रूर विदेशी सरकार के इस जघन्य और राक्षसी दुष्कृत्य के फलस्वरूप क्षत-विक्षत वीरभूमि पंजाब के संकट काल में सेवा और राहत के लिए जो व्यक्ति और संस्था सबसे प्रथम मैदान में आयी, वह स्वामी श्रद्धानन्द के नेतृत्व में आर्यसमाज ही था। स्वामी जी ने बिना एक दिन की भी देरी किए लाहौर में म. कृष्ण के "प्रताप" कार्यालय के एक कमरे में पंजाब सेवा समिति का कार्य प्रारम्भ कर अमृतसर, लाहौर तथा अन्य प्रभावित नगरों में राहत और सहायता कार्य चालू कर दिया। इन पंक्तियों का लेखक उस समय गुरुकुल विश्वविद्यालय (गंगापार) की १३वीं कक्षा में था। महाविद्यालय विभाग के समस्त छात्र, स्वामी जी के निर्देशानुसार, विभिन्न नगरों में कार्यरत हो गए। अमृतसर में हम १० छात्र नियुक्त किए गए। सबसे पूर्व पीड़ित परिवारों की ब्योरेवार सूची बनाई गई। अमृतसर के आर्य सज्जनों ने इसमें पूरा सहयोग दिया। इन्हीं महानुभावों के निर्देशन में गांवों के पीड़ित व्यक्तियों की भी तालिका बनाई गई। सहायता के लिए धन, वस्त्र, अन्न इत्यादि की व्यवस्था स्वामी जी के नेतृत्व में, पं० मदनमोहन मालवीय और कांग्रेस नेताओं तथा अन्य दानी-उदार संस्थाओं व व्यक्तियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में होती रही।

१९१९ का कांग्रेस अधिवेशन अमृतसर में : स्वागताध्यक्ष स्वामी जी ही

१९१९ का कांग्रेस अधिवेशन, एक वर्ष पूर्व ही पंजाब कांग्रेस नेताओं के विशेष अनुरोध पर, अमृतसर में होना निश्चित हो चुका था। प्रमुख कांग्रेसी नेता तो जेलों में व नजरबन्द थे। ला० लाजपत राय अमेरिका में थे और ब्रिटिश सरकार उनके भारत वापस आने पर रोक लगाए हुए थी। कांग्रेस नेताओं ने इस संकट काल में, जेल में बन्द कांग्रेस नेताओं पंजाब के=विशेष अनुरोध पर स्वामी श्रद्धानन्द को ही एकमात्र इस महान् दायित्व को संभालने के योग्य समझा। फलतः गांधी जी और मोतीलाल नेहरू ने व्यक्तिगत रूप से स्वामी जी से अमृतसर कांग्रेस का दायित्व संभालने का अनुरोध किया। पंजाब सेवा समिति का कार्य कुछ विश्वस्त और योग्य व्यक्तियों को सौंप स्वामी जी १९१९ मे अमृतसर कांग्रेस के दिसम्बर मास के अंतिम सप्ताह में होने वाले अधिवेशन की तैयारी में जुट गये। स्वागत समिति के अध्यक्ष का पद उन्हें ही सौंपा गया।

नवदिशा प्रेरक अधिवेशन : स्वामी जी द्वारा प्रथम बार हिन्दी व हरिजन समस्या

दिसम्बर मास, शीतु ऋतु यौवन पर, विशेषतः पंजाब में फिर अमृतसर में दो दिन पूर्व जोरदार वर्षा। स्वामी जी पुनः गुरुकुल कांगड़ी के महाविद्यालय विभाग के छात्रों को सेवा के लिए बुलाया। हम छात्रों में रेलवे स्टेशन पर पड़े पत्थर के कोयले की राख को ठेलों-गड्ढों पर भर नगर की मुख्य सड़कों पर बिछा दिया! इससे कांग्रेस का जलूस खूब शान से निकला।

कांग्रेस इतिहास में अमृतसर अधिवेशन देश की राजनीति को क्रांतिकारी मोड़ देने के लिए सदा स्मरणीय रहा है। यह पहला अवसर था जब स्वागताध्यक्ष स्वामी श्रद्धानन्द ने कांग्रेस मंच से वेद मंत्र पाठ के साथ हिन्दी में अपना भाषण पढ़ा और पहली बार तथाकथित अछूतों के उद्धार की आवश्यकता पर स्वामी जी ने देश का ध्यान आकृष्ट किया।

इस अमृतसर कांग्रेस की सफलता के फलस्वरूप स्वामी श्रद्धानन्द के नेतृत्व में आर्यसमाज ने, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप में, सत्याग्रह आन्दोलन में सर्वाधिक योगदान किया।

ई।इ७ शास्त्री नगर, जयपुर-७

आर्यसमाज मानसरोवर गार्डन में पुलिस की नादिरशाही

हवन करते हुए आर्य सज्जन पकड़े गए : उपद्रवी तत्वों की उपेक्षा

नई दिल्ली। आर्यसमाज मानसरोवर गार्डन के आर्य सज्जन रविवार २९ मार्च के दिन आर्यसमाज के एफ ब्लाक स्थित अपने प्लाट पर हवन कर रहे थे कि उन्हें कुछ शरारती तत्वों ने हुल्लड़ और पत्थरबाजी से परेशान किया। मौके पर फ्लाइंग स्क्वैड और पुलिस ने उपद्रवी लोगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की पर वह हवन करते हुए आर्य सज्जनों को पकड़कर पुलिस थाने ले गई। पुलिस की इकतर्फा कार्यवाही से पश्चिमी दिल्ली की आर्य समाजों और आर्य जनता में क्षोभ की लहर फैल गई है। क्षेत्र की आर्य जनता विक्षुब्ध है, वह आर्यसमाज के प्लाट पर निरन्तर वेदपाठ और हवन आदि का कार्य प्रचलित रखे हुए हैं।

सारी घटना की पृष्ठभूमि इस प्रकार है—

मानसरोवर गार्डन एक मंजूरशुदा, प्राइवेट कालोनी है। इस कालोनी में आर्यसमाज की स्थापना कई वर्ष पूर्व हो गई थी, परन्तु निश्चित स्थान के अभाव के कारण आर्यसमाज के सत्संग और साप्ताहिक अधिवेशन पारिवारिक सत्संगों के रूप में होते रहे। स्थान के अभाव को दूर करने के लिए आर्यसमाज मानसरोवर गार्डन के कालोनाइजर श्री मानसिंह जी से समय-समय पर अनुरोध करती रही थी, मूलतः उन्होंने समाज को ३२५ वर्गमीटर का प्लाट दान में दे दिया। इस बारे में उन्होंने अपना स्वीकृति-पत्र भी दे दिया। यह प्लाट हायर सकेण्डरी स्कूल, मानसरोवर गार्डन एफ ब्लाक के साथ है और इसके सामने पन्द्रह फुट की एक गली छोड़कर एफ ३६-३७-३८ के तीन मकान अवस्थित हैं।

उल्लेखनीय है कि एफ ३६ के मालिक श्री कन्हैयालाल ठेकेदार ने शनिवार २८ मार्च के दिन आर्यसमाज के सदस्यों को विश्वास दिलाया कि उनकी लाइन में पड़ने वाले मकान मालिकों को प्रसन्नता होगी यदि आर्यसमाज मानसरोवर गार्डन का मंदिर शीघ्र बन जाए, जिससे जनता जल्दी से जल्दी इसका लाभ उठाए। इस बात का ख्याल रखते हुए समाज के सदस्यों ने रविवार २९ मार्च का सत्संग समाज के अपने प्लाट पर आरम्भ कर दिया, पर कुछ ही समय बाद कुछ लड़के वहाँ आ गये और हुल्लड़ कर पत्थर-कंकड़ फेंकने लगे। अभी यह हुल्लड़ चल ही रहा था कि फ्लाइंग स्क्वाड भी आ गया। कुछ समय बाद मोती नगर पुलिस का जत्था भी पहुंच गया।

अत्यन्त अचम्भे और खेद की बात है कि फ्लाइंग स्कवाड और पुलिस ने हुल्लड़ करने वाले ओर पत्थर फेंकने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। इसकी इस इकतर्फा कार्यवाही तथा सत्संग में उनके अचानक हस्तक्षेप से उनकी भिलीभगत का अहसास हो ही रहा था कि वे यज्ञ करने वाले सत्संगी भाइयों को जबरदस्ती मोतीनगर थाने ले गए। आर्यसज्जनों की तलाशी ली गई। एस० एच० ओ० ठाकुर ने भी बाहर से थाने में आकर समाज के लोगों पर दबाव डालकर उन्हें अपने लिखे पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया और यह सब करने के बाद शाम को चार बजे समाज के कार्यकर्त्ताओं को घर जाने की अनुमति दी गई। □

'आर्य सन्देश' के ग्राहकों से हार्दिक अनुरोध

आज की भीषण मंहगाई में 'आर्य-सन्देश' आपकी सेवा में पन्द्रह रुपये मात्र के वार्षिक शुल्क से उपलब्ध कराया जा रहा है एवं प्रतिवर्ष घाटा उठाकर दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा वैदिक धर्म के प्रचार एवं प्रसार में सदैव अग्रणी रही है। इस पत्रिका में वैदिक विद्वानों के लेख एवं प्रतिवर्ष ३, ४ आकर्षक विशेषांक निकाले जाते हैं। ऐसी स्थिति में आपसे अधिक सहयोग की आकांक्षा है।

इस दृष्टि से आर्यसन्देश के ग्राहकों से हार्दिक अनुरोध है कि जिन महानुभावों ने अपना वार्षिक शुल्क २-३ वर्षों से अभी तक नहीं भेजा है कृपया शीघ्र भेजने का कष्ट करेंगे। साथ ही पत्र के अधिकाधिक ग्राहक बनाकर, विज्ञापन अथवा दान देकर भी पाठकवृन्द हमें अनुगृहीत करेंगे। इस निवेदन पर जो शुल्क भेज रहे हैं एवं दान दे रहे हैं और पत्र के नूतन सदस्य एवं आजीवन सदस्य बन रहे हैं उन्हें आर्य-सन्देश परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद।

आपसे पुनः निवेदन है कि ग्राहक महानुभाव शेष शुल्क भेजते समय या पत्र-व्यवहार करते समय अपनी ग्राहक संख्या अवश्य लिखने का कष्ट किया करें।


—व्यवस्थापक

आर्य जगत् समाचार

आर्यसमाज की शिथिलता उचित नहीं है

आर्यसमाज बाजार सीताराम वार्षिकोत्सव
नेताओं का सत्परामर्श

दिल्ली। 'आजादी की लड़ाई में सबसे ज्यादा यदि किसी ने भाग लिया तो वे आर्यसमाजी ही थे—'इन शब्दों में संसद सदस्य श्री भीखूराम जैन ने दिल्ली की एक सर्वाधिक प्राचीन आर्य समाज बाजार सीताराम के ६१वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित राष्ट्ररक्षा सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए देश के स्वाधीनता संग्राम में आर्यसमाज के योगदान की प्रशंसा की। श्री जैन ने इस बात पर खेद प्रकट किया कि आज आर्यसमाज के प्रचार में कुछ ढीलापन देखता हूं जो राष्ट्र के लिए हित में नहीं है। महर्षि दयानन्द पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने छूआछात मिटाने, नारी शिक्षा, विधवा-विवाह, शराब बन्दी, बाल विवाह विरोध की आवाज उठाई। हम सब को मिलकर महर्षि का कार्य पूरा करना चाहिए।



प्रो० बलराज मधोक ने कहा—इस समय हमारा राष्ट्र काफी परे-शानियों से घिरा हुआ है। हर राज-नीतिक दल वोट की खातिर मुसलमानों और ईसाइयों के वोट लेने के लिए उनकी हर अनुचित बात मानने को तैयार है, चाहे उनसे राष्ट्र का नुकसान ही क्यों न हों। जो व्यक्ति इस देश का खाते-पीते हैं और दूसरे देशों के गीत गाते हैं, उनके वोट का अधिकार समाप्त होना चाहिए।'

आर्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री लाला रामगोपाल शालवाले ने कहा—'अब समय आ गया है कि हमें संगठित होकर योजनाबद्ध तरीके से समाज में व्याप्त कुरीतियां समाप्त करनी चाहिएं। आर्यसमाज हरिजनों और सवर्णों में कोई भेद नहीं मानता।' पूर्व संसद सदस्य स्वामी रामेश्वरानन्द ने कहा कि आज के आर्यसमाजियों में पुराने आर्यसमाजियों जैसा जोश नहीं है। हमें अपने कहे पर आचरण करना चाहिए। आर्यसमाज बाजार सीताराम के मन्त्री श्री मामचन्द रिवारिया ने चेतावनी दी कि यदि पिछड़े वर्गों और हरिजनों में ठीक प्रचार कर उन्हें अपनाया नहीं गया तो वे लोग मुसलमान और ईसाई बन जाएंगे और हिन्दू समाज अल्पसंख्यक हो जाएगा।

आर्य युवक सम्मेलन में भाषण देते हुए दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के मन्त्री श्री विद्यासागर विद्यालंकार ने आर्य युवकों से अनुरोध किया कि उन्हें पिछड़े समुदाय में जाकर उनसे निकट सम्पर्क बनाना चाहिए। इस अवसर पर आर्य केन्द्रीय सभा के महामन्त्री प्रिंसिपल ओम्प्रकाश और सार्वदेशिक सभा के वरिष्ठ उपमन्त्री श्री सच्चिदानन्द ने भाषण देते हुए कहा कि केवल युवक ही आर्यसमाज का कार्य बढ़ा सकते हैं।

इस अवसर पर कवि सम्मेलन और स्त्री सम्मेलन के कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए।

—•—

आर्य विद्या परिषद् की परीक्षाओं की लोकप्रियता बढ़ी

यह प्रसन्नता का विषय है कि आर्य विद्यार्थियों में धार्मिक एवं नैतिक [illegible] की लोकप्रियता निरन्तर बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि आर्य विद्यापरिषद् [illegible] तत्त्वावधान में १९८०-१९८१ में आयोजित नीति-परीक्षाओं में भाग [illegible] लिए १०९६ छात्र-छात्राओं ने फार्म भरे थे। इन नीति-परीक्षाओं में ९८५ [illegible] छात्राओं ने भाग लिया, उनमें ९५६ छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, केवल [illegible] असफल रहे।

नीति-प्रवेशिका

नीति-प्रवेशिका की परीक्षा के लिए ३८७ छात्र-छात्राओं ने फार्म भरे थे, उनमें ३७६ परीक्षार्थियों ने भाग लिया और २६८ छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कवल ८ परीक्षार्थी विफल हुए।

इस परीक्षा में आर्य कुन्या गुरुकुल नया राजेन्द्र नगर की कु० सुनीता सुपुत्री राजाराम आर्य रोल नम्बर ४४० प्रथम रही। उसने १०० में से ९१ अंक प्राप्त किए।

परीक्षा में द्वितीय स्थान भी उक्त कन्या गुरुकुल की छात्रा सुमित्रा. सुपुत्री श्री भरतसिंह, रोल नम्बर ४४१ ने १०० में से ८९ अंक प्राप्त कर उपलब्ध किया।

परीक्षा में दूसरा स्थान उक्त कन्या गुरुकुल की छात्रा कु० मधुबाला, सुपुत्री श्री खैरातीलाल रोल नम्बर ४४६ ने १०० में ८९ अंक प्राप्त कर लिया।

परीक्षा में तृतीय स्थान आर्यपुत्री पाठशाला गांधीनगर के छात्र अश्विनी कुमार सुपुत्र श्री योगेन्द्रपाल, रोलनम्बर २८२ ने १०० में ८८ अंक प्राप्त कर लिया।

नीति-अधिकारी

नीति-अधिकारी की परीक्षा के लिए ३२२ छात्र-छात्राओं ने फार्म भरे थे, उनमें से २९७ परीक्षा में बैठे, २७६ उत्तीर्ण हुए और २१ विफल हो गए।

इस परीक्षा में सतभ्रावां आर्यकन्या महाविद्यालय का छात्रा कु० रजनी चड्ढा, सुपुत्री ताराचन्द रोलनम्बर ५६४ ने १५० में से १३१ अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस परीक्षा में द्वितीय स्थान भी सतभ्रावां आर्यकन्या महाविद्यालय की छात्रा कु० बसुधा, सुपुत्री श्री सुदर्शनदेव रोलनम्बर ५५५ ने १५० में से १२९ अंक प्राप्त कर लिया।

इस परीक्षा में भी तीसरा स्थान सतभ्रावां आर्यकन्या महाविद्यालय की छात्रा कु० करुणा भाटिया, सुपुत्री [illegible] अश्विनी भाटिया, रोलनम्बर ५९[illegible] १५० में १२७ अंक प्राप्त कर लिया।

नीति-ज्ञानी

नीति-ज्ञानी की परीक्षा के [illegible] १८७ छात्र-छात्राओं ने फार्म भरे। [illegible] परीक्षार्थी बैठे, सभी सफल [illegible] बिरला आर्यकन्या महाविद्यालय [illegible] छात्रा कु० लक्ष्मी सुपुत्री श्री रघु[illegible] प्रसाद रोलनम्बर ८२८ ने २०० में [illegible] अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान रघुमल आर्य कन्या महा-विद्यालय की छात्रा कु० मुक्ता सुपुत्री श्री के० एल० मनोचा रोलनम्बर [illegible] ने २०० में से १५८ अंक प्राप्त [illegible] लिया। तीसरा स्थान बिरला आर्यकन्या महाविद्यालय की छात्रा सविता सुपुत्री हरिकृष्ण रोलनम्बर ८०१ ने २०० में [illegible] १५४ अंक प्राप्त कर लिया।

नीति-विशारद

नीति-विशारद की परीक्षा के लिए २०८ छात्र-छात्राओं ने फार्म भरे थे, ?३४ परीक्षार्थी बैठे, सभी सफल रहे। परीक्षा में पहला स्थान रघुमल आर्य कन्या महाविद्यालय, राजा बाजार की छात्रा कु० सुनीता शर्मा, सुपुत्री श्री बी० एल० शर्मा रोलनम्बर ११६७ [illegible] २०० में से १६७ अंक प्राप्त कर लिया। परीक्षा में दूसरा स्थान भी उक्त रघुमल आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्रा कु० सुनीता पाराशर, सुपुत्री श्री के० एन० पाराशर, रोलनम्बर ११५[illegible] ने २०० में से १६६ अंक प्राप्त कर लिया। तीसरा स्थान बिरला आर्यकन्या महाविद्यालय, बिरला लाइन्स की छात्रा कु० सुनीता सुपुत्री श्री कैलाशचन्द्र रोलनम्बर १०१५ ने २०० में से १५[illegible] अंक प्राप्त कर ग्रहण किया।

—प्रो. भारतमित्र शास्त्री
प्रस्तोता, आर्य विद्या परिषद्, दिल्ली

—•—

आर्यसमाजों के सत्संग

१२-४-८१

अन्धा मुगल प्रताप नगर—पं. उदयपाल शास्त्री; अमर कालोनी—आचार्य कृष्णगोपाल; आर्यपुरा—पं. तुलसीराम भजनोपदेशक; आर. के. पुरम् सैक्टर-७—पं. मनोहर 'विरक्त'; आनन्द विहार हरिनगर एल ब्लाक—पं. देवराम वैदिक मिशनरी; किदवई नगर—पं. प्रकाशवीर व्याकुल; कालकाजी—पं. दिनेशचन्द्र पराशर शास्त्री; करोल बाग—प्रो. सत्यपाल देदार; गांधीनगर—पं. देवेन्द्र द्विवेदी; ग्रेटर कैलाश-I—डा. रघुवीर वेदालंकार; ग्रेटर कैलाश-II—आचार्य रामशरण मिश्रा शास्त्री; गुड़मंडी—पं. महेशचन्द भजनोपदेशक; १५१-गुप्ता कालोनी—पं. अशोककुमार विद्यालंकार; गोविन्द भवन दयानन्दवाटिका—श्रीमती प्रकाशवती शास्त्री; चूनामंडी पहाड़गंज—श्रीमती भगवानदेवी; जंगपुरा भोगल—पं हीराप्रसाद शास्त्री; जनकपुरी सी-३—पं. महेन्द्र प्रताप शास्त्री; जनकपुरी बी ३/२४—डा. सुखदयाल भूटानी; तिलकनगर—पं. दिवाकर शर्मा; तीमारपुर—श्री मोहनलाल गांधी; दरियागंज—पं. वेदपाल शास्त्री; नयाबांस—पं. गजेन्द्रपाल शास्त्री; पंजाबी बाग—आचार्य हरिदेव सि. भू.; पंजाबी बाग एक्सटेन्शन—पं. रामरूप शर्मा; बाग कड़े खाँ—पं. बरकतराम भजनोपदेशक; बाजार सीताराम—पं. केशवचन्द्र गुन्जाल; बिरला लाइन्स—पं. विजयपाल शास्त्री; मोडल बस्ती—पं. ओमप्रकाश भजनोपदेशक; महावीर नगर—पं विश्वप्रकाश शास्त्री; मोतीबाग—पं. ओमवीर शास्त्री; मोती नगर—पं. विष्णुदेवप्रसाद विद्यालंकार; रघुवीरनगर—पं. सीसराम भजनोपदेशक; रमेशनगर—पं. छज्जूराम शास्त्री; राणाप्रताप बाग—पं. ईश्वरदत्त म. ए.; लड्डू घाटी—पं. वीरव्रत शास्त्री; लाजपतनगर—श्रीमती लीलावती आर्य; लोधी रोड जोरबाग—डा. रघुनन्दन सिंह; विक्रम नगर—पं. प्राणनाथ सिद्धांतालंकार; विनयनगर—पं. सत्यभूषण वेदालंकार; राजौरी गार्डन—प्रो. वीरपाल विद्यालंकार; सदर बाजार पहाड़ी धीरज—वैद्य रामकिशोर; सराय रोहला—पं. महेन्द्रप्रताप शास्त्री; सुदर्शन पार्क—प्रो. भारतमित्र शास्त्री; शकूर बस्ती रानी बाग—पं. प्रकाशचन्द शास्त्री; हौज खास डी-२०—पं. देवेश; शालीमार बाग—पं. सत्यपाल मधुर भजनोपदेशक।

—ज्ञानचन्द डोगरा, वेद प्रचार विभाग

आर्यसमाज बेतिया (चम्पारन) के वार्षिक चुनाव में श्री भगवानप्रसाद आर्य विद्यारत्न प्रधान तथा श्री महन्त प्रसाद आर्य मंत्री नियुक्त हुए।

आर्यसमाज नरेला का ४१वां उत्सव

आर्यसमाज नरेला का ५१वां वार्षिक उत्सव बड़े उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर खेलों का आयोजन भी किया गया व भाषण प्रतियोगिताएं भी हुईं। १४ ता० को भव्य जलूस शोभायात्रा निकाली गई। इस शुभ अवसर पर स्वास्थ्य-सम्मेलन, शिक्षा सम्मेलन, ग्राम-सुधार-सम्मेलन हुए, जिनमें पूज्य स्वामी ओ३मानन्द सरस्वती, स्वामी अमृतानन्द जी, आचार्य ब्रह्मदत्त जी शर्मा, डा० गोविन्दराम जी चौधरी, प्रि० रतीराम पाराशर प्रि० मेहरलाल पंवार, बाबू जगन्नाथ, श्री विश्वम्भर प्रसाद गुप्ता, मा० मांगेराम आर्य, पं० हेमचन्द, मा० पूर्णसिंह आर्य व आर्यमुनि ब्र० राजेन्द्र शर्मा व स्वामी नारायणानन्द जी दयानन्द मठ रोहतक आदि के भजन हुए। श्री धर्मव्रत शास्त्री द्वारा मलखम्भ व व्यायाम प्रदर्शन बड़ा आकर्षक रहा।

—राजपाल आर्य मंत्री

आर्यसमाज मस्जिद मोठ की गतिविधियां

नये वर्ष के पदाधिकारी—प्रधान—श्री सूर्यप्रतापतरनेजा, उपप्रधान—वैद्य प्रभुदयाल एवं फकीरचन्द, मन्त्री—ओम्प्रकाश भावल, कोषाध्यक्ष—सत्यपाल भारल।

१९८० वर्ष में आर्यसमाज मंदिर की भूमि डी. डी. ए. से मुक्त कराई गई, समाज मंदिर की चारदीवारी बनाई गई। मंदिर में यज्ञशाला की बुर्जी बनाई गई और मंदिर में पानी की व्यवस्था की गई।

श्री जगतराम खन्ना का स्वर्गवास

आर्यसमाज स्वरूपनगर के मंत्री एवं केन्द्रीय आर्यसभा कानपुर के प्रचार-मंत्री श्री जगमोहन खन्ना के पूज्य पिता श्री जगतराम खन्ना का आकस्मिक निधन हृदय गति रुक जाने से हो गया। ४ मार्च के दिन बालनिकुंज स्वरूपनगर में अनेक सामाजिक एवं शिक्षा संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि चढ़ाई।

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रकाशन

सत्यार्थप्रकाश सन्देश (हिन्दी)
,, ,, (अंग्रेजी)
आर्य सन्देश-महासम्मेलन विशेषांक
पादरी भाग गया—ओम्प्रकाश त्यागी
स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान अर्द्ध शताब्दी स्मारिका
सत्यार्थप्रकाश शताब्दी समारोह स्मारिका

सम्पर्क करें—
अधिष्ठाता प्रकाशन विभाग
दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा
१५, हनुमान रोड,
नई दिल्ली-११०००१

शुद्धि-प्रचार के लिए आर्य विद्वान् चाहिए

शुद्धिसभा, शाखा बरेली (... सदन, फाटक गोकलचन्द, छोटी ...पुरी) के संयोजक पं० रामप्रसाद ... सूचित करते हैं कि बरेली शाखा ... शुद्धि-प्रचार के लिए एक अनुभवी विद्वान प्रचारक की आवश्यकता है।

卐 'आर्यसन्देश' के स्वयं ग्राहक बनें— दूसरों को बनाएं

卐 आर्यसमाज के सदस्य स्वयं बनें— दूसरों को बनाइए

卐 हिन्दी-संस्कृत भाषा ... दूसरों को भी पढ़ाइए

रजि० डी (सी)/७५९

...० बलभद्र कुमार हूजा
५, अबुलफजल मार्ग
नई दिल्ली-१

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के लिए श्री सरदारी लाल वर्मा द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित तथा भाटिया प्रेस ७२७/१-सी, गुरुनानक गली, गांधीनगर दिल्ली-३१ में मुद्रित। कार्यालय १५ हनुमान रोड, नई दिल्ली फोन नं० ३१०१५०

गुरुकुल कांगड़ी का भावी स्वरूप

जहां वेद-वेदांग के अध्ययन को प्रमुख स्थान दिया जाना चाहिए

बीसवीं सदी के प्रारम्भ में गंगा के तट पर जिस गुरुकुल की स्थापना हुई थी, वह केवल एक नए ढंग का शिक्षालय ही नहीं था, अपितु वह शिक्षा के क्षेत्र में एक महती क्रांति का प्रतीक भी था। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने शिक्षा के सम्बन्ध में जो विचार प्रकट किए थे, उनका प्रयोजन एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जो सामाजिक न्याय पर आधारित हो और जिसमें प्रत्येक को शिक्षा प्राप्त करने तथा अपनी अन्तर्हित शक्तियों का विकास कर जीवन संघर्ष में अग्रसर होने का समान अवसर प्राप्त हो। महर्षि दयानन्द ने जिन गुरुजनों का विचार जनता के सम्मुख प्रस्तुत किया था, उनमें गरीब और अमीर, छूत और अछूत तथा ऊँच और नीच का कोई भेदभाव न रखकर सब बालकों व बालिकाओं को एक समान शिक्षा प्रदान की जाती थी, शिक्षाकाल में सबको छात्रावासों (आश्रमों) में अनिवार्य रूप में रहना था, और वहाँ सबके वस्त्र, शय्या, भोजन आदि एक समान होते थे। गुरुकुलों में शिक्षा प्राप्त करते हुए किसी छात्र को यह अनुभूति होने का कोई अवसर ही नहीं होता था कि उसके परिवार की आर्थिक व सामाजिक स्थिति क्या है। शिक्षा के पूर्ण हो जाने पर प्रत्येक को उनकी योग्यता के अनुसार कार्य प्राप्त कराने की व्यवस्था भी महर्षि द्वारा प्रतिपादित शिक्षाप्रणाली का आवश्यक अंग थी।

महर्षि दयानन्द सरस्वती के इन्हीं मन्तव्यों को क्रियान्वित करने के लिए महात्मा मुंशीराम (स्वामी श्रद्धानन्द) जी ने हरिद्वार के सामने गंगा के पार कांगड़ी ग्राम मे गुरुकुल की स्थापना की थी। जनता में गुरुकुल के लिए अनुपम उत्साह था। उसके माध्यम से वह आशा करती थी कि एक वर्गविहीन आदर्श समाज की स्थापना हो सकेगी, और गुरुकुल के स्नातक होकर जो युवक सांसारिक जीवन में प्रवेश करेंगे, वे सच्चे अर्थों में समाज-सेवक होंगे। आंशिक रूप से जनता की यह आशा पूरी भी हुई। शीघ्र ही गुरुकुल शिक्षाप्रणाली ने एक आन्दोलन का रूप प्राप्त कर लिया। पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश, बिहार, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात आदि सर्वत्र गुरुकुलों की स्थापना हुई, और हजारों विद्यार्थी इस क्रान्तिकारी शिक्षाप्रणाली से लाभ उठाने लगे। पौराणिक, जैन और ईसाई लोगों ने भी गुरुकुल स्थापित किए।

स्वराज्य के बाद ह्रास का प्रारम्भ

पर स्वराज्य के पश्चात् गुरुकुलों में एकदम ह्रास प्रारम्भ हो गया। बहुत-से गुरुकुल हाई स्कूलों तथा इन्टर कालेजों के रूप में परिवर्तित हो गये और कुछ बन्द हो गए। गुरुकुल कांगड़ी ने यूनिवर्सिटी की स्थिति प्राप्त कर ली, पर इससे भी उसे कोई लाभ नहीं हुआ। उसके छात्रों की संख्या निरन्तर घटती गई, और आवासीय प्रणाली का तो उससे सर्वथा अन्त हो गया। गुरुकुल की कोई भी विशेषता उसमें कायम नहीं रही।

पर क्या इससे यह समझ लिया जाए कि अब गुरुकुलों की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है। यह स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिन आदर्शों व मन्तव्यों को सम्मुख रख कर गुरुकुल की स्थापना हुई थी, उनकी उपयोगिता वर्तमान परिस्थितियों में और भी अधिक है। आज न केवल भारत अपितु सम्पूर्ण विश्व के सम्मुख यह समस्या विद्यमान है, कि किस प्रकार एक ऐसे वर्गविहीन समाज की स्थापना की जाए, जिसमें सबको योग्यता प्राप्त करने का समान अवसर प्राप्त हो, सबको योग्यता के अनुरूप कार्य मिल सके और किसी भी व्यक्ति की आर्थिक व सामाजिक स्थिति उसके माता-पिता की स्थिति व कुल, जाति आदि पर आधारित न होकर उसके अपने गुण, कर्म और स्वभाव के अनुरूप हो

कुछ उपयोगी सुझाव

ऐसे समाज को स्थापित करने के लिए पहला पग है, महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा प्रतिपादित गुरुकुल शिक्षा-प्रणाली को अपनाना। इसमें संदेह नहीं कि एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में एक महान् क्रान्ति के रूप से गुरुकुलों की स्थापना शुरु की जा सकती है। पर इसके लिए सबसे पूर्व गुरुकुल कांगड़ी की दशा ठीक करनी होगी। स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा स्थापित यह गुरुकुल शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श व क्रान्तिकारी संस्था माना जाता रहा है। उसके उसी स्वरूप को पुनः स्थापित करना है। इसके लिए निम्नलिखित सुझाव उपयोगी हो सकते हैं—

(१) गुरुकुल के विद्यालय विभाग के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उसके सब विद्यार्थियों के लिए छात्रावास में रहना अनिवार्य हो, जहाँ वे ब्रह्मचर्य, सादगी तथा तप का जीवन व्यतीत करें। जहाँ तक शिक्षा का संबंध है, संस्कृत, हिन्दी और धर्म शिक्षा के साथ-साथ गणित, इतिहास, भूगोल, विज्ञान आदि विषयों की पढ़ाई की भी वहाँ समुचित व्यवस्था हो। अंग्रेजी भाषा की शिक्षा पर भी वहाँ विशेष ध्यान देना आवश्यक है। गुरुकुल की विद्याधिकारी (मैट्रिकुलेशन) परीक्षा को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। उसे उत्तीर्ण कर विद्यार्थी अन्यत्र भी ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश पा सकते हैं। अतः गुरुकुल विद्यालय के पाठ्यक्रम को इस ढंग से निर्धारित करना चाहिए, कि उसे पढ़कर विद्यार्थी गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल आदि विषयों तथा अंग्रेजी भाषा में जहाँ केन्द्रीय विद्यालयों के स्तर की योग्यता प्राप्त कर लें, वहाँ संस्कृत तथा वैदिक धर्म का उन्हें पर्याप्त रूप से गंभीर ज्ञान हो जाए। शिक्षा का स्तर इतना ऊँचा रख सकना अक्रियात्मक नहीं है। आवासीय (रेजिडेन्शल) प्रणाली के शिक्षणालयों में विद्यार्थी अपना सब समय विद्याध्ययन में लगा सकते हैं। गुरुकुल में शिक्षा का स्तर पहले बहुत ऊंचा रहा भी है।

लेखक :

डा० सत्यकेतु विद्यालंकार

(२) गुरुकुल कांगड़ी को एक आदर्श एवं उच्च स्तर का आवासीय (रेजिडेंशल) विद्यालय बनाने के लिए सब साधन विद्यमान हैं। उसका परिसर (कैम्पस) अत्यन्त आकर्षक है, उसके भवन (छात्रावास, शिक्षणालय, भोजन भंडारा चिकित्सालय आदि) भव्य तथा विशाल हैं और गुरुजनों तथा कर्मचारियों के निवास के लिए परिवार-गृह भी वहां पर्याप्त संख्या में हैं। गुरुकुल विद्यालय के समुचित विकास के लिए यह आवश्यक होगा, कि उसकी सब इमारतों की ठीक प्रकार से मरम्मत करा दी जाए और उनमें फर्निचर आदि की समुचित व्यवस्था कर दी जाए। सादगी और तपोमय जीवन का अभिप्राय भद्देपन से नहीं है। सौष्ठव और सादगी परस्पर विरोधी नहीं हैं। कन्या गुरुकुल देहरादून में वहाँ की आचार्या श्रीमती दमयन्ती जी ने छात्रावास और भोजन भंडार आदि को जो रूप प्रदान किया हुआ है, उसमें सादगी के साथ-साथ सौष्ठव और आकर्षण भी है। गुरुकुल कांगड़ी में भी उसका अनुकरण कर छात्रावास, भोजन-भंडार, शिक्षणालय और चिकित्सालय को ऐसा रूप प्रदान किया जाना चाहिए, जिससे मध्य एवं उच्च वर्गों के माता-पिता भी अपनी संतान को वहाँ भेजने के लिए प्रेरित हो सकें और वे वहाँ के विद्यार्थियों के रहन-सहन, भोजन तथा देखभाल से सन्तोष अनुभव करें। सन् १९०८-१५ में गुरुकुल विद्यालय के छात्रों से दस और पन्द्रह रुपये मासिक पुस्तक लिया जाता था। शिक्षा निःशुल्क थी, पर भोजन, वस्त्र तथा अन्य खर्चों के लिए ये राशियाँ (पहली से पाँचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों से दस रुपये और बड़े विद्यार्थियों से पन्द्रह रुपये) संरक्षकों को देनी होती थी। बाद में शुल्क की मात्रा में वृद्धि कर दी गई थी। १९०८-१५ के दस रुपये की क्रय शक्ति वर्तमान समय के २०० रुपयों से भी अधिक थी।

अतः उचित यह होगा, कि पांचवीं कक्षा तक के छोटे विद्यार्थियों से कम से कम २०० रु. और बड़े विद्यार्थियों से ३०० रु. शुल्क के रूप में लिए जाएं। इस शुल्क से विद्यार्थियों के रहन-सहन में और भोजन आदि के स्तर को संतोषजनक व समुचित रख सकना कठिन नहीं होगा। यह सही है, कि बहुत-से आर्य परिवारों के लिए शुल्क की यह मात्रा अधिक होगी, पर निर्धन परिवारों के सुयोग्य व मेधावी बालकों के लिए छात्र-वृत्तियों की व्यवस्था करने का प्रयत्न किया जानी चाहिए। सामाजिक न्याय तथा सबको समान अवसर के सिद्धांतों को क्रियान्वित करने के लिए सरकार भी पिछड़े हुए वर्गों के मेधावी बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। गुरुकुल इनसे भी लाभ उठा सकता है, और पिछड़े हुए वर्गों के बालक भी गुरुकुल में वही रहन-सहन तथा शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, जो शुल्क प्रदान कर मध्य तथा उच्च वर्गों के बालकों के लिए उपलब्ध हो।

(३) गुरुकुल में शिक्षा सदा से निःशुल्क रही है। भविष्य में भी वहाँ शिक्षा की कोई फीस नहीं होनी चाहिए। पर वहाँ के विद्यालय विभाग में जो भी अध्यापक व अन्य कर्मचारी नियुक्त किये जायें, उनकी योग्यता का स्तर केन्द्रीय विद्यालयों के शिक्षकों के समकक्ष तो अवश्य ही होना चाहिए। इसके लिए गुरुकुल को भी उन्हें समुचित वेतन तथा अन्य सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। दस कक्षाओं तथा ३०० के लगभग विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए जो स्टाफ रखना होगा उसका व्यय १०,००० रु. मासिक के लगभग पड़ेगा। इस राशि की व्यवस्था कर सकना गुरुकुल के लिए सर्वथा सम्भव है। वहाँ जो परिवार गृह व अन्य क्वार्टर आदि हैं। वे सब आर्य जनता के दान द्वारा बने हैं। सरकारी अनुदान का एक पैसा भी उनके लिए प्रयुक्त नहीं हुआ। इनमें प्रधानतया गुरुकुल विश्वविद्यालय तथा आयुर्वेद महाविद्यालय के वे प्राध्यापक तथा कर्मचारी निवास करते हैं, जिन्हें सरकारी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों का वेतन मिलता है। (अपूर्ण)

वेदार्थ करने में महर्षि दयानन्द की मौलिकता

वेद आर्य जाति की ही नहीं, समस्त विश्व की अमूल्य निधि है। अपितु यद्यपि अनेक भाष्यकारों ने वेदमंत्रों के अर्थ अपनी-अपनी सूक्ष्म बुद्धि के अनुसार किए हैं पर महर्षि दयानन्द के अर्थों में मौलिकता एवं नई सूझ-बूझ की जो विशेषता दिखाई देती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। उदाहरणार्थ पुरुष सूक्त (यजु. ३१ अ.) के प्रथम दो मंत्रों पर विचार करते हैं।

इस सूक्त का मंत्र है "सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।

स भूमिः सर्वतःस्पृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥ (य० अ०-३१ म०—१)

प्राचीन वेद भाष्यकारों में सायण, महीधर, उवट आदि हैं। सायण, महीधर ने 'सहस्रशीर्षा आदि पदों का विग्रह किया है सहस्रं असंख्यानि शीर्षाणि शिरांसि यस्य सः सहस्रं अक्षीणि यस्यसः सहस्रं पादा यस्य सः वह परम पुरुष ब्रह्म असंख्य सिर, नेत्र व पादों वाला है। बहुव्रीहि समास द्वारा उनका यही अर्थ निकलता है। अब आप ही विचारिए, कि क्या उस प्रभु के असंख्य सिर, आँख और पैर सम्भव हैं। इन अर्थों से उसकी निराकारता पर संशयचिह्न लगना स्वाभाविक है। पर महर्षि दयानन्द ने आर्ष दृष्टि के आधार पर जो इन पदों का विग्रह किया है, वह तर्कसंगत एवं सर्वथा मौलिक है। ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका के 'सृष्टि विद्या विषयः' प्रसंग में स्वामी जी इस मन्त्र के पदों का विग्रह करते हुए लिखते हैं—

'सहस्राण्यसंख्यातान्यस्मदां दीनां शिरांसि यस्मिन् पूर्णे पुरुषे परमात्मनि सह स्रशीर्षा पुरुषः। अस्मदादीनां सहस्राण्यक्षीणि यस्मिन्, एवमेव सहस्राण्यसंख्याताः पादाश्च यस्मिन् वर्तन्ते, स सहस्राक्षः सहस्रपाच्च।

हिन्दी भा०—सहस्रनाम है, संपूर्ण जगत् का और असंख्यात का भी नाम है, सो जिसके बीच में सब जगत् के असंख्यात सिर, आँख और पग ठहर रहे हैं, उसको सहस्रशीर्षा सहस्राक्ष और सहस्रपात भी कहते हैं, क्यों कि वह अनंत है। जैसे आकाश के बीच में सब पदार्थ रहते हैं और आकाश सबसे अलग रहता हैं, अर्थात् किसी के साथ बंधता नहीं है, इसी प्रकार परमेश्वर को भी जानो।

लेखक :
सत्यभूषण वेदालंकार

इसी मन्त्र में 'दशाङ्गुलम्' पद का अर्थ सायण वहिर्देश मात्रद्योतक मानने के साथ-साथ हृदय का वाचक भी मानते हैं। उवट ने दश इन्द्रियों, हृदय व नासिकाग्र का अर्थ लिया है। महीधर भी सायणाचार्य ग्रहीत अर्थ को मानते हैं। पर महर्षि दयानन्द ने अपनी सूक्ष्म आर्ष दृष्टि से अंगुलि शब्द को अवयव वाचक मानकर 'पाँच स्थूल और ५ सूक्ष्म भूतों के समूह तथा पाँच प्राण, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और दसवां जीव (जो उपनिषद् के कथनानुसार दश अंगुल के प्रमाण से लिया जाता है) जो इन तीनों में व्यापक होकर इनके चारों ओर भी परिपूर्ण हो रहा है इससे वह पु[illegible] कहाता है, ऐसा अर्थ किया है, जो सर्वथा मौलिक एवं युक्तियुक्त है। परमात्मा दशांगुल स्थान का भी उल्लंघन करके सर्वत्र स्थिर रहे वही सब जगत् बनाने वाला है।

इस प्रकार स्वामी जी महाराज परमात्मा को सर्वव्यापक और प्रकृति तथा कार्यरूप में स्थित जगत् को व्याप्य मानकर सर्वाधिक सूक्ष्मातिसूक्ष्म परमेश्वर सर्वत्र भावेन स्थूल जगत् में व्यापक रहा है, ऐसी आर्य वैदिक सिद्धान्त साधिका सत्य कल्पना का आश्रय लेकर जो अर्थ किया है, वह सर्वथा मौलिक व तत्वपूर्ण है। जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय करने वाली वही [illegible] सर्वव्यापिनी चेतन सत्ता है, ऐसा उनका दृढ़ विश्वास है। यही अर्थ सर्वथा प्राचीन है।

ग्रीनपार्क
नई दिल्ली-१६

समीक्षा

'आर्य सन्देश' का आर्य महासम्मेलन विशेषांक

सम्पादक : विद्यासागर विद्यालंकार : प्रकाशक; दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा १५, हनुमान रोड़ नयी दिल्ली : पृष्ठ : ७६; मूल्य :६

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के मुख पत्र 'आर्य-संदेश' का यह विशेषांक एक विशेष अवसर पर विशेष प्रयोजन से प्रकाशित किया गया है। अवसर है दिल्ली में होने वाला आर्य महासम्मेलन जो स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर आयोजित किया गया। यह आयोजन एक विशेष प्रयोजन से किया गया था। पिछले कुछ समय से देश में विघटनकारी प्रवृत्तियाँ जिस प्रकार बढ़ती जा रही हैं, उनसे हर जागरुक देशवासी परिचित और त्रस्त है। साथ ही चिंतित भी। इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस समस्या पर गहराई से विचार करना और इन प्रवृत्तियों को रोकने के लिए जनमानस तैयार करना था।

विशेषांक में सोलह लेख हैं जिन्हें छह खंडों में विभक्त किया गया है—

(१) भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, (२) वेद, (३) आर्यसमाज की प्रासंगिकता, (४) महर्षि दयानन्द, (५) आर्यसमाज और (६) अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द। इस विषयविभाजन के लिए सम्पादक को विशेष श्रम अवश्य करना पड़ा है, पर पाठक को इससे एक सुविधा यह हो गई है कि इन प्रकरणों से सम्बद्ध सामग्री एक साथ मिल जाती है। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि विभिन्न लेखों में विषय की पुनरावृत्ति नहीं मिलती, जबकि इस प्रकार के विशेषांकों में पुनरावृत्ति सहज ही होती है। सम्भवतः इस खंड विभाजन के परिणामस्वरूप ही सम्पादक लेखों और इस प्रकार चयन और संयोजन कर सका कि पुनरावृत्ति नहीं हो पाई। इस सूझ-बूझ के लिए वह प्रशंसा का पात्र है।

प्रथम खंड में भारतीय इतिहास से सम्बन्धित तीन लेख हैं। तीनों लेख पढ़ने पर भारतीय इतिहास को पढ़ने के लिए एक स्वस्थ दृष्टि प्राप्त होती है। स्वस्थ दृष्टि के अभाव में भारत के इतिहास को समझना कठिन ही नहीं, असम्भव है।

दूसरे खंड में एक लेख वैदिक राज्य व्यवस्था से सम्बन्धित है और एक वेदों के भाष्य से। दोनों ही ज्ञानवर्द्धक है और प्रेरक भी। तीसरे खंड में आर्यसमाज की प्रासंगिकता से सम्बद्ध तीन लेख हैं। डा० सत्यकेतु विद्यालंकार ने अपने लेख में ठीक ही लिखा है, 'स्वराज्य के बाद भारत में अंग्रेजी सभ्यता व संस्कृति के प्रति रुचि में अत्यधिक वृद्धि हो गई है···ईसाइयों और एंग्लो इंडियनों द्वारा संचालित शिक्षणालयों में आज ९०% के लगभग हिन्दू विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हैं। स्वयं हिन्दुओं द्वारा न केवल बड़े नगरों में ही अपितु छोटे-छोटे कस्बों में भी ऐसे 'पब्लिक स्कूल' खोले जा रहे हैं जिनमें शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है और रहन-सहन तथा वातावरण पाश्चात्य संस्कृति के अनुरूप है।···इनकी लोकप्रियता निरन्तर बढ़ती जा रही है और स्वयं आर्यसमाजी परिवार भी इनकी ओर आकृष्ट होते जा रहे हैं। (पृ. ३७)

इस पर किसी टिप्पणी की आवश्यकता नहीं। स्थिति इतनी स्पष्ट है, और इसकी भयावहता इतनी उजागर हो चुकी है कि कोई भी जागरुक व्यक्ति इससे बेखबर नहीं है। जानबूझ कर बेखबर बनने का नाटक करना चाहे तो दूसरी बात है। डा. सत्यकाम तथा डा. कृष्णलाल के लेख आज की स्थिति का विश्लेषण करते हैं और हमें अपने कर्त्तव्यों के प्रति उद्बोधित भी करते हैं। आर्यसमाज को केवल हिन्दुओं की चिंता करनी चाहिए या सम्पूर्ण विश्व की? आर्यसमाजका उद्देश्य हिन्दुओंका उपकार करना है या संसार का उपकार करना? दयानन्द भारत के, और उसमें भी हिन्दुओं के दुःख से दुखी हुए थे या सम्पूर्ण विश्व के? 'जिस सम्पूर्ण धरती पर कभी वेदानुयायी आर्यजनों का अखंड चक्रवर्ती एवं सार्वभौम राज्य था उस सम्पूर्ण धरती पर अब वेदविरुद्ध नाना मतमतान्तरों ने जन्म लेकर अज्ञान एवं तज्जन्य दुःख का प्रसार कर दिया है।' (पृ. ३९)

चौथे खंड में महर्षि दयानन्द से सम्बन्धित तीनों लेख तीन भिन्न-भिन्न प्रकार से महर्षि का गौरवगान करते हैं। बुंदेली लोकगीतों में महर्षि का और उनके कार्यों का किस प्रकार स्मरण किया गया है, राष्ट्रीय एकता के लिए उन्होंने हिन्दी को आवश्यक क्यों माना और भाषा के सम्बन्ध में उनकी नीति क्या थी, इस सबका उल्लेख हुआ है। डा० द्विवेदी ने रोचक साहित्यिक शैली में महाभारत के पक्षप्रश्न वाले प्रसंगों को लेकर वर्तमान स्थिति का विवेचन करते हुए दयानन्द के सन्देश का स्मरण किया है।

पाँचवें खंड में आर्यसमाज में [illegible] कार्य का एक अति संक्षिप्त विवेचन है और हैं दो प्रेरक लेख तथा एक काव्यमय सन्देश। सबसे अन्तिम खंड में गुरुकुल के आचार्य एवं पिता के रूप में अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी के जीवन का एक प्रेरणादायक संस्मरण प्रो० शंकरदेव विद्यालंकार ने प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार के विशेषांकों के लिए सामग्री जुटाना और वह भी विषय विशेषज्ञों से, कितना कठिन कार्य है, इसका अनुमान वे ही लगा सकते हैं जिन्हें इस कार्य का अनुभव है। सम्पादक इस दृष्टि से भी अपने श्रम में सफल रहे हैं। अन्य दृष्टियों से मुद्रण सन्तोषजनक ही नहीं, अच्छा है।

विशेषांक 'आर्यसमाज' की ही सम्पत्ति न रहे, उसके बाहर भी जाए और अपने उद्देश्य में सफल हो—यह कामना है।

—डॉ० रवीन्द्र [illegible]

आर्यसमाजों के सत्संग

२२-२-८१

अन्धा मुगल प्रताप नगर—पं० वीरव्रत शास्त्री; अमर कालोनी—प्रो० सत्यपाल वेदार; अशोक विहार के सी ५२-ए—पं० महेन्द्र प्रताप शास्त्री; आर के पुरम सैक्टर ६—आचार्य हरिदेव सि० भू०; आर के पुरम सैक्टर ६ पं० हीराप्रसाद शास्त्री; किग्जवे कैम्प—पं० छज्जूराम शास्त्री; किदवई नगर—पं० तुलसी राम भजनोपदेशक; कृष्ण नगर—श्रीमती ऊषा शास्त्री; कालका जी—पं० केशव चन्द्र मुन्जाल; करोलबाग - वैद्य रामकिशोर; कोटला मुबारिकपुर —पं० दिनेशचन्द्र पाराशर शास्त्री; गाँधीनगर—पं० हरीश वेदी; ग्रेटर कैलाश-I —पं० दिवाकर शर्मा; ग्रेटर कैलाश-II—पं० प्रकाशचन्द्र वेदालंकार, गुड़मण्डी—पं० सीसराम भजनोपदेशक; १५१-गुप्ता कालोनी—पं० अशोक कुमार विद्यालंकार तथा ज्ञानचन्द डोगरा गायक; गोविन्द भवन दयानन्द वाटिका—पं० सत्यदेव स्नातक भजनोपदेशक; जंगपुरा भोगल—पं० देवराज वैदिक मिशनरी; जनकपुरी बी ३/२४—पं० विश्वप्रकाश शास्त्री; टैगोर गार्डन—पं० वेद व्यास भजनोपदेशक; तिलक नगर—पं० रामरूप शर्मा; दरियागंज—पं० ईश्वरदत्त एम-एम; नारायण विहार—पं० प्राणनाथ सिद्धान्तालंकार; नया बांस—पं० सोमेश्वर दत्त शर्मा आर्य; पंजाबी बाग—पं० प्रेमचन्द श्रीधर; पंजाबी बाग एक्सटेन्शन १४/३—पं० प्रकाशचन्द शास्त्री; बाग कड़े खां—पं० बरकतराम भजनोपदेशक; बसई दारापुर—पं० ओमप्रकाश भजनोपदेशक; बाजार सीताराम —पं० गणेश प्रसाद विद्यालंकार; माडल टाऊन—आचार्य गोपाल कृष्ण शास्त्री; माडल बस्ती—श्री चिमन लाल; मोतीनगर—ला० लखमीदास आर्य; रमेश नगर—पं० हरिदत्त शास्त्री; राणा प्रताप बाग—पं० गणेश दत्त वानप्रस्थी; रोहतास नगर—डा० सुखदयाल भूटानी; लड्डू घाटी—श्रीमती सुशीला राजपाल; लक्ष्मीबाई नगर ई-१२०८—श्रीमती लीलावती आर्या; विक्रम नगर—पं० आशानन्द भजनोपदेशक; विनय नगर—पं० सत्यभूषण वेदालकार; सदर बाजार पहाड़ी धीरज—डा० रघुनन्दन सिंह; सराय रोहेल्ला—पं० धर्मेन्द्र कुमार शास्त्री; सुदर्शन पार्क—प्रो० भारत मित्र शास्त्री तथा श्रीमती कमला आर्या; साकेत—आचार्य रामशरण मिश्रा शास्त्री; सोहनगंज—श्रीमती प्रकाशवती शास्त्री; शादी खामपुर—वैद्य रामकिशोर तथा पं० सत्यदेव स्नातक भजनोपदेशक; हनुमान रोड—डा० सीताराम सहगल; राजौरी गार्डन—पं० विद्यासागर विद्यालंकार;

(पृष्ठ २ का शेष)

मनुष्य को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है वे आँख रहित मनुष्य ही जानते हैं। इन आँखों को शरीर को सम्राट समझकर उनकी रक्षा करना चाहिए और उन बुराइयों से उसे बचाने का प्रयत्न करना चाहिए जो हमें कुमार्ग की ओर ले जाती हैं। यजुर्वेद अ. २५ मंत्र १४, १५, १८, १६, २१ मन्त्र में कहा गया है "भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिः यजत्राः" अर्थात् हे दिव्यगुणयुक्त प्रमुकी शक्तियों-से हम आपकी कृपा से कानों से उत्तम शब्द ही सुनें, आंखों से अच्छा ही देखें। यहां आंख और कान अन्य इंद्रियों के उपलक्ष्य हैं। सम्राट यदि दुराचारी होगा तो वह सम्यक् शासक नहीं माना जाएगा। आँख के सम्राट होने का तात्पर्य है कि इसमें केवल दृष्टि शक्ति ही न हो, दृष्टि शक्ति के साथ-साथ हमारी दृष्टि शुभ हो, मित्रता भरी हो। चक्षु शक्ति में प्रेम के स्थान पर दुश्मनी की रूपरेखा का होना, परस्त्रियों तथा पर-पुत्रियों पर कामानुवासित दृष्टिपात करना, परधन देखकर उसे अपनाने का यत्न करना, दूसरे की उन्नति को देख कर मन में भत्सरता का भाव उत्पन्न करना, ये बातें चक्षु शक्ति को सम्राट् के पद से गिराती हैं आसक्ति के राज्य की सूचना देती हैं तो जहां हम चक्षु शक्ति में शक्ति की भावनाएं वहाँ उसमें सद्गुणों तथा सद्भावनाओं का बीज बो कर इसे यशस्वी सम्राट बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

इसी प्रकार 'श्रोत्रम् विराट' द्वार श्रोता को बड़ी शक्ति वाला बतलाया गया। श्रोत्र की शक्ति पर निन्दा के श्रवण, दुर्भावना से भरे गीतों को सुनने से श्रवण शक्ति की दीप्ति नष्ट हो जाती है। अतः विशेष रूप से दीप्ति करने के लिए परगुणों के सुनने, सच्छास्त्रों के आवरण करने, भक्ति सदाचार, वीरता एवं सदाचार से सम्बन्धित सदुपदेशों से श्रवण शक्ति यशस्वी बनती है।

इस प्रकार नेत्रों को बनाने के लिए नेत्रों में पवित्रता लाने के लिए ज्ञान, विचार तथा चिन्तन की आवश्यकता है जो मनुष्य सदा सचेत रहेगा, ज्ञानपूर्वक कार्य करेगा और विचार तथा चितन जिसका स्वभाव होगा, उसकी आँखों में एक विशेष प्रकार की स्फूर्ति दिखाई देगी। तभी आंख सम्राट हो सकेगी। और कान भी तभी विराट हो सकेंगे।

अन्त में हम आप से कहेंगे आप अपने को सदा सौभाग्यशाली समझिए। इसका प्रभाव यह होगा कि आपका मस्तिष्क, आपका मुख, आपके केश, आपकी आंखें और आपके काम प्रभावशाली हो जाएंगे। आपको अनुभव होगा कि जगदीश्वर ने महान कार्य करने के लिए आपको भेजा है। आप अपने कार्यों से सुख, समृद्धि और सभ्यता का विकास कर संसार को नया मार्ग दिखला सकते हो।

ऋषि मेले को सफल बनाएं

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री श्री विद्यासागर विद्यालंकार ने अनुरोध किया है कि ४ मार्च को कोटला फिरोजशाह, नई दिल्ली में आर्य केन्द्रीय सभा द्वारा आयोजित ऋषि मेले में सभी आर्यबन्धु सपरिवार-इष्टमित्रों सहित प्रातः ८ बजे से सायं ५ बजे तक होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

केन्द्रीय सरकार कर्मचारी उस दिन रिस्ट्रिक्टिड अवश्य लें।

सब आर्य हिन्दू स्त्री पुरुष मेले को सफल बनायें।

दिल्ली की प्रादेशिक भाषा हिन्दी है, पंजाबी नहीं

यज्ञदत्त शर्मा के विचार व्यक्तिगत हैं भारतीय जनता पार्टी के नहीं —

पार्टी के अध्यक्ष विजयकुमार मल्होत्रा की घोषणा

नई दिल्ली १४ फरवरी। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री विजय मल्होत्रा ने एक वक्तव्य में घोषित किया है—'मेरा ध्यान श्री यज्ञ दत्त शर्मा के 'पंजाबियों को अपनी भाषा पंजाबी लिखानी चाहिए विषयक वक्तव्य की ओर दिलाया गया है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि श्री यज्ञदत्त जी का वक्तव्य व्यक्तिगत है, पार्टी का इससे कोई सम्बन्ध नहीं।'

श्री मल्होत्रा ने कहा है—'प्रत्येक व्यक्ति का यह अधिकार है कि वह जनगणना में जिसे अपनी भाषा समझे, उसे ही लिखाए। इस सम्बन्ध में राजनीतिक आधार पर कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए, इसीलिए दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने इस सम्बन्ध में विचार करना उचित नहीं समझा।'

'श्री यज्ञदत्त जी ने यह स्पष्ट किया है कि यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं, प्रचार के लिए नहीं। वैसे दिल्ली की सरकारी और प्रादेशिक भाषा हिन्दी है, यह सर्वमान्य है।'

□

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के लिए श्री सरदारी लाल वर्मा द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित तथा भाटिया प्रैस ७२७/१-सी, गुरुनानक गली, गाँधीनगर दिल्ली-३१ में मुद्रित। कार्यालय १५ हनुमान रोड, नई दिल्ली फोन नं० ३१०१५०

ओ३म्

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

आर्य सन्देश

दिल्ली आर्यप्रतिनिधि सभा का साप्ताहिक मुखपत्र

एक प्रति ३५ पैसे, वार्षिक १५ रुपये | वर्ष ४ : अंक १७ | रविवार २२ फरवरी १९८१ | दयानन्दाब्द १५६

जनगणना में अपनी भाषा हिन्दी लिखाएं

पंजाबी भाइयों से श्री ओमप्रकाश त्यागी की अपील : यज्ञ शर्मा का वक्तव्य भ्रान्तिपूर्ण

दिल्ली सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के मन्त्री एवं भूतपूर्व संसद सदस्य श्री ओमप्रकाश त्यागी ने भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री यज्ञ शर्मा के वक्तव्य को व्यक्तिगत, भ्रान्तिपूर्ण एवं हिन्दुओं को गुमराह करने वाला घोषित किया है।

श्री त्यागी ने अपने वक्तव्य में अभियोग लगाया है कि कुछ राजनीतिक दलों के व्यक्ति वोटों की खातिर पंजाब एवं अन्य प्रान्तों में रहने वाले पंजाबी भाइयों को वर्तमान में अपनी मातृभाषा पंजाबी लिखने की प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब के निवासियों की विशेषकर हिन्दुओं की बोली पंजाबी अवश्य है, परन्तु उनकी मातृभाषा हिन्दी है। भाषा और बोली में बड़ा अन्तर होता है। प्रत्येक भाषा व्याकरण पर आधारित होती है, परन्तु बोली प्रत्येक दस मील पर बदल जाती है।

श्री त्यागी ने घोषित किया कि पंजाब में पंजाबी बोली को भाषा का रूप राजनीतिक उद्देश्य से किया गया और उसके पीछे एक बहुत बड़ा राजनीतिक षड्यन्त्र भी छिपा है, परन्तु यदि राजनीतिक नेताओं के झांसे में आए हिन्दुओं ने अपनी मातृभाषा हिन्दी नहीं लिखवाई और पंजाबी लिखा दी तो उनके बच्चे हिन्दी भाषा से अनभिज्ञ हो जाएंगे और इसका दुष्परिणाम यह होगा कि वे अपने धर्मग्रंथ 'रामायण' और 'महाभारत' आदि को भी नहीं पढ़ सकेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी जाति की मातृभाषा वही हो सकती है, जिसमें उनका धर्म, साहित्य एवं इतिहास लिखा होता है और यही उस जाति अथवा राष्ट्र की आत्मा होती है। इनके समाप्त होने पर जाति अथवा राष्ट्र मौत के मुंह में विलीन हो जाते हैं, इसलिए हिन्दुओं का अपनी भाषा पंजाबी लिखाना स्वयं अपनी मौत को निमन्त्रण देना है।

इस महत्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान दिलाते हुए श्री त्यागी ने कहा कि हिन्दुओं ने यदि जनगणना में सावधानी न रखी तो इसका दुष्परिणाम शीघ्र ही यह आयेगा कि दिल्ली की प्रान्तीय भाषा हिन्दी न रह कर पंजाबी होगी और पंजाब की शिक्षा-संस्थाओं में हिन्दुओं के बच्चों को हिन्दी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने का कोई अधिकार नहीं रह जाएगा, जो देश के लिए घातक सिद्ध होगा। त्यागी जी ने राजनीतिक नेताओं से अनुरोध किया है कि वे अपनी कुर्सियों के लिए राष्ट्र हित की उपेक्षा न करें, अन्यथा उसके द्वारा देश हित की जगह राष्ट्र का अहित ही होगा।

जनगणना के बारे में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री विजय कुमार मल्होत्रा का वक्तव्य पढ़ें पृष्ठ ८ (पर)

समस्त राष्ट्रवादी धर्मप्राण जनता से अनुरोध

आप समस्त कारोबार हिन्दी में करें

दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, १५ हनुमान रोड, नई दिल्ली-१ के मन्त्री श्री विद्यासागर विद्यालंकार ने समस्त राष्ट्र-वादी धर्मप्राण जनता से जिज्ञासा प्रकट की है।

- यदि आप अपने धर्म, संस्कृति और परम्पराओं की सुरक्षा चाहते हैं।
- यदि आप अपने देश की बची हुई एकता और संगठन का संरक्षण करना चाहते हैं और देश का दूसरा बंटवारा नहीं चाहते।
- यदि आपकी इच्छा है कि आप और आपकी सन्तान वेद, गीता, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत भारतीय दर्शन आदि ग्रन्थों का स्वाध्याय-मनन कर सकें।
- यदि आप अपना, अपने परिवार, अपने प्रदेश और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल करना चाहते हैं—

तो आपका यह पुनीत कर्त्तव्य है कि आप अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक और राष्ट्रीय कार्यों के लिए अपना समस्त कार्य हिन्दी में करें।

स्मरण रखें हिन्दी जनता, सन्तों और गुरुओं की भाषा है

इसलिए आपका कर्त्तव्य है

- आप अपने निजी-व्यापारी पत्रों, धनादेश आदि में हिन्दी में हस्ताक्षर करें।
- अपने सारे तार हिन्दी में भेजें।
- अपने समस्त विज्ञापन हिन्दी में करें।
- हिन्दी के समाचार-पत्र-पत्रिकाओं को प्रमुखता दें।
- अपनी दुकान, कार्यालय, व्यवसाय और प्रतिष्ठानों के नाम हिन्दी में रखें।
- व्यक्तिगत दुकानों और प्रतिष्ठानों के नामपट्ट हिन्दी में लिखवायें।
- रसीदें, चालान और बीजक हिन्दी में छपवायें।
- बैंक, रेलवे, तार विभाग, बीमा कम्पनियों से हिन्दी में पत्र-व्यवहार करें।
- व्यापार सम्बन्धी एवं बधाई कार्ड हिन्दी में भेजें।
- दूरभाष निर्देशिका हिन्दी में ही लें।
- आयकर, विक्रयकर विवरण एवं सम्बन्धित पत्र हिन्दी में दें।

जनगणना में आर्य/वैदिक (हिन्दू) लिखाएं

आप से अनुरोध है कि जनगणना के समय गणक के प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार दें

१. धर्म—आर्य। वैदिक (हिन्दू)
२. भाषा—हिन्दी
३. अन्य भाषा १. संस्कृत
२. अन्य भाषा जो आप जानते हों

कृपया ध्यान रखें कि आर्य या वैदिक लिखाने पर आपकी गिनती हिन्दुओं में ही होगी।

यह भी ध्यान रखें कि जनगणना में जाति सम्बन्धी प्रश्न नहीं किया जाएगा केवल अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के बारे में ही पूछताछ की जाएगी।

मन्त्री, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा,
१५, हनुमान रोड, नई दिल्ली-१

इस अंक में…

सम्पादक—नरेन्द्र विद्यावाचस्पति

वेद मनन :

मन को बन्धु बनाओ, दीर्घ जीवन मिलेगा

मनो न्वा ह्वाम हे नाराशंसेन स्तोमेन । पितॄणां च मन्मभि : । यजु: ३-५३
आन एतु मनः पुनः क्रत्वे दक्षाय जीवसे । ज्योक्च सूर्यं दृशे । यजु: ३-५४
ऋषि: — बन्धु: । देवता --मनः ।

शब्दार्थ - हे (बन्धो) परमात्मा तथा संसार से बांधने वाली (मनः) संकल्प-विकल्पात्मक मनन शक्ति (नु) निश्चय ही हम (नाराशंसेन) मनुष्यों-चित प्रशंसात्मक (स्तोमेन) स्तुति द्वारा तथा (पितॄणां) अपने पूर्वज पितरों के (मन्माभिः) मननपूर्ण मन्तव्यों के अनुसार तुझे (आह्वामहे) बुलाते हैं, तेरी शक्ति का आदर करते हुए तुझसे प्रार्थना करते हैं।

हम निराश होकर संसार से भागने का विचार करने लगते हैं, क्योंकि तेरी शक्ति को भूल जाते हैं। अब हमें पता लग चुका है। कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ।' अत: (मन:) हे समर्थन मन तू (क्रत्वे) संकल्पपूर्वक कर्म करने का सामर्थ्य प्रदान करने के लिए (दक्षाय) उत्साहपूर्वक (जीव से) जीवन व्यतीत करने की इच्छा जाग्रत् करने के लिए (ज्योक्च) और दीर्घ काल तक (सूर्यं दृशे) सूर्य से प्रेरणा लेने के लिए (नः) हमारे पास (पुनः) फिर (आ ए तु) सब प्रकार की समृद्धि प्राप्त कराने के लिए (एतु) आ।

निष्कर्ष—१. 'मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।' अपने पितरों के इस मन्तव्य को स्मरण करने वाले को कभी निराश नहीं होना चाहिये। उसे सदा संकल्पपूर्वक कर्म करते हुए, उन्नति की कामना से दीर्घजीवन प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिये।

२. मनुष्य का मन सदेह मित्रों और सगों से अधिक बन्धुभाव रख कर सहायता करने वाला है, इसलिए मनुष्य के समान इसके सामर्थ्य को जान कर इसकी प्रशंसा करनी चाहिए और इससे लाभ उठा कर स्वयं समर्थ बनने का प्रयत्न करना चाहिए।

३. मनोहीदं मनस्विनं भूयिष्ठम् वनी वाह्यते। मन ही मनुष्य को उन्नत दशा की ओर खींच कर ले जाता है। यही बात इस मन्त्र में कही है कि यदि मन हमारा बन्धु की तरह सहायक और सहयोगी होगा तो हमारा प्रत्येक कर्म दक्षतापूर्ण होगा, जीवन दीर्घ होगा। सूर्य से प्रेरणा ग्रहण करेंगे और दूसरों को प्रेरणा देंगे।

विशेष—इस मन्त्र का ऋषि बन्धु संकेत करता है कि मन को सदा ... कर, बन्धु बनाकर अपने वश में रखना चाहिए। तभी हमारा मनन शुभ और शुद्ध होगा, कर्म दक्षतापूर्ण होंगे और जीवन दीर्घ होगा।

अर्थ पोषक प्रमाण—

मनः—मनुते इति ज्ञानं पवित्रां ... मनन शक्तिम् । भगवद्दाचार्य।

मनः —संकल्पविकल्पात्मकं, स्मर... त्मकं मननशीलम् । धारणावती बुद्धि अन्त: करणस्य अहंकारादि वृत्ति वा स्वामी दयानन्द.

क्रत्वे—क्रतुः कर्मनामानि० ... क्रतुः संकल्पःयज्ञो वा । उणादि० संकल्प पूर्वक कर्म करने का सामर्थ्य प्रदान करने के लिये।

आह्वामहे—सत्कुर्मः । भगवद् चार्य, आह्वयामः, याचामः । संस्कृत धातुकोष बन्धुः—बन्ध बन्धने।

मनोहर, विद्यालंकार

वीरता का घोष :

मेरे अंग-अंग यशस्वी हों !

(गतांक से आगे)

त्विर्षिः केशाश्चश्मश्रुणि—मूंछें और केश दीप्ति के अवतार हैं। मूंछ और दाढ़ी शरीर के सौंदर्य को बढ़ाने वाले होते हैं। स्त्रियों के बाल उनका सौंदर्य द्विगुणित करते हैं। प्राचीन ऋषि-महर्षियों के बाल उनके चेहरे की कान्ति को बढ़ाते थे। महाराणा प्रताप और शिवाजी की मूंछें और दाढ़ी उनके चेहरे की कान्ति को बहुत प्रभावशाली बनाते हैं। महाकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर की दाढ़ी और मूंछों की दीप्ति उनकी उनकी प्रतिभा की परिचायक थी। बर्नार्ड शा और तालस्ताय की दाढ़ियों की शोभा उनके चेहरे को दीप्त कर रही थीं। क्या आप ने डाकुओं, लुटेरों और चोरों के दाढ़ी मूंछ से ढके चेहरे से क्रूरता टपकती हुई नहीं अनुभव की। महाराज रणजीत सिंह, गुरु गोविन्द सिंह की सफेद दाढ़ियां कितनी हृदय की नम्रता को प्रकट करती हैं, परन्तु यह नम्रता, प्रतिभा ओर दीप्ति दाढ़ी-मूंछ की नहीं होती। यह तो उनके हृदय में उठने वाले विचारों का प्रभाव होता है जिन विचारों को हम अपने मन में सदैव स्थान देते रहते हैं, उन्हें सचेत मस्तिष्क हमारे अचेत मस्तिष्क तक पहुंचा देते हैं और वही हमारी विचारधारा हो जाती है। वह विचारधारा यदि उच्च है तो उच्चता के भाव आएंगे और यदि विचार गन्दे हैं, हीन हैं तो चेहरे पर वही विचार अपनी छाया डालेंगे मनुष्य का निर्माण भाग्य नहीं, मनुष्य के विचार और कार्यशक्ति करती है। गौरव मेहनत का अनुगामी है। काम आत्मा के लिए रसायन का काम करता है। विचार एवं कार्य ही मनुष्य की आत्मा है। उसी की छाया मनुष्य के पूरे चेहरे पर पड़ता है। अतः कहा है 'हमारी दाढ़ी मूंछ और बाल दीप्ति वाले हैं।'

मे प्राणः राजा—मेरा प्राण राजा (अमृतम्) अमर है। संध्या में इन्द्रियस्पर्श के मन्त्र में कहा गया है 'ओं प्राणः प्राणः मेरे प्राण यशस्वी और बलवान हों। हमारे जीवन में प्राण शक्ति एक मौलिक तत्व है। जीवन भर प्राण क्षण भर नहीं ठहरता वह सदा चलता रहता है। उस का ठहर जाना मृत्यु है। दो फेफड़े इसके आधार हैं। इस प्राण यन्त्र के स्वस्थ रहने से प्राण शक्ति में शक्ति हो सकती है। प्राण के शक्त रहने से ही इन्द्रियों में शक्ति, बल और शक्ति का संचार होता है। इन्द्रियों की प्रेरक शक्ति प्राण शक्ति है।

मनुष्य के शरीर में जीवात्मा के अतिरिक्त पांच ज्ञानेन्द्रियां, पांच कर्मेन्द्रियां और ग्यारहवां मन है। परंतु इस सारी सेना के अतिरिक्त एक और वस्तु भी शरीर में है, जिसके बिना न जीवात्मा शरीर में रह सकता है न ही मन कुछ कर सकता है, न ही इन्द्रियां। नेत्र देखने में भी अन्धे हो जाते हैं, कान केवल एक ही छिद्र मात्र रह जाता है, नासिका में चाहे कितना भी इत्र उड़ेल दो वह सूंघ ही न सकेगा, रसना खट्टा-मीठा कड़वा कुछ भी न चख सकेगा—जब यह प्राण शक्ति शरीर से बाहर आ जाएगी। यह जो भी श्वास-प्रश्वास शरीर में आते जाते है, जो न दिन को, न रात को, न जागृत में, न स्वप्न में, विश्राम करते हैं, चलते ही रहते हैं। यह जन्म से मृत्यु तक चलते हैं। गर्भ में भी चलते हैं। इनका अपना कोई विषय नहीं, कोई स्वार्थ नहीं। शरीर में केवल यही निष्काम सेवक है। दूसरों के लाभ के लिए अनथक कार्य करने वाला प्राण है। इसी लिए छान्दोग्योपनिषद् के पंचम प्रपाठक के पहले खंड के पहले मन्त्र में कहा गया है :—

लेखक :

सुरेशचन्द्र वेदालंकार

ओ३म्। यो ह वै ज्येष्ठं च श्रेष्ठं च वेद ज्येष्ठश्च ह वै श्रेष्ठश्च भवति। प्राणोवान ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च। अर्थात् प्राण सब इन्द्रियों में 'ज्येष्ठ' अर्थात् सबसे बड़ा, और श्रेष्ठ अर्थात् सबसे उत्तम है—जो ज्येष्ठ तथा श्रेष्ठ को जानता है वह स्वयं भी ज्येष्ठ और श्रेष्ठ हो जाता है। छान्दोग्योपनिषद के पंचम अध्याय में ही प्राण की श्रेष्ठता सिद्ध करने को एक कथा दी है। एक बार प्राणों तथा इन्द्रियों में विवाद उठ खड़ा हुआ कि उनमें सर्व श्रेष्ठ कौन है? हर एक कहने लगा 'अहं श्रेयान् अहं श्रेयान्'—'मैं बड़ा हूं, मैं बड़ा हूं।'

वह प्राणि जगत् के पिता प्रजापति के पास गये, और बोले, भगवन! हम में कौन श्रेष्ठ है? प्रजापति ने ... दिया 'परिमन् उत्क्रान्ते शरीर पापिष्ठ तरमिव दृश्येत स व श्रेष्ठ इति' ... में से जिसके निकल जाने पर शरीर अत्यन्त घृणित दिखाई दे, वही ... श्रेष्ठ है।

पहले वाणी गई पर गूंगे ... बोले भी देखते सुनते और विचार ... हैं। नेत्र चले गए पर अंधे की ... जीवित रहा, श्रोत्र चले गए उसके ... भी काम न रुका। मन बाहर ... गया शरीर शिशुवत् जीवित ... अन्त में जब प्राण निकलने लगे ... उसने इन्द्रियों को इस तरह उखाड़ ... जैसे खूंटे से बंधा हुआ एक उत्तम ... दौड़ने लगे तो खूंटे को उखाड़ ... यह देखकर इन्द्रियां प्राण के ... आकर बोलीं 'भावन्नेधि त्वं न: ... ऽसि मोत्क्रमीरिति' भगवन तुम ... फलो, तुम्हीं हम सब में श्रेष्ठ ... यहां से मत जाओ। इस प्राण को ... षद में पिता त्वं मातरिश्वा ... जीवात्मा का पिता है—कहा ... जिस प्रकार सूर्य ब्रह्माण्ड में ... के सबको गर्मी तथा प्रकाश देता है ... प्रकार यह प्राण मनुष्य के ... सूर्यवत् सब कार्य करता है। ... बतलाता है जिन्होंने प्राण द्वारा ... विजय प्राप्त करने का यत्न किया ... सफल हुए। इसीलिए यह कहना ... प्राण मेरा राजा है और यह ...

सम्राट् चक्षु==आंख सम्राट् ... है। आंख के बिना मनुष्य का ... चल जाता है, परन्तु आंख ...

(शेष पृष्ठ ७ पर)

ओ३म्

'आर्य सन्देश'

परिवार में सब सुखी रहें !

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा ।
सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥ अथर्व ३. ३०. ३

भाई-भाई से वैर न करे । बहन-भाई आपस में वैर न करें । सब भाई एक समान कार्य करें । सबकी गति एक-सी हो । सब लोग मधुर-कल्याणपूर्ण बातें करें ।

जनगणना में हमारा दायित्व

पिछली एक शताब्दी से देश में जनगणना का कार्य व्यवस्थित रूप से चल रहा है । किसी भी प्रजातान्त्रिक राष्ट्र में मर्दुमशुमारी, सेन्सेस या जनगणना का बुनियादी महत्त्व होता है । प्रजातन्त्री व्यवस्था में चुनी हुई स्थानीय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय विधायक संस्थाएँ ही अपने प्रशासन की स्थापना करतीं है । इनके आधार पर ही विविध निर्वाचन मण्डलों एवं चुनाव क्षेत्रों का निर्धारण होता है और उन्हें ही बालिग मताधिकार के आधार पर अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है, फलतः किसी भी प्रजातन्त्रीय व्यवस्था में मतदाताओं के मत एवं सम्मति का विशेष महत्त्व होता है । देश, प्रदेशों और क्षेत्रों की जनसंख्या के अधिकार पर ही उन्हें कम या ज्यादह प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है । उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली आदि प्रदेशों एवं क्षेत्रों को अपनी जनसंख्या के आधार पर देश की केन्द्रीय एवं प्रादेशिक सभाओं में अपने प्रतिनिधि निर्वाचित करने का अधिकार है । इस सन्दर्भ में प्रति दश वर्षों में होने वाली जनगणना या मर्दुमशुमारी की विशेष महत्ता है । यदि हरियाणा या दिल्ली की बहुसंख्यक जनता अपने निजी वक्तव्यों से यह घोषित कर दे कि उनकी भाषा पंजाबी है तो प्रदेश के शासन, शिक्षा और भावी चुनाव प्रक्रियाओं में पंजाबी की स्थिति स्वतः सर्वोपरि हो सकती है । आज पंजाब में ४९% हिन्दी भाषाभाषियों की भाषा हिन्दी को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर नहीं है, प्रत्युत वहां ५१ या कुछ उससे अधिक प्र० श० पंजाबी बोलने वाले प्रशासको को शिक्षा एवं प्रशासन के क्षेत्र में अपने एकाधिकार को स्थापित करने का अधिकार मिल गया है ।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के मन्त्री एवं भू. पू. संसद सदस्य श्री ओमप्रकाश त्यागी की वह चेतावनी सामयिक है जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के श्री यज्ञ शर्मा के उस वक्तव्य को भ्रान्तिपूर्ण कहा है कि जिसमें पंजाबी भाइयों से वर्तमान जनगणना में अपनी मातृभाषा पंजाबी लिखने की प्रेरणा दी है । श्री त्यागी का यह कथन ठीक है कि भाषा और बोली में बड़ा अन्तर होता है । छत्तीसगढ़, मारवाड़ी, अवधी, ब्रज, मैथिली, राजस्थानी, बुंदेली, आदि अनेक बोलियां देश में प्रचलित हैं । हर दस मील पर बोली बदल जाती है, इसलिए बोली को भाषा का नाम देना कभी उचित नहीं कहा जा सकता है । पंजाबी बोली को भाषा का रूप भी विशुद्ध राजनीतिक उद्देश्य से दिया जा रहा है । यदि इन राजनीतिक नेताओं के चक्कर में आए हिन्दुओं ने अपनी भाषा हिन्दी के स्थान पर पंजाबी लिखा दी तो कुछ ही वर्षों में उनके बच्चे हिन्दी भाषा से अनभिज्ञ हो जायेंगे और इसका दुष्परिणाम यह होगा कि उनके बच्चे और उनके परिवार अपने धर्मग्रन्थ रामायण, महाभारत, वेद, उपनिषद और गीता आदि को भी नहीं पढ़ सकेंगे । भारत के धर्म, साहित्य, इतिहास और संस्कृति की मुख्य भाषा संस्कृत और हिन्दी है । ये भाषाएँ हमारे वांगमय संस्कृति और साहित्य की आत्मा है इनकी उपेक्षा करते ही हमारी सम्पूर्ण संस्कृति, साहित्य, धर्म और समाज आधारहीन हो जायेंगे ।

महर्षि दयानन्द ने ३१ दिसम्बर, १८८० के दिन आर्यसमाज मुल्तान के मन्त्री श्री दयाराम वर्मा को एक पत्र लिखकर जनगणना की खानापूरी करने के विषय में अपने दायित्व के प्रति ध्यान आकर्षित किया था । महर्षि ने परामर्श दिया था कि धर्म सम्प्रदाय आदि के खाने में हमें 'वैदिक' असल कौम 'आर्य' या जाति या फिर्के के खाने में ब्राह्मण-क्षत्रिय, वैश्य आदि लिखाना चाहिए । जिसका कोई गोत्र न हो, वह काश्यप या पाराशर लिखाए । ठीक एक शताब्दी के बाद अब ऋषि की संतान आर्यजनों के समक्ष इस वर्ष की जनगणना के अवसर पर अपनी जिम्मेदारी निबाहने की घड़ी आ गयी है । कई क्षेत्रों में गणक गणना का कार्य पूरा कर चुके हैं, कई जगह पहुंचने वाले हैं और इस मास के अन्त तक गणना का अन्तिम दौर आएगा, इसलिए प्रत्येक देशवासी को स्थिति की गम्भीरता समझ कर अपना दायित्व निबाहना चाहिए । जब भी कोई गणक आपके घर पहुंच कर आपके और आपके परिवार के बारे में जिज्ञासा करे तो आपसे हार्दिक अनुरोध है कि आप अपना धर्म आर्य। वैदिक (हिन्दू) लिखाएं । आप अपनी भाषा हिन्दी लिखाएं । आप दूसरी कौन-सी भाषा जानते हैं यह जिज्ञासा करने पर आप संस्कृत या उस भाषा का परिचय दें जिसे आप जानते हों । समय रहते आपको सतर्क एवं सावधान हो जाना चाहिए । इस जनगणना के आधार पर ही यह निर्णय होगा कि दिल्ली और पंजाब आदि में हिन्दी की क्या स्थिति है ? आपके निर्णय पर आपके प्रदेश की सरकारी और शिक्षा की भाषा का फैसला होगा । आपके निर्णय से स्थिति बन या बिगड़ सकती है । समय रहते आपको मतगणना के विषय में अपना दायित्व निबाहना चाहिए ।

नारी-जागरण के आठ दशक

पिछले दिनों कन्या गुरुकुल हाथरस का हीरक जयन्ती महोत्सव मनाया गया । १९वीं शताब्दी में आर्यसमाज की स्थापना से देश में राष्ट्रीय जागरण का एक युग प्रारम्भ हुआ था । राष्ट्र, समाज और जाति में नवचेतना का संचार लाने के लिए आर्यसमाज ने सामाजिक कुरीतियाँ भेदभाव, अस्पृश्यता, अशिक्षा आदि दूर करने के लिए जहाँ नानाविध उपायों का अवलम्बन किया, वहां उसने स्त्रीशिक्षा के क्षेत्र में भी क्रान्तिकारी परिवर्तन किया । एक शताब्दी पूर्व उत्तरी भारत में नारी जाति की स्थिति अत्यन्त शोचनीय थी । समाज एवं परिवार में नारी का नगण्य स्थान था । प्रारम्भ में ईसाई प्रचारकों ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से पदार्पण किया था । लगभग ९० वर्ष पूर्व जालन्धर में महात्मा मुंशीराम जी की बड़ी सुपुत्री वेदकुमारी ने एक दिन स्कूल से लौट कर घर में एक गाना सुनाया था -

इक बार ईसा-ईसा बोल, तेरा क्या लगेगा मोल ॥
ईसा मेरा राम-रसिया, ईसा मेरा कृष्ण-कन्हैया ॥

यह गीत सुनकर मुंशीराम जी व्यथित हो गए । उन्होंने लाला देवराज जी के सहयोग से कोट किशनचन्द्र, जालन्धरमें ११ अप्रैल १८८५ को आर्य कन्या पाठशाला की स्थापना की । कालान्तर में यही संस्था उत्तरी भारत में स्त्रीशिक्षा की शिरोमणि संस्था आर्य कन्या महाविद्यालय के रूप में परिवर्तित हो गई । बाद में तो कन्या गुरुकुल हाथरस और कन्या गुरुकुल देहरादून आदि कई संस्थाओं तथा उत्तरी भारत के छोटे-बड़े प्रत्येक नगर में आर्यकन्या एवं पुत्रीशालाओं के माध्यम से आर्यसमाज ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका प्रस्तुत की । इन आर्य कन्या शिक्षा संस्थाओं की महत्ता इस दृष्टि से बहुत अधिक है कि एक शताब्दी पूर्व तक पौराणिकों की धारणा थी कि स्त्रियों को यज्ञोपवीत धारण करने-कराने, वेद पढ़ने-पढ़ाने तथा ब्रह्मयज्ञादि वेदोक्त वैदिक शुभ कर्म करने-कराने का कोई अधिकार नहीं है । ऋषि दयानन्द ने स्त्री-शूद्रों को अधोगति के महागर्त से निकाल कर स्त्री-शूद्रों को द्विजों के समान यज्ञोपवीत और वेद पढ़ने का शास्त्र सम्मत अधिकार देते हुए वेद का यह उद्घोष किया था—

सुमंगली प्रतरणी गृहाणाम् ॥ अथर्व १४. २. २६
शुद्धाः पूता योषितो यज्ञिया इमाः ॥ अथर्व ११. १. १७

ये नारियाँ शुभ मँगलकारिणी गृहस्थों का परित्राण तथा कल्याण करने वाली हैं । वे शुद्ध, पवित्र और यज्ञादि समस्त शुभ कर्मों के योग्य एवं पूजा (सत्कार) की पात्र हैं ।

बीसवीं शताब्दी के अन्तिम दो दशकों के प्रारम्भ में भारतीय नारी पुरुष के समकक्ष है । शिक्षा, राजनीति, मताधिकार आदि क्षेत्रों में आज नारी उपेक्षित नहीं है, इतने पर भी अभी उसे समाज, परिवार और राष्ट्र में समय-समय पर सामाजिक बन्धनों, शोषणों एवं अत्याचारों का शिकार बनना पड़ता है । इस दिशा में आर्य स्त्री संस्थाएँ और आर्य विदुषी बहनें जन-जागरण एवं संगठन कर अभी बहुत कुछ कर सकती हैं ।

□

२८ फरवरी जिनकी पुण्य तिथि है—संस्मरण श्रद्धांजलि

आजीवन आर्यसमाज के प्रति अर्पित

निर्भय सम्पादक : म० कृष्ण

यद्यपि मेरे माता-पिता आर्यसमाजी विचारों के न होते हुए भी उदार धार्मिक विचारों के थे, पर मैं अपने नगर वजीराबाद, जि० गुजरावाला (अब पश्चिम पाकिस्तान में) आर्यकुमार सभा की उपज हूं। छात्र काल में और उसके बाद भी जीवन के अंतिम क्षण तक, सम्पादक और पत्रकार के रूप में, देश के विभिन्न अनुकूल-प्रतिकूल आन्दोलनों का प्रेक्षक, समालोचक और उनकी तह तक उधेड़बुन करते हुए भी, मैंने अपनी विविध सार्वजनिक प्रवृत्तियों की परिधि आर्यसमाज के क्षेत्र से बाहर कभी नहीं बनाई। आर्यसमाज के अतिरिक्त अन्य किसी संस्था का सदस्य नहीं, यद्यपि, मेरे सम्मुख अनेक आकर्षक, बिन मांगे, सहज और अनायास स्वर्ण अवसर आए, जबकि मेरे कई आर्य बन्धु और सहयोगी, लोकेषणावश, इस प्रवाह में सहज ही बह गये। मेरा दृढ़ विश्वास है, मेरे अन्तिम श्वास भी, ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज के प्रति एक तुच्छ सेवक के रूप में पूर्णतः समर्पित के रूप में ही निकलेंगे—ये शब्द हैं जो लगभग पौन सदी तक दृढ़ आस्तिक आर्य के जीवन के साथ आर्य समाज के विभिन्न रूपों में अहर्निश सेवक,—उत्कृष्ट संगठक कर्त्तव्यनिष्ठ मूर्धन्य नेता, लौह लेखनी के जादूगर, प्रभावी वक्ता, सुयोग्य तार्किक और विचारक, मित्रधर्म पालक, उदार, संकटग्रस्तों के सहायक, सदा निर्भय इत्यादि गुणविशिष्ट महाशय कृष्ण ने चांदनी चौक दिल्ली के गाँधी मैदान में ५० के दशक में आर्यसमाज दीवानहाल में वार्षिक उत्सव में हजारों की संख्या में उपस्थित आर्य नर-नारियों के सभा में कहे। यह लेखक भी उस समय वहां उपस्थित था।

आर्य प्रतिनिधि सभा विशाल रूप में : महाशयजी का प्रभावी व्यक्तित्व

एक समय था जब आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब, स्वतन्त्रता प्राप्ति के कई वर्ष बाद तक भी (हरियाणा, पंजाब के अन्तर्गत ही था) दिल्ली, उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त, सिन्ध, बिलोचिस्तान, जम्मू काश्मीर सहित—का कार्यालय एक मेज कुर्सी, एक लेखक समेत एक छोटे कमरे तक ही सीमित था। ला० केदारनाथ थापर (हाल ही स्वर्गीय स्वामी ब्रह्मानंद जी आदित्य ब्रह्मचारी के पिता और गुरु कांगड़ी के प्रारम्भिक तीसरे दल के स्नातक) मन्त्री और कुछ थोड़े ही उपदेशक-प्रचारक इसके अन्तर्गत थे। म० कृष्ण पहले उपमन्त्री कुछ समय बाद मन्त्री चुने गये। १९४३ में जब इस प्रतिनिधि सभा की स्वर्ण जयन्ती लाहौर में मनाई गई, तब यह नन्हीं संस्था वट वृक्ष के सदृश विशालकाय, चतुर्दिक व्यापक, देश की धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं में गौरव। स्पद पद प्राप्त कर चुकी थी, विशाल मैदान, क्रीड़ा क्षेत्र, लगभग आधी दर्जन संस्थाओं को समेटे लाखों की सम्पति वाला सुदृढ़, निर्मित शानदार, दोमँजिला गुरुदत्त भवन-सभा का मुख्य कार्यालय, उपदेशक विद्यालय, बृहत् वैदिक पुस्तकालय, वाचनालय सहित, शुद्धि सभा, दलितोद्धार सभा इत्यादि संस्थाओं के अतिरिक्त कार्यालय में लगभग ५० वैतनिक कर्मचारी, १०० से अधिक उपदेशक प्रचारक, हजारों आर्यसमाजें, उनके अन्तर्गत अनेक संस्थाएं, दर्जनों गुरुकुल, सैंकड़ों स्कूल, कालेज, कन्या पाठशालाएं आयुर्वेदिक औषधालय, अस्पताल-यह विराट् आकार उजागर हो गया आर्य प्रतिनिधि सभा का जब इसकी बागडोर, बीच में कुछ व्यवधान के साथ, स्वतन्त्र... काल तक महाशय जी के हाथ में ... निःसन्देह इसका एक मात्र श्रेय के... महाशय जी को नहीं किन्तु समस्त ... जनता और हिन्दू मात्र को है। ... समय स्थिति यह थी कि देश में ... भी कहीं कोई प्रबल दैवीय संकट आ... तब आर्य प्रतिनिधि सभा, पंजाब, ...

आचार्य दीनानाथ सिद्धान्तालं...

कार्यकर्त्ता सेवा के लिए सबसे ... पहुंचते, जैसे. विहार का भूकम्प, ... का भूकम्प, उड़ीसा और हैदराबाद ... बाढ़ें, राजस्थान का अकाल, को... रावल पिंडी, मुल्तान, सहारनपुर, ... जहांपुर, कानपुर, कलकत्ता इ... साम्प्रदायिक दंगे, नोआख... (बंगाल), मलाबार (केरल) इ... स्थानों पर हिन्दुओं पर नृशंस अत्या... इत्यादि। महाशय जी ने अपने ... दैनिक प्रताप और साप्ताहिक प्रका... विदेशी सरकार की मुस्लिम पक्षीय... हिन्दू विरोधी नीति की पृष्ठभूमि में ... सँगठन की आवश्यकता पर कई स... तक प्रकाशित लेखमाला के फल... उत्तर भारत-विशेषतः पंजाब, उत्तर ... के पश्चिमी जिलों दिल्ली सीमा प्र... सिन्ध इत्यादि प्रान्तों में ठोस का... रूप में हलचल मच गई।

(शेष अगले अं...)

सामाजिक जगत्

ताड़ी खेत में योग-साधना शिविर

आर्य समाज ताड़ीखेत (अलमोड़ा) में ८ से १४ जुलाई तक स्वामी ओमानन्द सरस्वती योगाचार्य के शिष्य डा० ज्ञानप्रकाश शास्त्री कच्चाहारी एम० बी० बी० एस० के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। सभी साधकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

माधवानन्द मैनाली
मंत्री आर्य समाज ताड़ीखेत

ग्रीष्म कालिक-साधना-शिविर

वेद संस्थान नई दिल्ली के तत्त्वावधान में ग्रीष्म कालिक साधना शिविर ७ से १३ जुलाई तक संस्थान में मनाया गया, जो महात्मा दयानन्द जी (तपोवन देहरादून) के ब्रह्मत्वमें स्वस्तियाग यज्ञ से प्रारम्भ हो कर १३ जुलाई को पूर्णाहुति तथा ऋषि लंगर के साथ समाप्त हुआ।

शिविर में श्री स्वामी दयानन्द 'विदेह' जी द्वारा प्रतिदिन प्रातः योग विषय पर वेदोपदेश, ध्यान एवं योग प्रशिक्षण संचालन हुआ। डॉ० श्री अभयदेव शर्मा संस्थानाध्यक्ष श्री डॉ० फतहसिंह जी एम० ए० डी० लिट् द्वारा वेद व योग दर्शन पर प्रवचन श्री डॉ० रामाश्रय जी द्वारा धर्मशास्त्र पर मार्मिक ६ प्रवचन, हरवंशलाल जी 'वेद मनीषी' द्वारा भजन व वेदोपदेश।

हरकृष्णलाल मंत्री

आर्य यात्रा कश्मीर

आर्य परिवारों के आग्रह पर १७ सितम्बर से २८ सितम्बर तक बसों से कश्मीर यात्रा का कार्यक्रम तैयार किया गया है। १७ सितम्बर को सायं ४ बजे दिल्ली से रवाना होंगे और २८ सितम्बर की रात्रि को दिल्ली वापिस लौटेंगे। कश्मीर में गुलमार्ग, पहलगाम, कुक्कड़नाग और अनन्तनाग आदि अधिकांश प्रसिद्ध स्थानों की यात्रा इसमें शामिल है। ३६५ रु० देकर प्रत्येक यात्री अपनी सीट रिजर्व करवा सकता है।

रामचन्द्र आर्य, प्रबन्धक
४६६ भीमनगर, गुड़गांवा, फोन नं० ६१५१६५

नालन्दा जिला आर्य सभा

नालन्दा जिला आर्यसमाज हिलसा, जिला नालन्दा (बिहार) की अन्तरंग सभा की बैठक १३ जुलाई को हुई जिसमें जिले भर में आर्य समाज के प्रचार को गति देने के उपायों पर विचार किया गया।

देवेन्द्रकुमार शशिकार मंत्री

--आर्यवीर दल दिल्ली प्रदेश समिति की बैठक २७ जुलाई को सायं ६ बजे आर्य समाज राजेन्द्रनगर में होगी। जगदेव मंत्री

— गुरुकुल प्रभात आश्रम, भोलाझाल, मेरठ का वार्षिक निर्वाचन इस प्रकार हुआ : प्रधान- -श्री मनोहरलाल, उपप्रधान- -श्रीमती शकुन्तला गोयल, मंत्री—श्री इन्द्रराज, उपमंत्री--श्री नन्दलाल पाहवा, कोषाध्यक्ष-श्री शान्तिप्रकाश मित्थल, निरीक्षक--श्री रामशरणलाल।

—मंत्री इन्द्रराज

दोषियों को कठोर दण्ड देने की मांग

वेद प्रचारिणी सभा की बैठक होशियारपुर में डा० वीरेन्द्र सभा प्रधान की अध्यक्षता में हुई जिसमें निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए—

(१) महिलाओं पर वासनात्मक आक्रमण तथा बलात्कार के अपराधियों को कठोरतम दण्ड देने की व्यवस्था की जाए तथा सामाजिक वातावरण में परिवर्तन लाने के लिए सरकार शिक्षा की ऐसी व्यवस्था करें कि लोगों में सदाचार के पालन की भावना दृढ़ बने।

(२) मिडिल स्तर से आगे सह शिक्षा को समाप्त किया जाये।

(३) सिनेमा में कामुकता-वर्धक चित्रों के प्रदर्शन पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। अश्लील साहित्य एवं विज्ञापन के प्रकाशन एवं विक्रय पर रोक लगाई जावे।

(४) त्रिपुरा में हुए नर संहार के दोषी व्यक्तियों को तुरन्त दण्ड दिया जाये और अल्पसंख्यक हिन्दुओं के जान माल की सुरक्षा का उचित प्रबन्ध किया जाये।

कुन्दनलाल शर्मा
मन्त्री वेद प्रचारिणी सभा
होशियारपुर

फिरोजपुर में आर्य वीर दल का प्रशिक्षण शिविर

आर्य अनाथालय फिरोजपुर छावनी में आर्य वीर दल का शिक्षण शिविर दि० ६ जुलाई से प्रारम्भ हो चुका है। इसमें पंजाब के अतिरिक्त जम्मू से भी आर्य वीर सम्मिलित हुए हैं।

शिविर का संचालन श्री ब्रह्मचारी आर्य नरेश, व्यायामाचार्य श्री देवव्रत श्री स्वामी प्रकाशानन्द, श्री रामचन्द्र आर्य, श्री जगदीशचन्द्र बसु, एवं श्री जितेन्द्र संचालक आर्य वीर दल पंजाब, पधारे हुए हैं। प्रबन्ध व्यवस्था आश्रम की ओर से है। सभी आर्य वीर बड़े उत्साह से सभी कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

—आर्य युवक परिषद् दिल्ली प्रदेश का वार्षिक निर्वाचन : (१) अध्यक्ष—ब्रह्मचारी राजसिंह आय (२) उपाध्यक्ष—ब्रह्मचारी जगदीश चन्द्र आर्य (३) महामंत्री ३ अनिलकुमार आर्य (४) कोषाध्यक्ष—प्रवीणकुमार आर्य (५) पुस्तकाध्यक्ष—चन्द्रमोहन आर्य (६) कार्यालय मन्त्री —अखिल कुमार

अनिल आर्य महामन्त्री

—आर्य समाज गुरु तेग बहादुर नगर (किंग्जवे) का वार्षिक चुनाव इस प्रकार हुआ : प्रधान—श्री देव राज तनेजा, उप-प्रधान—श्री राज कुमार भाटिया एडवोकेट, उपप्रधान—श्रीमती सुशीला सूद, मन्त्री—श्री प्रताप शंकर आर्य, प्रधान मंत्री—श्री राजेन्द्र दुर्गा, मन्त्राणी—श्रीमती शारदा मलिक।

वयोवृद्ध पुरोहित श्री मेहर चन्द जी का निधन

समाज के वयोवृद्ध पुरोहित श्री मेहर चन्द जी आर्य समाज राम गली हरी नगर घण्टाघर नई दिल्ली-६४ का १६ जून को रात्री के ६ बजे ८० वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने ६० वर्ष तक भजनोपदेशक के रूप में देश भर में घूम-घूम कर वैदिक धर्म का प्रचार किया और अब तीन वर्ष से इस समाज में पुरोहित का कार्य सुचारु रूप से कर रहे थे।

आर्य समाज में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को शान्ति की कामना कर श्रद्धाञ्जलि अर्पित की गई तथा उनकी धर्म पत्नी को हर प्रकार की सहायता देने का आश्वासन दिया गया।

आनन्द प्रकाश
मंत्री WZ-४१० C/१ हरी नगर घण्टाघर
नई दिल्ली-६४

गुड़गांवा में आर्यवीर दल का शिविर

आर्यवीर दल गुड़गांव द्वारा आयोजित अष्टदिवसीय बौद्धिक शिक्षण शिविर २९ जून को सम्पन्न हुआ। ७० आर्यवीरों ने शिविर में भाग लिया। आर्यवीरों को व्यायाम, प्राणायाम, योगासन, आत्मरक्षा हेतु लाठी आदि सिखाई गई। चरित्र निर्माण हेतु उच्चकोटि के विद्वानों ने अपने ओजस्वी प्रवचनों द्वारा मार्ग दर्शन किया। मुख्य शिक्षक के रूप में श्री वेदप्रकाश की मुख्य भूमिका रही। उन्होंने आर्यवीरों को मांस-अंडा, बीड़ी सिग्रेट, शराब, मूर्तिपूजा आदि बुराईयों को समूल नष्ट करने हेतु अपने सरल एवं प्रेरक प्रवचनों तथा कथाओं द्वारा प्रेरित किया। सर्व श्री शिवकुमार शास्त्री भू० पूर्व संसद सदस्य, ठा० विक्रमसिंह एवं प्रो० उत्तम चन्द 'शरर' आदि ने अपने प्रवचनों द्वारा इस प्रकार के शिविर अयोजन को जड़ में पानी देने की संज्ञा दी। प्रो० उत्तमचन्द 'शरर' की अपील पर आर्यवीर दल, गुड़गांव की ओर से आगामी वर्ष के प्रारम्भ में आर्यवीर महासम्मेलन करने की घोषणा की गई। शिविर के कुशल संचालन हेतु सर्व श्री रामचंद्र आर्य, ओमप्रकाश आर्य, सोमदत्त (संयोजक) एवं बलदेव राज शास्त्री (शिविराध्यक्ष) का योगदान अपूर्व रहा।

सोमदत्त
संयोजक आर्यवीर दल, गुड़गांव

श्री चानन लाल आहूजा का स्वर्गवास

प्रसिद्ध उद्योगपति और दानी श्री चानन लाल आहूजा फाजिलका वाले ८६ वर्ष की आयु में ६ जुलाई रविवार को अपनी पुत्री श्रीमती विमला जी के घर चण्डीगढ़ में अपनी तीन पुत्रियों और परिवार को छोड़ कर भगवान् के प्यारे हो गये। जीवन भर तन-मन-धन, लेखनी और वाणी से वैदिक धर्म के प्रचार में लगे रहे। फाजिलका में शिक्षा संस्थाएं, औषधालय आदि उनके दान से चल रहे हैं। छोटी-बड़ी ५६ के लगभग पुस्तकें उन्होंने लिखीं और मुफ्त बांटते रहे। अन्त्येष्टि संस्कार पूर्ण वैदिक रीति से सम्पन्न हुआ।

—आशु राम आर्य
१५९४/७ सी चण्डीगढ़

वैवाहिक विज्ञापन

२३ वर्षीय, वैश्य, बीसा अग्रवाल, गोयल, स्वस्थ, सुन्दर, एम० ए०, (संस्कृत पूर्ण व हिन्दी अन्तिम वर्ष) ३५५ से० मी०, ४५ कि० ग्रा०, कन्या हेतु सुस्थापित वर चाहिए। साहित्यिक पारिवारिक पृष्ठभूमि वालों को प्राथमिकता। दहेज व जाति-बन्धन नहीं। विवाह अच्छा व शीघ्र। पत्र व्यवहार का पता—

—नर नारायण स्वरूप गोयल
"पुष्पक" पत्रकार
अध्यक्ष दहेज विरोधी समिति
बागपत—२५०६०९ (उ० प्र०)

---

२३ वर्षीय, कर्ण कायस्थ, स्वस्थ, सुन्दर, बी० काम० आनर्स (उत्प्रेषित छात्र) ५ फुट ३ इंच, युवक के लिये स्वस्थ, सुन्दर, सुशिक्षित एवं गृह-कार्य में कुशल जीवन-संगिनी चाहिए। दहेज व जाति-बन्धन नहीं।

पत्र व्यवहार का पता—

वैद्यनाथ लाभ पुस्तकाध्यक्ष
विवेकानन्द पुस्तकालय एवं कला केन्द्र
कन्होली, झंझारपुर जि०—
मधुवनी (विहार)
पिन कोड—८४६४०४

---

२६ वर्षीय, ५ फुट १० इंच, सुन्दर स्वस्थ एस० एस-सी, डी० फा... व्यवसाय-रत, सूद नव युवक के लिए सुन्दर ... चाहिए। बी० आई० एम० एस० ... (नर्स) को वरीयता। दहेज या जा... नहीं। परिवार सुशिक्षित—मांस-मदिरा-तम्बाकू का सेवन नहीं।

पत्र व्यवहार का पता—

—विद्यानिधि आयुर्वेदालंकार
पो० रामसिंह पुर,
जिला गंगा नगर (राज०)

श्री महर्षि दयानन्द स्मारक ट्रस्ट टंकारा सहायक समिति दिल्ली—।

प्राप्त दान सूचि

१. श्री धर्मपाल जी, अमृतसर—२५ रु० २. श्री सुरिन्दर प्रसाद सोनी, तरन तारन—२१ रु० ३. श्री हीरानन्द सहगल, अमृतसर—५० रु० ४. श्री भोलानाथ दिलावरी, अमृतसर—२० रु० ५. श्री सेठां दी हट्टी, पुतलीघर—११ रु० ६. श्री श्री रामप्रकाश मेहता, पुतलीघर, अमृतसर—२१ रु० ७. श्री सुदर्शन कुमार बंसल, तरनतारन—२१ रु० ८. श्री मुन्शीराम अरूड़ चन्द मेहता, पुतलीघर, अमृतसर—१० रु० ९. श्री बलदेव सहारा, आई० टी० ओ० अमृतसर—५० रु० १०. श्री मास्टर सुखदेव कटरा भाई सन्त सिंघ, अमृतसर—५ रु० ११. श्री कश्मीरीलाल, आर्य समाज शक्तिनगर, अमृतसर—५. रु० १२. श्री सत्यपाल खांडवाले, शक्तिनगर, अमृतसर—५ रु० १३. श्री शान्तिस्वरूप, शक्तिनगर, अमृतसर—५. रु० १४. श्री बलवन्तसिंह अमृतसर—५ रु० १५. श्री राजकुमार भल्ला, अमृतसर—५ रु० १६. श्री जियालाल मल्होत्रा, चण्डीगढ़—११ रु० १७. श्री मनोहरलाल धौन चण्डीगढ़—२१ रु० १८. आर्य समाज माडलटाउन अमृतसर द्वारा—६३ रु० १९. श्री केदारनाथ उरहंटा, अमृतसर—११ रु० २०. मैसर्स नारायण घी, अमृतसर—५ रु० २१. श्री जगदीश, प्रधान, आ०स० शक्तिनगर अमृतसर—२१ रु० २२. श्री सुभाष चन्द भल्ला, छेहरटा, अमृतसर—२० रु० २३. श्री शेरीलाल आ० स० शक्तिनगर, अमृतसर—५ रु० २४. श्री चुन्नीलाल अमृतसर—५ रु० २५. श्री बूटीराम बाव अमृतसर—५ रु०।

मुद्रक :—प्रकाशक श्री रामनाथ सहगल सभा मंत्री ...

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
विश्व के आर्यों को एक सूत्र में पिरोना हमारा उद्देश्य है

ओ३म्

आर्य जगत्

